RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 124
लखनऊ, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



विश्व व्यापार के नियमों के साथ खिलवाड़ किया गया
राष्ट्रीय-10

www.dailypioneer.com

# मंदिर टैक्स पर भड़का गुस्सा

## भाजपा ने कर्नाटक सरकार पर मंदिर के पैसों से खाली खजाना भरने का लगाया आरोप

एजेंसी। बेंगुलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री ने राज्य में मंदिरों कर लगा दिया है। वहीं भाजपा ने हिंदू पूजा स्थलों को कांग्रेस द्वारा आसान निशाना बनाए जाने के मुद्दे पर विधेयक पर आपत्ति जताई है। कांग्रेस सरकार की तरफ से विधानसभा में पेश किया गया कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती बिल 2024 पास हो गया है। अब कर्नाटक सरकार मंदिरों से टैक्स वसूल कर सकेगी। बिल के अनुसार यदि किसी मंदिर की आय 1 करोड़ रुपए है, तो उसे 10 फीसदी और यदि मंदिर की आय 1 करोड़ से कम और 10 लाख से अधिक है तो उसे 5 फीसदी टैक्स सरकार को देना होगा। कर्नाटक सरकार के कदम से विपक्षी भाजपा नाराज हो गई है, जिसने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर मंदिरों के पैसे से अपना 'खाली खजाना' भरने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।



विभिन्न वर्गों के कल्याण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाए गए कदम का बचाव करते हुए, कांग्रेस ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर बाजी पलटने की कोशिश करते हुए कहा कि भगवा पार्टी ने उच्च आय वाले हिंदू मंदिरों से धन मांगने के लिए 2011 में एक संशोधन किया था। कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 21 फरवरी को राज्य विधानसभा में पारित किया गया था। विधेयक के संबंध में सरकार ने कहा कि सामान्य पूल फंड की राशि बढ़ाना, अधिसूचित संस्थानों की प्रबंधन समिति में विश्व हिंदू मंदिर वास्तुकला और मूर्तिकला में कुशल व्यक्ति को शामिल करना और तीर्थस्थलों के सुधार के लिए जिला और राज्य स्तरीय समितियां बनाना आवश्यक है। परिवहन और हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती रामलिंगा रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा कि यह प्रावधान नया नहीं है बल्कि 2003 से अस्तित्व में है। उन्होंने यह भी कहा कि उच्च आय वर्ग के मंदिरों से धन इकट्ठा करने के लिए 2011 में तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा एक संशोधन लाया गया था। उन्होंने बताया कि कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम 1997 1 मई 2003 को लागू हुआ और उक्त अधिनियम की धारा 17 के तहत कॉमन पूल फंड के लिए प्रावधान किए गए।

रेड्डी ने कहा, तीर्थयात्रियों के लाभ के लिए मंदिर प्रबंधन में सुधार के लिए एक समिति, राज्य धर्मिका परिषद, कॉमन पूल का उपयोग करने के लिए अधिकृत है। उनके अनुसार, कर्नाटक में 3,000 सी-ग्रेड मंदिर थे, जिनकी वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम थी, जहाँ से धर्मिका परिषद को कोई पैसा नहीं मिलता था। 5 लाख रुपये से 25 लाख रुपये के बीच आय वाले मंदिरों को बी-ग्रेड मंदिरों के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जहां से सकल आय का 5 प्रतिशत 2003 से समिति को जा रहा था। धर्मिका परिषद को 2003 से उन मंदिरों से 10 प्रतिशत राजस्व मिल रहा था जिनकी वार्षिक सकल आय 25 लाख रुपये से अधिक थी। रेड्डी ने कहा, 'अब हमने जो किया है वह यह है कि यदि आय 10 लाख रुपये तक है तो हमने इसे धर्मिका परिषद को भुगतान करने से मुक्त कर दिया है। हमने उन मंदिरों से पांच फीसदी लेने का प्रावधान बनाया जिनकी आय एक करोड़ से कम और 10 लाख से ज्यादा हो। 10 प्रतिशत उन मंदिरों से एकत्र किया जाएगा जिनकी आय 1 करोड़ रुपये से अधिक है। यह सारी राशि धर्मिका परिषद तक पहुंच जाएगी।' मंत्री ने कहा कि राज्य में 40,000 से 50,000 पुजारी हैं जिनकी राज्य सरकार मदद करना चाहती है। उन्होंने कहा, 'अगर पैसा धर्मिका परिषद तक पहुंचता है तो हम उन्हें बीमा कवर प्रदान कर सकते हैं। हम चाहते हैं कि अगर उनके साथ कुछ होता है तो उनके परिवारों को कम से कम 5 लाख रुपये मिलें। प्रीमियम का भुगतान करने के लिए हमें 7 करोड़ से 8 करोड़ रुपये (सालाना) चाहिए।' मंत्री ने कहा कि सरकार मंदिर के पुजारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करना चाहती है, जिसके लिए प्रति वर्ष 5-6 करोड़ रुपये और सी समूह के पुजारियों और मंदिर के कर्मचारियों के लिए आवास (शेष पेज 9)

# बंगाल में अब भी धधक रही आग

## शाहजहां शेख का कुछ पता नहीं

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

**राष्ट्रीय अनुसूचित** जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की टीम बृहस्पतिवार की सुबह पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना स्थित संदेशखाली पहुंची। टीम को इस दौरान स्थानीय लोगों से जबरन जमीन पर कब्जा करने और उत्पीड़न की कुल 23 शिकायतें मिली है। इसी दौरान यहां पर एक बार फिर लोगों में गुस्से की आग भड़क उठी। संदेशखाली से सटे बरमाजुर इलाके के झुपखाली गांव की सैकड़ों महिलाएं लाठियों और हथियारों से लैस होकर शेख शाहजहां के भाई शेख सिराज की संपत्तियों पर हमला कर आग लगा दी। इनका आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता तथा जमीनों पर कब्जा करने और छेड़छाड़ के मुख्य आरोपियों में से एक शेख शाहजहां ने की उनकी हजारों बीघा जमीन जबरन हड़प ली। यह घटना राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार के जाने के कुछ घंटे बाद हुई। एनसीएसटी टीम का नेतृत्व इसके उपाध्यक्ष अनंत नायक ने किया। उन्होंने कहा, 'मैंने जो कुछ भी देखा और सुना है उससे मुझे रोना आ रहा है। लोकतांत्रिक देश में ऐसा नहीं होना चाहिए। मैंने ग्रामीणों से बात की और उन्होंने (संदेशखाली निवासियों) राजनीतिक नेता का उल्लेख किया है। हम इसे अपनी रिपोर्ट में शामिल करेंगे। हमें 23 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को रिपोर्ट सौंपने से पहले नायक ने कहा कि टीम के निष्कर्षों की तुलना जमीनी स्तर से की जाएगी।



संदेशखालीमें टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर के बाहर सुरक्षाकर्मी

एक महिला ने मेहमान टीम के सदस्यों को अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि कैसे उसकी बेटी के लापता होने की शिकायत अब तक दर्ज नहीं हो सकी है। वह सात साल पहले लापता हुई थी। उसने कहा, जब हम संदेशखाली पुलिस स्टेशन शिकायत लेकर गए तो उन्होंने हमसे शेख शाहजहां से लिखित सिफारिश लेकर आने को कहा। एक अन्य महिला ने कहा कि कैसे उनकी जमीन पर कब्जा कर उसे तृणमूल कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में तब्दील कर दिया गया। यह सिर्फ इसलिए किया गया कि क्योंकि वह माकपा कार्यकर्ता है। बारासात रेंज के डीआइजी भाष्कर मुखर्जी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल इलाके में पहुंचा और स्थानीय लोगों से बातचीत की। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है और लोगों को उनके मुद्दों के समाधान का आश्वासन दिया।

एनसीएसटी का यह दौरा राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्यों के दौरे के कुछ दिनों बाद हो रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने क्षेत्र में जारी हिंसा तथा मानवाधिकार उल्लंघन के संबंध में बुधवार को राज्य सरकार और पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी किया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, एनएचआरसी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली में मानवाधिकार उल्लंघन (शेष पेज 9)

## सीबीआई ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीआई ने 2,200 करोड़ रुपए की लागत वाली किरू पनबिजली परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों और 29 अन्य स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने दिल्ली और मुंबई के अलावा श्रीनगर, गुरुग्राम, जम्मू, बागपत, नोएडा, पटना, जयपुर, जोधपुर, बाड़मेर, नागपुर और चंडीगढ़ सहित कुल 30 स्थानों पर सुबह के समय कार्वाई शुरू की जिसमें लगभग 100 अधिकारी शामिल हुए। सीबीआई के प्रवक्ता ने यहां जारी एक बयान में कहा, तलाशी के दौरान भारी नकदी जमा, सावधि जमा में निवेश, विभिन्न शहरों में संपत्तियों में निवेश, डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य आदि के सबूत बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली के आर के पुरम, द्वारका और एशियन गेम्स विलेज के अलावा गुरुग्राम और बागपत में मलिक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि मलिक के कथित सहयोगियों, चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के अधिकारियों के परिसरों पर छापेमारी की गई। मलिक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं पिछले तीन-चार दिन से बीमार हूं और अस्पताल में भर्ती हूं। इसके बावजूद सरकारी एजेंसियों के माध्यम से तानाशाह मेरे आवास पर छापे मार रहे हैं। मेरे ड्राइवर और मेरे सहायक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे जा रहे हैं और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। मैं किसान का बेटा हूं, इन छापों से नहीं डरूंगा। मैं किसानों के साथ हूं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के बारे में उन्होंने शिकायत की थी और जो भ्रष्टाचार में शामिल थे, उनकी जांच करने के बजाय सीबीआई ने उनके आवास पर छापा मारा।

# नकारात्मकता की राजनीति करता है विपक्ष : प्रधानमंत्री मोदी

पायनियर समाचार सेवा। नवसारी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अपनी जाति के बारे में की गई टिप्पणियों को लेकर बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी दल के पास उन्हें गाली देने के अलावा कोई एजेंडा नहीं है। मोदी ने कहा कि लेकिन कांग्रेस का यह रवैया आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए 400 से अधिक सीट जीतने के संकल्प को और मजबूत करेगा। मोदी ने कहा कि दशकों तक देश पर शासन करने के बावजूद कांग्रेस ने इसकी समृद्ध विरासत को नजरअंदाज किया है जबकि दूसरी ओर, केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार देश के विकास और अपनी विरासत को संरक्षित करने पर बराबर ध्यान दे रही है। मोदी का यह बयान अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के ठीक एक



महीने बाद आया है। प्रधानमंत्री ने दक्षिण गुजरात के नवसारी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आपने देखा कि कैसे कांग्रेस के लोग मोदी की जाति को गाली देते हैं। लेकिन, कांग्रेस के लोग यह भूल जाते हैं कि वे जितनी अधिक गालियां देंगे, आगामी चुनाव में लोकसभा की 400 से अधिक सीट जीतने का हमारा संकल्प उतना ही मजबूत होगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में ओडिशा में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) परिवार में पैदा नहीं हुए हैं और वह सामान्य वर्ग से हैं। मोदी ने देश की सबसे पुरानी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के पास देश के लिए कोई एजेंडा नहीं है और उसका एकमात्र लक्ष्य उन्हें गाली देना है। उन्होंने भाजपा के अपने दम पर 370 लोकसभा सीट जीतने के लक्ष्य का जिक्र करते हुए कहा, वे जितना अधिक कीचड़ उछालेंगे, उतने ही शानदार ढंग से 370 कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलेंगे। मोदी को गाली देने के अलावा कांग्रेस के पास देश के भविष्य के लिए कोई दूसरा एजेंडा नहीं है। मोदी ने इस महीने की शुरुआत में संसद में एक बयान में विश्वास जताया था कि आगामी लोकसभा चुनाव में कुल 543 में से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (शेष पेज 9)

# आप, कांग्रेस का दिल्ली में समझौता, पंजाब अभी बाकी

राजेश कुमार। नई दिल्ली

**कांग्रेस** और समाजवादी पार्टी द्वारा लोकसभा के लिए अपनी सीटें साझा करने के एक दिन बाद माना जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के एक अन्य घटक आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है और औपचारिक घोषणा कभी भी की जा सकती है। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस और आप सात लोकसभा सीटों पर सहमत हो गए हैं, जिसमें आप 4 पर और कांग्रेस 3 पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस ने भी आप को हरियाणा में एक और गुजरात में दो सीटें देने का फैसला किया है, जबकि हरियाणा की सीट या तो गुरुग्राम या फ़रीदाबाद होने की संभावना है, गुजरात में भरूच और भावनगर शामिल हैं। आप के सूत्रों ने कहा कि आप दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली और नई दिल्ली सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि कांग्रेस चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह घटनाक्रम उत्तर प्रदेश में कांग्रेस द्वारा अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के साथ समझौते के एक दिन बाद आया है। इससे पहले, आप ने कांग्रेस पार्टी को सात लोकसभा सीटों में से सिर्फ एक सीट 'गठबंधन के धर्म' को ध्यान में रखते हुए योग्यता के आधार पर चुनाव की पेशकश की थी।

आप सांसद संदीप पाठक ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था, कांग्रेस पार्टी दिल्ली में एक भी सीट की हकदार नहीं है, लेकिन गठबंधन के धर्म पर ध्यान दें, हम उन्हें दिल्ली में एक सीट की पेशकश कर रहे हैं। हम एक सीट पर कांग्रेस पार्टी और छह सीटों पर आप को प्रस्ताव देते हैं। राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात लोकसभा सीटें वर्तमान में भाजपा के पास हैं। भरूच सीट से पार्टी के पूर्व वरिष्ठ नेता अहमद पटेल के बेटे और बेटी दावेदार थे। कांग्रेस भी राष्ट्रीय राजधानी में कम से कम एक दलित चेहरे को मैदान में उतारने की योजना बना रही है। पार्टी की ओर से एक सामान्य वर्ग का चेहरा और एक महिला उम्मीदवार भी मैदान में उतारा जाएगा। इस बीच, आप कांग्रेस के लिए अपना दक्षिण गोवा निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देगी। कांग्रेस-आप का दिल्ली गठबंधन पंजाब में गतिरोध तोड़ने में मदद करेगा या नहीं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। पंजाब में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन हमेशा मुश्किल रहा है, क्योंकि वे अब तक राज्य में मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं, हालांकि चंडीगढ़ (शेष पेज 9)

# 177 सोशल मीडिया एकाउंट पर सरकार ने लगाई रोक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े 177 सोशल मीडिया खातों और उनके पोस्ट के खिलाफ तत्काल खातों पर रोक लगाने के आदेशों को अंतिम रूप देने के एक दिन बाद, सोशल मीडिया कंपनी एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने बृहस्पतिवार को इन कार्रवाई पर असहमति जताते हुए कहा कि यह अभिव्यक्ति स्वतंत्रता के खिलाफ है। लेकिन भारत में इन खातों और पोस्टों को रोक दिया जाएगा। एक्स के मालिक और अरबपति एलन मस्क ने कहा है कि उन्हें भारत सरकार से कुछ खातों और लिंक को ब्लॉक करने के आदेश मिले हैं, ऐसा न करने पर प्लेटफ़ॉर्म और उसके कर्मचारियों को महत्वपूर्ण जुर्माना और कारावास सहित संभावित दंड का सामना करना पड़ सकता है। इस कार्रवाई से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और भारत सरकार के बीच तनाव बढ़ गया है, इससे पहले केंद्र ने 2022 में एक्स के सामग्री पर रोक लगाने पर एक्स ने मुकदमा किया था। हालांकि, पिछले साल का फैसला कंपनी के खिलाफ गया था। केंद्र ने अभी तक आरोपों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म (शेष पेज 9)



## प्रधानमंत्री पहुंचे वाराणसी आज करेंगे कई विकास परियोजनाओं का आरंभ

**वाराणसी (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को यहां अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे, जहां वह शुक्रवार को कई विकास परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, विकसित भारत के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी निरंतर दृढ़ता के साथ क्रियाशील हैं। उसी कड़ी में वह कल वाराणसी जनपद में 13,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न लोक-कल्याणकारी विकास परियोजनाओं की सौगात देने आ रहे हैं। शिक्षा, सड़क, उद्योग, पर्यटन, वस्त्र और स्वास्थ्य क्षेत्रों से जुड़ी ए परियोजनाएं विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना की सिद्धि में अत्यंत सहायक होंगी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री काशी हिंदू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में सांसद ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों, सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता और सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पांच-पांच प्रमुख प्रतिभागियों को सम्मानित भी करेंगे। उन्होंने बताया कि मोदी विश्वविद्यालय से गोवर्धन रविदास मंदिर पहुंचेंगे। वहां वह रविदास जी की भव्य मूर्ति का लोकार्पण करने के बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

# दिल्ली चिड़ियाघर में जंबो शंकर दुबई से आ रही साथी के स्वागत को तैयार

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

दिल्ली चिड़ियाघर में रहने वाले एकमात्र 27 वर्षीय अफ्रीकी हाथी शंकर को जल्द ही एक अप्रत्याशित स्त्रोत - दुबई सफारी पार्क से साथी मिल सकता है। दिल्ली चिड़ियाघर, जिसे राष्टीय प्राणी उद्यान के रूप में भी जाना जाता है, के सूत्रों ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (पीएसयू) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने दुबई से मादा हाथी के परिवहन की सुविधा के लिए कदम आगे बढ़ाया है।पहले दक्षिण अफ्रीका से मादा जंबो को लाने की योजना थी, लेकिन कुछ तकनीकी और लॉजिस्टिक खामियों के कारण बात नहीं बन पाई। अब अधिकारियों ने शंकर के लिए अफ्रीकी मूल की मादा हाथी लाने के लिए दुबई सफारी पार्क पर ध्यान केंद्रित किया है।

यह केवल शंकर नहीं है; मैसूरु चिड़ियाघर में, रेम्बो, 20 साल का एक और अफ्रीकी हाथी, अपने पिता टिम्बो की मृत्यु के बाद 2016 से अकेला है। सबसे बड़े भूमि स्तनधारी अफ्रीकी हाथी एशियाई हाथियों से भिन्न हैं। सूत्रों ने कहा कि तीन मादा हाथियों में से एक को रेम्बो जंबो के साथ मैसूर चिड़ियाघर भेजा जा सकता है। हालांकि, योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पिछले दो दशकों से अकेले रहने के कारण, उनके मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं, जिससे उनकी भलाई और प्रजनन सुनिश्चित करने के लिए एक उपयुक्त साथी खोजने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसी खबरें आई हैं कि शंकर कभी-कभी आक्रामक हो जाता हैं और कभी-कभी खुद को घायल कर



लेता हैं, खासकर जब प्रजनन काल में होता है। सामाजिक प्राणी होने के नाते, हाथी अकेले होने पर और किसी के साथ के अभाव में चिड़चिड़े हो जाते हैं। चिड़ियाघर के अधिकारियों ने पहले इसे एशियाई हाथियों के साथ मिलाने की कोशिश की थी, लेकिन बात नहीं बनी। कभी-कभी हाथी अपने महावत की बात सुनते हैं। लेकिन कभी-कभी, वे उन्हें मार भी देते हैं, ऐसा अधिकारियों का कहना है। सूत्रों ने कहा, 'दुबई से मादा हाथियों को लाने की बातचीत शुरुआती चरण में है। हम कम से कम तीन हाथियों को लाने की योजना बना रहे हैं। हम दुबई से मादा हाथियों के लिए अनुकूलता और सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने के महत्व को पहचानते हुए, संभावित जोड़ी के बारे में सावधानीपूर्वक आशावादी हैं। जानवरों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक परिचय और अनुकूलन की योजनाएँ चल रही हैं।'

अपनी व्यापक लॉजिस्टिक क्षमताओं और पर्यावरण प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, आईओसी की भागीदारी शंकर की साहचर्य की तलाश में एक महत्वपूर्ण क्षण है। अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और संरक्षण प्रयासों के तहत, आईओसी पहले ही भारत भर के विभिन्न चिड़ियाघरों में गैंडे को गोद लेकर पहल कर चुका है। दरअसल, आईओसीएल का ब्रांड एंबेसडर गैंडा है। शंकर को 2001 से चिड़ियाघर में एशियाई हाथियों से अकेले और अलग रखा गया है, जब मादा अफ्रीकी हाथी को जिम्बाब्वे से लाया गया था और उसकी मृत्यु हो गई थी। शंकर एक साल का था जब वह 1998 में एक राजनयिक उपहार के रूप में जिम्बाब्वे से दिल्ली चिड़ियाघर आया था। 6,000 किलोग्राम तक वजनी अफ्रीकी हाथी दुनिया का सबसे बड़ा भूमि स्तनपायी है।

# योगी आदित्यनाथ बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्रीः सीतारमण

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने सीएम योगी के साथ किया आयकर विभाग के नवीन भवन का लोकार्पण

● सात साल में यूपी की जीडीपी व प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुईः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर



**आयकर** विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को पहली बार गोरखपुर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यशैली की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्री हैं। सीएम योगी के लिए उन्होंने डायनमिक शब्द का कई बार जिक्र किया।

आयकर विभाग के भवन लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने सीएम योगी के लिए खुद द्वारा कहे गए डायनमिक शब्द को समझाया भी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं। योगी साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या और कई बार होती है। एक साल में 52 सप्ताह और 75 जिले में कम से कम एक बार जाने वाले चीफ मिनिस्टर योगी जी हैं। वह इंजन की तरफ प्रदेश में घूमकर काम रहते हैं। हर जिला ही उनके लिए हेडक्वार्टर है। उनसे लखनऊ में अपॉइंटमेंट मांगना ठीक नहीं है। उस दिन, उस सप्ताह कहां होंगे, उधर जाना ही बेहतर होगा। प्रथम बार गोरखपुर आगमन को लेकर सीतारमण ने कहा, 'फर्स्ट इंप्रेशन इज बेस्ट इंप्रेशन और मुझे गोरखपुर इतना सुंदर लगा जितना सोचा भी नहीं था। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व सरकार बार बार यह साबित कर रही है कि जिसका शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी होगा। सभी परियोजनाओं के पूरा होने की गारंटी ही मोदी जी की गारंटी है। अपनी बात को और स्पष्ट करने के लिए उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश की चार प्रमुख परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने आयकर विभाग की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.77 प्रतिशत बढ़ा है। इसके साथ ही अप्रैल 2023 से 10 जनवरी 2024 तक 2.48 लाख करोड़ रुपए का टैक्स रिफंड भी किया गया है। साठ-सत्तर के दशक से वर्ष 2009 तक पुराने टैक्स क्लेम के मामलों में 25 हजार रुपए की धनराशि पर राहत प्रदान की गई है। फेसलेस सिस्टम के चलते शिकायतों में 60 प्रतिशत कमी आई है। आयकर विभाग प्रतिदिन 1.66 करोड़ असेसमेंट कर लेता है जबकि एक सप्ताह में 3.43 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न की प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत तेजी के साथ आगे बढ़ती नई अर्थव्यवस्था है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हम देश पर 200 वर्ष शासन करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देश के साथ ही उत्तर प्रदेश ने भी अपनी अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाया है। पिछले सात सालों में उत्तर प्रदेश में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। यहां का सीडी रेशियो 45 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत के करीब पहुंच गया है। अगले वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। प्रदेश में इनकम टैक्स रिटर्न भरने वालों की संख्या भी बढ़ी है। वर्ष 2014 में जहां एक लाख 45 हजार लोग इनकम टैक्स रिटर्न भरते थे, आज वह संख्या 12 लाख पर पहुंच चुकी है। बैंकों की तरफ से भी उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सर्वाधिक रुचि दिखाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार टैक्सपेयर्स के लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर रही है। टैक्सपेयर्स से मिला पैसा ही देश के विकास के काम आता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिक कर्तव्यों की सबसे बड़ी भूमिका होगी। हर व्यक्ति अपनी भूमिका को अच्छे से समझ कर उसका निर्वाह करेगा तो विकसित भारत का लक्ष्य हर हाल में प्राप्त कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयकर दाताओं को कर जमा करने के लिए स्वत: स्फूर्त तैयार करना नागरिक दायित्व भी है।

## सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी कई मायनों में नंबर वनः पंकज चौधरी

**आयकर** विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों की सोच बदल दी है। उनके नेतृत्व में अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है तो जनकल्याण के भी व्यापक कार्यक्रम जारी हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि योगी ी ने उत्तर प्रदेश का चेहरा बदल दिया है। जिस उत्तर प्रदेश को दंगा प्रदेश माना जाता थाए बीमारू राज्य कहा जाता थाए जहां लोग आने मेंए निवेश करने को तैयार नहीं होते थे। आज सीएम योगी के नेतृत्व में वही उत्तर प्रदेश कई मायनों में नंबर एक बन गया है। स्वागत संबोधन केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन नितिन गुप्ता व आभार ज्ञापन पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद रविकिशन शुक्ल, कमलेश पासवान, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की सदस्य प्रज्ञा सहाय सक्सेना समेत आयकर विभाग के कई अधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री ने परिषदीय स्कूलों के कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों को चंद्रयान का मॉडल वितरित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## धान विक्रय के लिए 1045946 किसानों ने कराया ऑनलाइन पंजीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के विशेष सचिव, खाद्य एवं रसद अभिषेक गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत धान खरीद की समीक्षा की गई। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपए प्रति कुंतल तथा धान ग्रेड-ए का मूल्य 2203 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में 1 अक्टूबर, 2023 से 31 जनवरी, 2024 तक तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में 01 नवम्बर, 2023 से 29 फरवरी, 2024 तक खरीद की कार्यवाही चल रही है।

विशेष सचिव ने बताया कि धान खरीद हेतु 70 लाख मी. टन धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है। नामित क्रय एजेन्सी-खाद्य तथा रसद विभाग की विपणन शाखा व पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, मण्डी परिषद व भाखानि द्वारा कुल 5206 क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें धान विक्रय हेतु लगभग 10,45,946 किसानों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया। अब तक लगभग 790487 किसानों से 52.97 लाख मी. टन खरीद की गयी, जिसके सापेक्ष 11334.278 करोड़ रुपए का भुगतान उनके आधार से लिंक्ड बैंक खाते में प्रेषित कराया गया है।

विशेष सचिव ने बताया कि क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से कराया जा रहा है। इसमें मानवीय हस्तक्षेप समाप्त कर दिया गया है, जिसके कारण धान प्रेषण एवं सीएमआर डिलीवरी की स्थिति में गुणवत्तापरक सुधार आया है। क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण में प्रथम बार अधिक खरीद वाले 40 जनपदों में जीपीएस युक्त वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है तथा इसकी सतत् मॉनिटरिंग भी की जा रही है, ताकि इस प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी किया जा सके।

## छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण के लिए 1 अरब 25 करोड़ रुपए स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण के लिए1 अरब 25 करोड़ रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। सप्तम किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि का व्यय अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण के लिए किया जाएगा। आवंटित धनराशि का उपयोग अधिकतम 50 रुपए प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से किया जायेगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अस्थाई गोवंश आश्रय के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा निराश्रित/बेसहारा गोवंश के निराकरण के लिये उत्तर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों यथा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन नीति प्रख्यापित की गयी है।

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने गोरखनाथ मंदिर में किया दर्शन-पूजन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर

**पहली** बार बृहस्पतिवार को गोरखपुर आईं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें मंदिर परिसर का भ्रमण कराया।

आयकर विभाग के भवन लोकार्पण समारोह में शामिल होने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर पहुंचीं। यहां मुख्यमंत्री उन्हें गुरु गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में ले गए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने विद्वान आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच शिवावतार भगवान गोरखनाथ का दर्शन और विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने उन्हें मंदिर परिसर का भ्रमण कराया। परिसर भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को अपने बैठक कक्ष में नाथपंथ, गोरखनाथ मंदिर के इतिहास, गुरु परंपरा और अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बैठक कक्ष में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने गोरखनाथ मंदिर का परंपरागत मट्ठा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का प्रसाद भी प्रदान किया।

## किसानों की आय दोगुना करने के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पितः योगी

● एफआरपी में वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के फेयर एंड रेमुनेरेटिव प्राइस (एफआरपी) में वृद्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि किसान बंधुओं की आय को दोगुना करने के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पित है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के फेयर एंड रेमुनेरेटिव प्राइस (एफआरपी) में आठ फीसदी की वृद्धि करते हुए 340 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। सीएम ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताते हुए लिखा कि 'कृषक कल्याण' के हेतु लिए गए इस अभिनंदनीय निर्णय के लिए आपका आभार प्रधानमंत्री जी।

### अम्ब्रेला योजना जारी रखने के लिए भी दिया धन्यवाद

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर चल रही अम्ब्रेला योजना को अगले दो साल तक जारी रखने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए उनका आभार जताया है। योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि 2021-22 से 2025-26 की अवधि के दौरान 'महिलाओं की सुरक्षा' पर अम्ब्रेला योजना को जारी रखने के लिए 1179.72 करोड़ रुपए आवंटित करने का केंद्रीय मंत्रिमंडल का निर्णय सभी महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने हेतु हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। हमारी 'मातृशक्ति' की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक धन्यवाद। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2021-22 से 2025-26 की अवधि के दौरान 'महिलाओं की सुरक्षा' पर अम्ब्रेला योजना जारी रखने के गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसमें 1179'72

### बारिश व ओलावृष्टि प्रभावितों को तत्काल मिले अनुमन्य राहत राशिः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बारिश और ओलावृष्टि को लेकर अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नज़र रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होंने आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को अनुमन्य राहत राशि अविलंब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। सीएम योगी ने यह निर्देश भी दिए हैं कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाए ताकि इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने प्रदेश के सभी जिलों से फसलों की क्षतिपूर्ति के लिए आकलन करते हुए रिपोर्ट देने को कहा है। इसके साथ ही प्रभावितों को राहत पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक जालौन, मथुरा, कन्नौज, फतेहपुर, हरदोई, हमीरपुर, बांदा, कानपुर नगर की बिल्हौर, कानपुर देहात की रसूलाबाद में ओलावृष्टि हुई है। इससे फसलों की क्षति हुई है। इसके अलावा एटा, सीतापुर, आजमगढ़, फर्रुखाबाद, इटावा, अमेठी, प्रयागराज, अयोध्या, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, कासंगज, अंबेडकरनगर, गोरखपुर, गाजीपुर, कौशांबी, मऊ, संतकबीरनगर और बहराइच में हल्की बारिश हुई है।

**CHANGE OF NAME**

I, Nirmal Chopra holder of Indian Passport No: N7273218 issued at Ghaziabad on 24/02/2016 and Permanent Resident of C-157, Sector-21, Jalvayu Vihar Noida Gautam Budh Nagar PIN-201301, Uttar Pradesh India and presently Residing at Dubai UAE do hereby change my name from Nirmal Chopra to Nirmala (Given name) Chopra (SURNAME) with immediate effect.

## आगरा में 25 फरवरी को राहुल के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

● गठबंधन की घोषणा के बाद अजय राय की अगुवाई में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सपा कार्यालय पहुंचकर सौंपा आमंत्रण पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** की तरफ से बीते बुधवार को कांग्रेस और सपा के गठबंधन की घोषणा होने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश के संयोजक पूर्व राज्यसभा सांसद पीएल पुनिया कांग्रेस नेताओं के साथ बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यालय पहुंचे और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तरफ से सपा अध्यक्ष को भेजे गए आमंत्रण पत्र को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी को सौंपा। जहां पर राष्ट्रीय प्रवक्ता उदयवीर सिंह भी उपस्थित थे। कांग्रेस द्वारा दिए गए आमंत्रण पर समाजवादी पार्टी की तरफ से अखिलेश यादव के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की पुष्टि की गई। अंशू अवस्थी ने बताया समाजवादी पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने सपा अध्यक्ष के भारत जोड़ने यात्रा में शामिल होने की पुष्टि करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा में राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल होंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे चरण में 25 फरवरी को आगरा में टेढ़ी बगिया स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर शामिल होंगें और भारत जोड़ो न्याय यात्रा आगरा के शाहदरा चौराहे से नुनिहाली रोड होते हुए आगरा फोर्ट होते हुए फ्तेहाबाद रोड के आगे प्रताप पुर चौराहा से ग्वालियर रोड की तरफ से फतेहपुर सीकरी जायेगी। आमंत्रण पत्र देने गए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश के संयोजक पीएल पुनिया के साथ प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन मनोज यादव, जिला अध्यक्ष लखनऊ वेद प्रकाश त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, प्रवक्ता सचिन रावत, ललन कुमार, राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर शमीम खान शामिल रहे।

## तीर्थ स्थलों के भ्रणम पर निकले जैन सोशल ग्रुप के 25 दंपतियों ने की अखिलेश यादव से भेंट

● पूर्व सांसद स्व.कल्याण जैन के पुत्र ने अपनी पत्नी सहित सपा अध्यक्ष से मिलकर इंदौर आने का दिया न्यौता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव से गुरुवार को इंदौर के पूर्व सांसद एवं प्रखर समाजवादी नेता स्व. कल्याण जैन के पुत्र सुनील कुमार जैन ने अपनी पत्नी विनीता जैन के साथ भेंट की और उन्हें इंदौर आने का निमंत्रण दिया। इनके साथ जैन सोशल ग्रुप इंदौर ग्रेटर के 25 अन्य दम्पतियों ने भी भेंट की। यह ग्रुप जैन तीर्थंकरों के जन्मस्थान एवं तीर्थ स्थलों के भ्रमण-दर्शन पर निकला है।

अखिलेश यादव ने बताया कि उनके पहले लोकसभा चुनाव 1999 में कल्याण जैन ने कन्नौज के चुनाव प्रचार की बागडोर सम्भाली थी। आर्थिक तथा राजनीतिक मामलों की उनमें गहरी समझ थी। देश की समस्याओं के समाधान में उनका अपना चिंतन था। वे आजीवन समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहे। नेताजी मुलायम सिंह यादव के साथ उनका जीवन पर्यंत जुड़ाव रहा। यादव ने कहा कि भारत की भूमि पवित्र है। यहां सभी धर्मों के तीर्थ स्थल हैं। आपसी सौहार्द एवं सद्भाव से लोक रहते है। आर्थिक प्रगति में भी योगदान रहता है। भारत मिली जुली संस्कृति वाला देश है।

स्वामी विवेकानंद ने भी शिकागो के अपने सुप्रसिद्ध भाषण में कहा था कि भारत सहिष्णुता के लिए जाना जाता है। विदेशियों को भी भारतीय आदर्श आत्मसात करने में संकोच नहीं करना चाहिए। 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत पर भारत हमेशा से चलता आया है। यहां सभी धर्मों का सम्मान है।

## सतपाल मलिक के घर सीबीआई छापे मोदी सरकार की डराने की कोशिशः अजय राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्व** सांसद और जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर भाजपा सरकार के द्वारा पर सीबीआई छापे पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी को चुनाव से पहले हार के डर से भयभीत बताया है। उन्होंने सत्यपाल मलिक के घर सीबीआई छापे को बीजेपी मोदी सरकार की तानाशाही और डराने की कोशिश करार दिया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि हार के डर से भाजपा के तोते उड़े हुए हैं, इसीलिए मोदी सरकार किसानों के, युवाओं के, महंगाई, बेरोजगारी पर सवाल पूछने वालों के घर अपने सीबीआई तोते को भेज कर डराने की कोशिश कर रही है, हम सत्यपाल मलिक के साथ हैं कांग्रेस पार्टी भाजपा की तानाशाही का पुरजोर विरोध करती रहेगी। पूरे देश में जिस तरह से किसान आंदोलन हो रहा है और भाजपा सरकार किसानों के ऊपर जो जुल्म उठा रही है, जो सड़क पर बड़ी-बड़ी कीलें और बैरियर लगाए जा रहे हैं, सीमेंट कंक्रीट की दीवारें खड़ी की जा रही हैं, उससे देश का अन्नदाता काफी आक्रोशित है और भारतीय जनता पार्टी के सर्वे रिपोर्ट में हार स्पष्ट हो चुकी है, जिसकी बौखलाहट में तानाशाही की जा रही है।

सतपाल मलिक सदैव किसानों के प्रति समर्पित रहे हैं और जिस तरह वह समय-समय पर भाजपा को बेनकाब करते रहे हैं किसानों के मुद्दे पर जो प्रधानमंत्री ने देश के अन्नदाताओं के लिए अशोभनीय शब्द कहे थे, आज इसी वजह से सत्यपाल मलिक जब अस्पताल में है, तब ये कार्यवाही की जा रही है और डराने की कोशिश हो रही है लेकिन भाजपा की इन कुकर्मों से और उनके जो तोता-मैना सीबीआई, ईडी से कोई डरने वाला नहीं है, आज भाजपा और मोदी के तोते उड़ गए हैं इसीलिए वह अपने तोता दूसरों पर छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष न उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा की सत्ता का जो नशा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के ऊपर सवार है जनता 2024 में उसका जवाब देने जा रही है। भाजपा के नेताओं ने उत्तर प्रदेश की जनता से बेरोजगारी दूर करने, अपराध कम करने, और सामाजिक न्याय करने, के नाम पर वोट लिया था लेकिन अब उलूल-जुलूल बयान देकर अपनी असलियत दिखा रहे हैं, जनता 2024 में इनका नशा उतार देगी, भाजपा के नेताओं को सत्ता का नशा हो गया है, जनता जल्द ही इनको सत्ता से बाहर कर इस नशे की लत से दूर कर देगी।

### कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई मौलाना अबुल कलाम व कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**स्वतंत्र** भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की धर्मपत्नी कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर अपने सम्बोधन में अजय राय ने कहा की मौलाना आज़ाद का उद्देश्य जहां अंग्रेजों की तानाशाही और गुलामी का विरोध करना था, आजादी के आंदोलन के समय देश में विभिन्न संप्रदाय और धर्म के बीच में मेलजोल और हिंदू-मुस्लिम एकता में मौलाना आजाद ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अजय राय ने राष्ट्रपिता बापू की पत्नी कस्तूरबा को याद करते हुए कहा कस्तूरबा गांधी सच में एक महान महिला थी और उन्होंने जो त्याग किया उनके त्याग और बलिदान से ही बापू ने देश की आज़ादी की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण समय दे पाए, और पूरे देश में अंग्रेजी हुकूमत के जुल्मों के खिलाफ़ लड़ने और आजादी की अलख जगा दी, बापू स्वयं कहां करते थे की 'बा' ने हर एक निर्णय में साथ देकर उन्हें और मजबूत किया।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
मण्डलीय कार्यालय लखनऊ: न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ-226001
फोन: 0522-2286272, 2287283, फैक्स: 0522-2288033, ई-मेल: zolucknow@indianbank.co.in

**मांग सूचना**

**सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निमाण की धारा 13(2) के तहत नोटिस**

जबकि, **इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्न ऋणियों को मांग सूचना भेजी गई थी। चूंकि डाक द्वारा भेजी गये उक्त नोटिस को प्राप्तकर्ता के प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त नहीं किया गया। अतः इस प्रकाशन के माध्यम से ऋणियों को नोटिस प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर दर्शायी गयी राशि का भुगतान करने की मांग की जाती है अन्यथा सरफेसी एक्ट की धारा 13(12) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8 व 9 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत बैंक चल/अचल सम्पत्ति का कब्जा लेकर बिक्री कर देगा। उधारकर्ता(ओं)/जमानतकर्ता(ओं) को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यता एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस चल/अचल सम्पत्ति में कोई लेन-देन न करें और इससे किसी प्रकार का लेन-देन बकाया राशि और उस पर निहित अप्रायोजित ब्याज एवं अन्य खर्चे हेतु **इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)** के अध्याधीन होगा।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता(ओं)/ज़मानतकर्ता(ओं) का नाम व पता/मांग सूचना की तिथि | बकाया धनराशि (रू) / एनपीए तिथि | सम्पत्ति का विवरण |
| --- | --- | --- | --- |
| शाखा: अलीगंज | | | |
| 1. | **1. श्री संदीप कुमार विमल पुत्र श्री राम स्वरूप (ऋणी/जमानतकर्ता), पता-1:** 441/29/24 रस्तोगी नगर बालागंज लखनऊ-226003 **पता-2:** प्लॉट नंबर 10 खसरा नंबर 246 ग्राम भुहर हैदरगंज लखनऊ **2. श्रीमती बिटोला देवी पत्नी श्री राम स्वरूप (बंधककर्ता/जमानतकर्ता), पता-1:** 441/29/24 रस्तोगी नगर बालागंज लखनऊ-226003 **पता-2:** प्लॉट नंबर 10 खसरा नंबर 246 ग्राम भुहर हैदरगंज लखनऊ **श्री संदीप कुमार विमल एवं श्रीमती बिटोला देवी (जमानतकर्ता), पता-1:** 441/29/24 रस्तोगी नगर बालागंज लखनऊ-226003 **पता-2:** प्लॉट नंबर 10 खसरा नंबर 246 ग्राम भुहर हैदरगंज लखनऊ **मांग तिथि: 15.02.2024** | **रू. 4,94,283/- दिनांक 15.02.2024 से प्रभावी + ब्याज एवं अन्य शुल्क** / एनपीए तिथि: 05.11.2023 | अचल सम्पत्ति स्थित प्लॉट नंबर 10, क्षेत्रफल 57.762 वर्ग मीटर (600 वर्ग फीट) खसरा संख्या 246 भुहर, जिला-लखनऊ, विक्रय विलेख दिनांक 05.09.2014 को निष्पादित, बही सं. 1, ज़िल्द सं. 9838 पृष्ठ सं. 369 से 390, क्रमांक 9622 उप-रजिस्ट्रार पंचम, लखनऊ में पंजीकृत, **मालिक:** श्रीमती बिटोला देवी पत्नी श्री राम स्वरूप, **चौहद्दी: उत्तर:** प्लॉट सं. 9, **दक्षिण:** प्लॉट सं. 11सी, **पूर्व:** प्लॉट सं. 19, **पश्चिम:** 18 मीटर चौड़ी सड़क |

दिनांक: 23.02.2024 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)

# बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रदेश भर में 3,33,541 परीक्षार्थी मिले अनुपस्थित

## 8265 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई पहले दिन की परीक्षा

● **जेल में निरूद्ध बंदी परीक्षार्थियों के लिए 8 जेल केंद्रों में भी परीक्षा सकुशल संपन्न**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को प्रदेश में निर्धारित कुल 8265 परीक्षा केंद्रों पर वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सकुशल प्रारम्भ हुईं।

पहले दिन प्रदेश भर में 3,33,541 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से तौबा कर लिया। इसके साथ ही जेल में निरूद्ध बंदी परीक्षार्थियों के लिए स्थापित 8 जेल केंद्रों में भी परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी एवं इण्टरमीडिएट की सैन्य विज्ञान तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य एवं इण्टरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिन्दी की परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल पंजीकृत रहे 29.43,786 परीक्षार्थियों में से 2,03,299 परीक्षार्थी तथा द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल पंजीकृत रहे 24,67,715 परीक्षार्थियों में से 1,30,242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनो पालियों की परीक्षा में कुल 3,33,541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

हाईस्कूल की परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये 5 परीक्षार्थी पकड़े गये जिसमें 4 बालक एवं 1 बालिका परीक्षार्थी है। प्रथम पाली की परीक्षा में पकड़े गए कुल 7 छद्म परीक्षार्थियों के विरूद्ध एवं 1 केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मंडलों, जनपदों से प्राप्त सूचनानुसार परीक्षा के दौरान किसी भी जनपद में कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई तथा परीक्षा निष्पक्ष, नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुई।



## लखनऊ के 134 केन्द्रों पर सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा, 3958 परीक्षार्थी मिले अनुपस्थित

### अपर मुख्य सचिव से लेकर अपर शिक्षा निदेशक व संयुक्त शिक्षा निदेशक सहित डीआईओएस ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एशिया** के सबसे बड़े शिक्षा बोर्ड के रूप में शामिल उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा गुरुवार से शुरू की हाईस्कूल व इंटर परीक्षा लखनऊ के 134 केन्द्रों सम्पन्न हुई। पहले दिन प्रमुख सचिव से लेकर अपर शिक्षा निदेशक व संयुक्त शिक्षा निदेशक सहित डीआईओएस ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

सुबह की पाली में शुरू हुई परीक्षा में हाईस्कूल की प्रात: 8.30 से 11.45 तक हिंदी व प्रारम्भिक हिंदी की परीक्षा आयोजित हुई। इंटरमीडिएट प्रथम पाली में सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई। जबकि दसवीं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 तक वाणिज्य और इंटरमीडिएट की हिन्दी, सामान्य हिंदी की परीक्षा आयोजित हुई। दूसरी पाली में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक दीपक कुमार ने जुबिली कॉलेज में कंट्रोल रूम के साथ-साथ केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। अपर मुख्य सचिव सबसे पहले राजकीय कन्या इण्टर कालेज, नरही (जियामक) पहुंचे। यहां उन्होंने परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित थे। परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम को खुलवाकर बारीकी से निरीक्षण किया गया। डबल लॉक अलमारी के सील एवं पंजिका का अवलोकन किया गया। परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित मिले। कक्षों में जाकर कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करके सत्यापन भी किया गया। इस दौरान प्रमुख सचिव के साथ जेडी माध्यमिक शिविर भवगती सिंह, अपर शिक्षा निदेशक अजय द्विवेदी भी मौजूद रहे। राजधानी में परीक्षा के दौरान प्रथम पाली में 53580 परीक्षार्थी शामिल होने थे इसमें से 2853 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है। इसी तरह से दूसरी पाली में 33,207 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें 32,102 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। कुल 1105 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह से राजधानी पहले दिन कुल 3958



#### गंदगी देख नाराज हुए अपर मुख्य सचिव

**अपर** मुख्य सचिव सेन्टीनियल इण्टर कालेज का भी निरीक्षण किया। यहां केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मेजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। स्ट्रांग रूम एवं कन्ट्रोल रूम का अवलोकन किया गया। विद्यालय प्रांगण में उगी हुई घास और गंदगी को देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर और घास को तत्काल साफ कराये जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जनपदीय कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। कन्ट्रोल रूम में स्थापित कम्प्यूटर्स पर संचालित जनपद के परीक्षा केन्द्रों के लाइव स्ट्रीमिंग का अवलोकन किया गया।

#### अपर शिक्षा निदेशक ने निरीक्षण के साथ देखी आनलाइन व्यवस्था

**परीक्षा** के दौरान अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने डीआईओएस राकेश कुमार के साथ केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान वह जुबिली कॉलेज में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की भी स्थिति देखा। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को उन्होने सभी केन्द्रों पर लगातार निगरानी बनाये रखने को निर्देश दिया। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों का भी निरीक्षण किया।

#### जिलाधिकारी ने भी किया निरीक्षण

**जिलाधिकारी** सूर्यपाल गंगवार ने भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों की रखरखाव की भी व्यवस्था देखा। सूर्यपाल गंगवार ने इस दौरान जुबिली कॉलेज के जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी देखा। इस दौरान उन्होंने डीआईओएस से भी परीक्षा की व्यवस्था के बारे में जाना। इसके साथ ही कंट्रोल रूम पर तैनात कर्मचारियों को सख्त निगरानी के निर्देश जारी किए।

#### हेलो कंट्रोल रूम, यहां कक्षनिरीक्षक नहीं पहुंचे

**वहीं** दूसरी ओर विद्यालय में कक्षनिरीक्षकों की ड्यूटी में तैनात किए गये शिक्षकों की लापरवाही देखने को मिली। कंट्रोल रूम पर मिली जानकारी के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने अतिरिक्त कक्षनिरीक्षकों को मौके पर भेजा।

---

बोर्ड परीक्षा को लेकर यूपी-112 की पहल

## तेज ध्वनि से पढाई में पड़ा व्यवधान तो पीआरवी करेगी समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में विभिन्न बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं, जिसमे लाखों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। परीक्षा के दौरान बच्चों की पढ़ाई में कोई व्यवधान न पड़े इसके लिए यूपी-112 की एडीजी नीरा रावत ने विद्यार्थियों को हो रही असुविधा के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया है। जिसके अंतर्गत शोर शराबे की शिकायत मिलते ही यूपी-112 की पीआरवी मौके पर जाकर तत्काल शोर-शराबा बंद करवाएगी, ताकि बच्चों को पढाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सके। परीक्षाओं के समय अधिक शोर की शिकायतों को और अधिक मुस्तैदी से अटेन्ड करने के निर्देश जारी किए है । शोर-शराबे के खिलाफ सर्वाधिक शिकायतें बड़े शहरों से मिल रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि फरवरी माह के 15 दिनों में 3585 शिकायतें प्रदेश के विभिन्न शहरों से 112 को मिलीं जबकि जनवरी माह के 31 दिनों में इन शिकायतों की संख्या महज 1415 थी। 75 दिनों में ध्वनि प्रदूषण की सर्वाधिक 739 शिकायतें लखनऊ से मिलीं, जबकि इसी अवधि में 734 शिकायतें गौतमबुद्धनगर से आई हैं। गाजियाबाद और कानपुर से क्रमश: 590 और 376 शिकायतें 75 दिन में 112 को मिली हैं। छोटे शहरों में रही शांति बड़े शहरों की तुलना में छोटे शहर काफी शांत रहे। 75 दिनों में श्रावस्ती से कुल 3 शिकायतें 112 को मिली। यहां से जनवरी में 1 और 15 फरवरी तक 2 शिकायतें मिली हैं। इसी तरह 75 दिनों में औरैया से 10 और एटा व कौशाम्बी से 12-12 शिकायतें 112 को मिली हैं। दिसंबर महीने के 15 दिनों में 1558 शिकायतें ध्वनि प्रदूषण की 112 को मिलीं जबकि जनवरी के 31 दिनों में यह आंकड़ा 1415 शिकायतों का रहा। परीक्षाओं के करीब आते ही फरवरी के 15 दिनों में शिकायतों का आंकड़ा 3585 तक पहुंच गया है।

---

## सरकार इस साल कराएगी 6.50 लाख टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन

**लखनऊ।** टीबी की स्क्रीनिंग और जांच में तेजी लाने के उद्देश्य से साल 2024 में योगी सरकार को 6.50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य दिया गया है। इसमें सरकारी क्षेत्र में 4.30 लाख और निजी क्षेत्र में 2.20 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह लक्ष्य राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद की आबादी, प्राइवेट ड्रग सेल डाटा, पेशेंट प्रोवाइडर सपोर्ट एजेंसी (पीपीएसए) कांट्रैक्ट में निर्धारित टारगेट, मरीज के नजदीकी जिले में इलाज के लिए जाने की प्रवृत्ति व अन्य एपीडिमियोलॉजिकल तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही जांच में टीबी की पुष्टि होते ही जल्द से जल्द इलाज शुरू करने के भी प्रबंध किये गए हैं ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश डॉ. बृजेश राठौर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और जिला क्षय रोग अधिकारियों को पत्र भेजकर जिले में वर्ष 2024 में टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन के लक्ष्य के बारे में अवगत कराया है। इसके साथ ही लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही प्राप्त करने के लिए जरूरी कदम उठाये जाने के बारे में भी निर्देशित किया है। टीबी नोटिफिकेशन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों पर जहां हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस का आयोजन किया जा रहा हैं। वहीं समय-समय पर एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान और दस्तक अभियान चलाकर भी टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है।

**वर्ष 2023 में प्रदेश को 5.50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का दिया गया था लक्ष्य**

**निदेशक**-राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ. रतन पाल सिंह सुमन और संयुक्त निदेशक/राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर का कहना है कि वर्ष 2023 में प्रदेश को 5.50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 6,32,571 टीबी मरीजों को नोटिफाई कर 115 प्रतिशत उपलब्धि प्रदेश ने हासिल की। इसमें सरकारी क्षेत्र में 4,09,192 तो निजी क्षेत्र में 2,23,379 टीबी मरीज नोटिफाई किये गए।

---

# दुकान के सामने मार्ग को अवैध कब्जे से मुक्त करने का निर्देश

● **वरिष्ठ नागरिक दिव्यांगजन समाधान दिवस में 10 समस्याओं में 2 मामलों का किया निस्तारण**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एलडीए** के वरिष्ठ, दिव्यांग समाधान दिवस में रुचिखंड की आवंटी द्वारा दुकान के सामने मार्ग पर कब्जा करने की शिकायत दर्ज करायी। शिकायत पर मंडलायुक्त द्वारा मौके का निरीक्षण कर अवैध कब्जे को हटाने के आदेश दिए। मण्डलायुक्त द्वारा जन सामान्य की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। दिवस में 10 समस्याओं के प्रार्थन पत्र मिले थे, जिसमें 2 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। मंडलायुक्त द्वारा शेष मामलों का समयबद्ध निस्तारण में अधिकारियों को निर्देश दिये।

गुरुवार को एलडीए में वरिष्ठ समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को मंडलायुक्त रौशन जैकब ने सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न पटलों में न जाना पड़े, इसके लिए उपाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक माह के चतुर्थ बृहस्पतिवार को इस विशेष शिविर की व्यवस्था की गई है। शिविर में पहुंची शारदा नगर, रूचिखण्ड निवासी नीलम गुप्ता ने प्रार्थना पत्र दिया कि उन्होंने आलमबाग बस अड्डे के पास प्राधिकरण की सिन्डर्स डम्प योजना में व्यावसायिक दुकान जी-45 आवंटित करायी थी। वर्तमान में दबंग प्रवृत्ति के कुछ लोगों ने दुकान के ठीक सामने आम रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण करा लिया है, जिसके चलते अब वह दुकान तक नहीं खोल पा रही हैं। इस पर मण्डलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल स्थल निरीक्षण करके अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिये।

अलीगंज स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला विद्यालय के निकट अवैध कब्जे का एक प्रकरण सामने आया। जिसमें विद्यालय के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि कुछ स्थानीय लोग गलत तरीके से जमीन पर मालिकाना हक बताते हुए विद्यालय की बाउन्ड्री नहीं बनने दे रहे हैं। इस पर मण्डलायुक्त ने सम्पत्ति व प्रवर्तन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ एक सप्ताह के अंदर स्थल की पैमाइश कराके प्रकरण का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा गोमती नगर के विजयन्त खण्ड डी.4/244 निवासी वेद प्रकाश जुनेजा ने प्रार्थना पत्र दिया कि उनके मकान के सामने खाली भूखण्ड पर कुछ लोगों ने झुग्गी बनाकर अवैध कब्जा कर रखा है, जहां अराजक तत्वों का जमावड़ा लगता है। इस पर उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अभियंत्रण जोन.1 के अधिशासी अभियंता को तीन दिन के अंदर स्थल का निरीक्षण करके अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त खदरा के शिवनगर निवासी सुरेश चन्द ने प्रार्थना पत्र दिया कि स्थानीय अरविंद इंटर कॉलेज के पास 600 वर्गफुट के एक मकान में भवन स्वामी ने अवैध रूप से दो मोबाइल टावर लगवा रखे हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को समस्या हो रही है। इस पर उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन.4 के जोनल अधिकारी को जांच के बाद नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सचिव ने बताया कि शिविर में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 2 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों में सम्बंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

# बसन्तकुंज योजना के 145 भूखण्डों को बोली लगाकर ले सकेंगे लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** की सम्पत्तियों का ई.ऑक्शन इस बार और भी खास होने जा रहा है। वजह यह है कि एलडीए ने इस ई.ऑक्शन में अपनी बसन्तकुंज योजना के 145 भूखण्डों को भी लगाया है। प्राधिकरण के आवासीय भूखण्ड पाने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे लोग 60.60 वर्गमीटर क्षेत्रफल के इन भूखण्डों को बोली लगाकर खरीद सकेंगे। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं में स्थित व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, होटल, फाइन डाइन व मिश्रित भू.उपयोग आदि के भूखण्ड भी ई.ऑक्शन के माध्यम से लिये जा सकेंगे। एलडीए की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने प्राधिकरण द्वारा कराये गये पिछले ई-ऑक्शन में बोली लगाने वाले सफल आवंटियों को गुरूवार को कार्यालय में आमंत्रित करके आवंटन सूचना पत्र सौंपे।

इस अवसर पर उन्होंने आवंटियों को बधाई देते हुए कहा कि सम्बंधित द्वारा इन सम्पत्तियों पर जो भी प्रोजेक्ट लाये जाएंगेए उसके लिए मानचित्र आदि स्वीकृत करने की समस्त कार्यवाही को सिंगल विन्डो सिस्टम के अंतर्गत निष्पादित कराया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये कि ई.ऑक्शन में बोली लगाने वाले सभी सफल आवंटियों को जल्द से जल्द आवंटन पत्र निर्गत कर दिये जाएं। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण ने ई.ऑक्शन के माध्यम से इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 1300 करोड़ रूपये की सम्पत्ति बेची है। 20 फरवरी को कराये गये पिछले ई.ऑक्शन में ही 22 सम्पत्तियां 550 करोड़ रूपये में बिकी हैं।

#### 60.60 वर्गमीटर के आवासीय भूखण्ड भी शामिल

**व्यावसायिक** सम्पत्ति के प्रभारी अधिशासी अभियंता मनोज सागर ने बताया कि हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना के सेक्टर.एच में नये सृजित किये गये 60.60 वर्गमीटर के 137 आवासीय भूखण्ड व 8 व्यावसायिक भूखण्डों को भी इस बार के ई.ऑक्शन में लगाया गया है, जिसके लिए इच्छुक लोग पंजीकरण कराकर ऑक्शन में बोली लगा सकेंगे। इसके अलावा गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, शारदा नगर, सीजी सिटी, कानपुर रोड व ट्रांसपोर्ट नगर समेत अन्य योजनाओं में स्थित व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, होटलए फाइन डाइन, आवासीय व मिश्रित भू.उपयोग आदि के भूखण्ड भी ई.ऑक्शन के माध्यम से लिये जा सकेंगे।

---

# बच्ची से बलात्कार का आरोपी मौलवी गिरफ्तार, पीड़िता की मां भी पकड़ी गई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** के मलीहाबाद क्षेत्र में आठ साल की बच्ची से सामूहिक बलात्कार के मामले में पुलिस ने एक मौलवी और पीड़िता की मां को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) विश्वजीत श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि एक व्यक्ति ने कुछ दिन पहले मलीहाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी आठ साल की बेटी के साथ मदरसे में पढ़ाने वाले दो लोगों ने बलात्कार किया है। दोनों आरोपियों की पहचान मोहम्मद आबदीन और उसके भाई अरशद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 376 डी (सामूहिक बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। श्रीवास्तव ने बताया, हमने मोहम्मद आबदीन और पीड़िता की मां को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आबदीन के फरार भाई की तलाश की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पीड़िता के पिता खाड़ी देश में काम करते हैं और वह आठ महीने से विदेश में है। इसी दौरान बच्ची की मां और आबदीन के बीच संबंध बन गए। आरोप है कि आबदीन उसकी आठ साल की बेटी से बलात्कार करता था। उसका भाई भी बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाता था। यह सब पीड़िता की मां की जानकारी में होता था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि घर लौटने पर बच्ची के पिता को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित बच्ची की मां को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

# एमडीए राउन्ड को लेकर स्थलीय निरीक्षण करेगी केन्द्रीय टीम

● **केंद्रीय टीम ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा से की भेंट**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**फाइलेरिया** उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन अभियान की प्रगति देखने गुरुवार को केंद्र सरकार की टीम तीन दिवसीय दौरे पर राजधानी लखनऊ पहुंची। टीम में संयुक्त सचिव वीबीडी राजीव मांझी,निदेशक एनसीवीबीडीसी डॉ तनु जैन और अन्य अधिकारी शामिल हैं। टीम ने गुरुवार को सर्वप्रथम पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से मुलाकात की। इस मौके पर वीबीडी के प्रदेश के प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारी अगले दो दिन प्रदेश में स्थलीय निरीक्षण करेंगे। शासन स्तर



पर हुई बैठक के दौरान संयुक्त सचिव डॉ राजीव मांझी ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए भारत सरकार के लक्ष्य और नए निर्देशों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने प्रदेश में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) राउन्ड की प्रगति पर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की सराहना की। वहीं डॉ तनु जैन, निदेशक, एनसीवीबीडीसी ने फाइलेरिया अभियान की तैयारी और प्रगति को पावर पॉइंट प्राजेंटेशन के जरिए बताया। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के अधिकारियों से केंद्रीय टीम के सहयोग और कार्यक्रम के हर पहलू को ध्यान से देखने को निर्देश दिए। गौरतलब है कि 10 फरवरी से शुरू हुआ एमडीए अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। वर्तमान में प्रदेश में फाइलेरिया प्रभावित 51 जिले हैं। 31 दिसंबर 2023 तक प्रदेश में लिम्फेटिक फाइलेरियासिस के 95122 एवं हाइड्रोसील के 24285 रोगी चिन्हित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों ने फाइलेरिया उन्मूलन की रणनीति को लेकर स्वयंसेवी संस्थानों के साथ भी बैठक की। बैठक में डब्ल्यूएचओ, यूपीटीएसयू, पीसीआई, पाथ और सीफार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्वयं सेवी संस्थानों के अधिकारियों ने ने यूपी में किए गए कार्यों का संक्षिप्त परिचय दिया। साथ ही आने वाले दिनों में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

---

# यूं ही नहीं कोई फाइलेरिया योद्धा बन जाता है

● **राम कुमार ने 226 लोगों को खिलाई फाइलेरियारोधी दवा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मैं** अकेला ही चला था जानिब-ए-मंजिल मगर। लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया। यह शेर मोहनलालगंज ब्लॉक के बिंदौआ गांव के फाइलेरिया मरीज 63 वर्षीय राम कुमार द्विवेदी पर बिल्कुल सटीक बैठता है। राम कुमार साल 2019 में होमगार्ड की नौकरी से सेवानिवृत हुए। तीन माह पहले वह दुर्गामाता फाइलेरिया समूह से जुड़े और लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए जागरूक करना शुरू किया।

रामकुमार बताते हैं कि पहले तो वह जब समूह से जुड़े तो लोगों ने कहा कि इससे क्या लाभ होगा लेकिन मुझे फाइलेरिया की गंभीरता का एहसास था। मेरे बाद समूह में धीरे-धीरे कर 10 लोग और जुड़ गए। वह लगभग 20 साल से फाइलेरिया से पीड़ित हैं और उनका बायां पैर प्रभावित है। तमाम इलाज के बाद भी कोई लाभ नहीं हुआ। जब दवा खाते थे तो सूजन कम हो जाती थी लेकिन उसके बाद बढ़ जाती। जब से समूह से जुड़े और व्यायाम व फाइलेरिया ग्रसित पैर की देखभाल के तरीके सीखे। व्यायाम से सूजन नहीं बढ़ी है। समूह से जुड़कर ही यह जानकारी मिली की फाइलेरिया से बचाव का सबसे अच्छा तरीका फाइलेरियारोधी दवा का सेवन है। इसके बाद मैनें लोगों को जागरूक करना शुरू किया। कई बार लोग दवा खाने से इंकार करते हैं, लोग कहते हैं कि मुझे फाइलेरिया नहीं है तो मैं दवा क्यों खाऊं या फिर दवा को लेकर तरह-तरह की बातें करते हैं, ऐसे में मैं लोगों को बताता हूं कि फाइलेरियारोधी दवाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और फाइलेरिया से बचने का सबसे अच्छा तरीका इन दवाओं का सेवन है। इस दौरान मैं लोगों को अपना पैर दिखाता हूं और अपनी कहानी भी बताता हूं, जिसके बाद लोग दवा खाने के लिए राजी हो जाते हैं।

# विकसित देश-प्रदेश के लिए निवेश आवश्यक: मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने गीडा को दी 1040 करोड़ रुपए की 20 परियोजनाओं की सौगात

● कहा, जब नीयत अच्छी होती तो परिणाम भी अच्छे आते

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और इसके लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है।

सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपए की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर 13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपए की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लांच करने के साथ 300 करोड़ रुपए के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फू ड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास तथा 90 करोड़ रुपए के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहा है, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। जब नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं। आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित हो, इसके लिए बीते कुछ वर्षों में तमाम प्रयास हुए हैं। गीडा में वरुण ब्रेवरेज, केयान डिस्टलरीज, सीपी मिल्क, तत्वा प्लास्टिक, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशनए इंडिया ऑटोव्हील्स, बालाजी प्रोसेसर्स, रूंगटा इंडस्ट्रीज, कपिला कृषि उद्योग, सिंह पेपर प्रोजेक्ट के निवेश का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ इन्हीं निवेश परियोजनाओं से करीब 5000 युवाओं को यही नौकरी व रोजगार उपलब्ध होगा। सीएम ने कहा कि गीडा क्षेत्र में अन्य उद्योग भी लग रहे हैं। 25 एकड़ में गारमेंट पार्क, 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित हो रहा है। 34 करोड रुपए की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री भी बन रही है। इसके अलावा सरकार 5500 एकड़ में धुरियापार म ेंऔद्योगिक टाउनशिप बनाने जा रही है। हाल में ही नई सीमेंट फैक्ट्री के लिए प्रस्ताव मिला है। इसके लिए निवेशक को भूमि दिखा दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी उत्पाद की पैकेजिंग का अपना महत्व है। कोई उत्पाद कितना भी अच्छा हो, अगर उसका बाहरी आवरण ठीक नहीं है तो वह बाजार की प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएगा। किसी उपभोक्ता की पहली नजर उत्पाद के पैकेज पर पड़ती है। अगर उत्पाद सजा हुआ है तो लोग उसे देखते हैं। उत्पाद की कीमत बढ़ाने के साथ बड़ा बाजार उपलब्ध कराने में भी पैकेजिंग महत्वपूर्ण है। उन्होंने पैकेजिंग के क्षेत्र में नई यूनिट डालने के लिए एसडी इंटरनेशनल के निदेशकों को साधुवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ विकास हो रहा है तो दूसरी तरफ आस्था का सम्मान भी हो रहा है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद श्री अयोध्याधाम में भगवान श्रीरामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे श्री अयोध्याधाम में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करने अवश्य जाएं।

# केन्द्रीय मंत्री आयुष ने किया चार दिवसीय तीसरे अंतरराष्ट्रीय आरोग्य-2024 का शुभारम्भ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केन्द्रीय** आयुष मंत्री सर्वानंद सोनवाल ने आज अवध शिल्पग्राम लखनऊ में 22 से 25 फरवरी, 2024 तक चार दिवसीय तीसरे अंतर्राष्ट्रीय आरोग्य-2024 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें ज्ञात है कि इस परम्परागत चिकित्सा प्रणाली में हम सब सर्वोत्तम है। आयुष हमारी प्राचीनतम उच्च चिकित्सा पद्धति है। यह आज के समय की आवश्यकता और इसकी प्रमाणिकता भी वैज्ञानिक है। उन्होंने कहा कि आयुष के विकास का श्रेय हमारे प्रधानमंत्री दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। उन्होंने देश में आयुष के विकास के लिए शिक्षण, प्रशिक्षण और उत्पादन का एक अच्छा ईको सिस्टम तैयार किया है।

केन्द्रीय आयुष मंत्री ने कहा कि आयुष के विकास के लिए हमारे देश में सभी जगहों पर स्थानीय स्तर पर पर्याप्त संसाधन है। हम वोकल फार लोकल से ग्लोबल की ओर अग्रसर हो रहे हैं। भारत आयुष की क्षेत्र में अपने आत्मनिर्भरता सिद्ध करते हुए अपनी आवश्यकतानुसार विश्व को अपने साथ जोड़कर एक वैश्विक समाज का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज के आयोजन से हमे अपने आयुष के जीवनशैली को वैश्विक पहचान दिलाने में सफल होंगे। इस तरह आयुष के प्रोत्साहन से हम सम्पूर्ण मानवता को खुशहाली की ओर ले जा पायेंगे।

केन्द्रीय आयुष मंत्री ने कहा कि हमारी आयुष पद्धति को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने मान्यता दी है और परम्परागत चिकित्सा पद्धति में हम शिखर पर है। चूंकि इसकी वैज्ञानिकता भी सिद्ध है। उप्र में आयुष के लिए एक अच्छा वातावरण है। उप्र भारत का एक खूबसूरत राज्य है। केन्द्रीय आयुष राज्यमंत्री मंजूपारा महेन्द्र भाई ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयुष के क्षेत्र में भारत ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। आयुष के प्रोत्साहन के साथ-साथ परम्परागत औषधियों के उत्पादन और निर्यात में बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने अपने सम्बोधन में कहा कि आयुष हमारे देश की सबसे प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है। राज्य सरकार इस प्रणाली को लोकप्रिय बनाने तथा जन-जन के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का कार्य कर रही है। इस पद्धति को और प्रमाणिक, सुलभ बनाने के लिए प्रयासरत हैं। विभिन्न जनपदों में आयुष के 4000 चिकित्सालय लोगों को चिकित्सकीय सुविधाये उपलब्ध करा रही हैं।

# लोन दिलाने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करेने वाली महिला सरगना सहित 8 गिरफ्तार




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोन** दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एसटीएफ ने महिला सरगना सहित आठ जालसाजों को नोएडा से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से भारी मात्रा में डिजिटल कूटरचित दस्तावेज और इलेक्ट्रानिक उपकरण बरामद हुए।

जालसाजों के इस गिरोह के संबंध में एसटीएफ मुख्यालय स्थित साइबर टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्रवाई की जा रही थी। तकनीकी विषेषज्ञता एवं मुखबिर के माध्यम से मिली सटीक सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने बृहस्पतिवार को सुबह 7:30 बजे संगठित गिरोह की छाया सिंह निवासी अराना इटहा, थाना रसूलाबाद, कानपुर देहात (मास्टरमाइंड), प्रिया शुक्ला निवासी क्रिस्टल फ्लोर-डी 106, चैगानपुर, ग्रेटर नोएडा, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर, आंचल चौधरी निवासी ग्राम भवानी पीर नियर सनौटा नहर, थाना सिकन्दराबाद, हापुड, सुलेखा निवासी मार्डन रेलवे सिटी, छपरौला गिरधर पुर थाना छपरौला, गाजियाबाद, अंकित निवासी नगला फिरोज मोहनपुर, थाना नन्दग्राम, गाजियाबाद, सोनू उर्फ विजेन्द्र प्रताप सिंह चौहान निवासी ग्राम जादे का पुरवा, पोस्ट ज्ञासपुर, थाना सौरिख, कन्नौज, अर्चना प्रजापति निवासी मकान नं. 178 पुरानी झूंसी, थाना झूंसी, प्रयागराज और शिवानी निवासी तेलमील गेट, किशनपुरा, थाना मोदीनगर, गाजियाबाद को सी- 4 सेक्टर 63, नोएडा से गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरोह की मास्टरमाइंड छाया सिंह ने बताया कि मैं वर्ष-2020 से शंकर शर्मा के आफिस में बैकेंड का काम देखती थी। वहीं पर मेरी मुलाकात अंकित, सोनू, प्रिया, आंचल, सुलेखा, अंकिता, शिवानी आदि से हुई। हम लोग लोन लेने के इच्छुक लोगों को इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस,धानी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन लोन दिलाने का झांसा देकर कूटरचित दस्तावेज भेजकर कर फर्जी बैक खातों में रुपए मंगाकर ठगी करते थे। अधिक रुपए कमाने के लालच में हम लोग अगस्त-2023 में उल्लास कुमार गोस्वामी की फर्जी आईडी बनाकर सी-4 सेक्टर 63 नोएडा के मालिक से रेंट एग्रीमेंट बनवाकर अपना खुद का आफिस खोलकर ठगी का काम करने लगे। इस काम को करने के लिए हम लोगों द्वारा रजत नाम के साफ्टवेयर इंजीनियर से कस्टमर का डेटा प्राप्त किया जाता है। जिसको रजत जस्ट डायल व सोशल मीडिया प्लेटफार्म से प्राप्त करके देता है। प्री-एक्टीवेटेड सिम लव व गणेश से लिया जाता है। रजत द्वारा दिए गए डेटा पर काल कर लोगों को बताया जाता है कि इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस में मैनेजर हूं, आपका लोन हो जाएगा। जिसके रजिस्ट्रेशन के लिए आपको 4500 रुपए ऑनलाइन भेजना होगा जिसके बाद आपको एप्रूवल लेटर आएगा। कस्टमर को अपने विश्वास में लेने के लिए इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस का कूटरचित आईटी कार्ड व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा जाता है। जब कस्टमर द्वारा पेमेंट कर दिया जाता है तो हम लोग व्हाट्सएप के माध्यम से इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस का लोन एप्रूवल लेटर भेजकर बताते हैं कि आपको ईसीएस के लिए लोन के अनुसार रुपया भेजना पड़ेगा, जिसमें से 250 रुपए कट जाएगा।

आपके द्वारा जमा किया गया शेष धन लोन के साथ रिफंड कर दिया जायेगा। इस पर विश्वास करके जब कस्टमर द्वारा पेमेंट कर दिया जाता है तो उनको व्हाट्सएप के माध्यम से एमाउंट रिसीविंग लेटर भेज दिया जाता है। फिर लोन एमाउंट का 18 प्रतिशत जीएसटी भुगतान करने की पिच की जाती है कि हम उस बैंक से बोल रहे है जहां से आपका लोन हो रहा है। जिससे कस्टमर को विश्वास हो जाए। जब कस्टमर जीएसटी भुगतान कर देता है तो उसे कंफर्मेशन लेटर व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दिया जता है और बताया जाता है कि आपको लोन पर इंश्योरेंस कराना पडेगा, आदि तरीकों से हम लोग ठगी करते हैं।

# पुलिस भर्ती बोर्ड ने पेपर लीक मामले में मांगा साक्ष्य के साथ प्रत्यावेदन

● आज शाम छह बजे तक अभ्यर्थियों को देने होंगे साक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पुलिस आरक्षी के पद पर सीधी भर्ती के लिए हुई परीक्षा का पेपर लीक होने की शिकायतों के लिए गठित समिति ने अपनी जांच प्रारंभ कर दी है। भर्ती बोर्ड ने इस मामले में साक्ष्य के साथ ही प्रत्यावेदन मांगा है। बोर्ड ने कहा है कि अभ्यर्थी इस विषय में सुसंगत साक्ष्यों एवं प्रमाणों के साथ अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार को शाम छह बजे तक दे सकते हैं। प्रत्यावेदन एवं प्रमाणों का परीक्षण करने के बाद निर्णय लेते हुए अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भर्ती बोर्ड के अपर सचिव की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि नागरिक पुलिस में सिपाही के पदों पर सीधी भर्ती के लिए 17 व 18 फरवरी को आयोजित लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्रों के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं मीडिया में सूचनाएं आ रही हैं। इस क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न जिलों में प्रत्यावेदन भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस विषय में बोर्ड ने अभ्यर्थियों से सुसंगत प्रमाणों एवं साक्ष्यों के साथ प्रत्यावेदन मांगा है। प्रत्यावेदन में अभ्यर्थी को अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं आधार नंबर भी देना होगा। यह प्रत्यावेदन बोर्ड की ई-मेल आईडी पर 23 फरवरी को शाम छह बजे तक भेजना होगा। इससे पहले बोर्ड ने प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों की जांच के लिए एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक आंतरिक जांच समिति गठित करने का एलान किया था। इस कमेटी को प्रश्नपत्र लीक होने की शिकायतों, प्रश्नपत्र की छपाई में गड़बड़ी, कुछ केंद्रों पर प्रश्नपत्र देर से पहुंचने और अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम से प्रवेश पत्र जारी होने के मामले की जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# किसान पथ का डीएम ने किया निरीक्षण युद्धस्तर पर कार्य के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किसान** पथ का डीएम द्वारा निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन कार्यों का डीएम द्वारा मौके पर जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा युद्धस्तर पर कार्य करते हुए किसान पथ का निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए गए। गुरुवार को किसान पथ के निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यो के भौतिक सत्यापन के उद्देश्य से जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार किसान पथ पहुँचे। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण की शुरुआत कानपुर रोड स्थित चैनेज 24 से की गई। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा चैनेज 24 से होते हुए चैनेज 39 तक के रूट का निरीक्षण किया गया। चैनेज 39 जो की आगरा एक्सप्रेस वे के पास है पर युद्धस्तर पर कार्य होता पाया गया। जिलाधिकारी ने युद्धस्तर पर कार्य करते हुए किसान पथ का निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए।

# जल व वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए निरन्तर प्रयास किए जाएं: अरुण सक्सेना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यावरण,** वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरूण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आज उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय में विभागीय कार्यो की समीक्षा की गई। मंत्री द्वारा विभाग के अधिकारियों को बोर्ड के दायित्वों, निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को समयबद्ध रूप से निस्तारित किये जाने तथा राज्य में उद्योगों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का प्लेटफार्म दिये जाने संबंधी निर्देश दिये गये। उन्होंने बोर्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश की जल एवं वायु गुणवत्ता में सुधार लाये जाने के लिए निरन्तर प्रयास किए जाएं। अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मनोज सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित बोर्ड के अधिकारियों एवं वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए समस्त क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मंत्री द्वारा दिए गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए एवं उक्त कार्यो की नियत समीक्षा अग्रिम बेठक में की जाएगी। सदस्य सचिव, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संजीव कुमार सिंह द्वारा सूचीबद्ध बिन्दुओं के संबंध में प्रस्तुतिकरण कराया गया, जिसमें बोर्ड में सहमति आवेदन के शुल्क में संशोधन के लिए राज्य सरकार को प्रेषित प्रस्ताव, बोर्ड के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति, बोर्ड की स्ट्रेन्थनिंग के लिए उप्र शासन को प्रेषित प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति, प्रदेश के उद्योगों/ स्थानीय निकाय/ छावनी परिषद आदि के विरुद्ध बोर्ड द्वारा जारी किए गए।

# शिकायतें लटकाने पर एसडीएम खफा, अधिकारियों को दी चेतावनी

## तहसील के राजस्व निरीक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**प्रशासन** की सख्ती के बावजूद मोहनलालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरती जा रही है। शिकायतों की समीक्षा के बाद एसडीएम ने लापरवाही बरत रहे अधिकारियों को चेतावनी दी है। मोहनलालगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की डेढ़ दर्जन से अधिक शिकायतों का दो सप्ताह बाद भी निराकरण नही किया जा सका है। जिसकी वजह से फरियादी न्याय के लिए तहसील के चक्कर काट रहे हैं। एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने शिकायतों की समीक्षा के बाद ऐसे 21 मामले चिन्हित कर जिम्मेदार विभागों को पत्र भेजकर चेतावनी दी है।

### राजस्व निरीक्षकों से स्पष्टीकरण तलब

**शिकायतों** की समीक्षा में 5 राजस्व के मामले भी लम्बित पाए गए हैं। तहसील के कुछ राजस्व निरीक्षक भी शिकायतों के समाधान में दिलचस्पी नही ले रहे हैं। एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने शिकायतों को लटकाए बैठे राजस्व निरीक्षकों से स्पष्टीकरण तलब किया है। जिसके बाद राजस्वकर्मियों में हड़कंप मच गया है। शिकायतों को लटकाने में पुलिस विभाग के अधिकारी दूसरे नंबर हैं। जिसे लेकर थाना प्रभारियों को पत्र भेजा गया है।

# वकीलों की शिकायत के बाद जागा प्रशासन, टायलेट की मरम्मत शुरु

● एसडीएम ने निरीक्षण कर देखी हकीकत मातहतों को लगाई फटकार

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**एसडीएम** दफ्तर की चौखट से लेकर टायलेट तक हो रहे गन्दगी के रिसाव को लेकर वकीलों की शिकायत के बाद एसडीएम ने मामले की सुध ली है। टायलेट से रिस रही गन्दगी की समस्या दूर कराने के लिए एसडीएम ने मातहतों को फटकार लगाई है। इसके साथ ही नगर पंचायत प्रशासन को भी व्यापक साफ सफाई कराने की हिदायत दी गई है। मोहनलालगंज तहसील में एसडीएम दफ्तर की चौखट व आंगन से लेकर बार भवन के निकट स्थित टायलेट तक काफी समय से गन्दगी का रिसाव हो रहा है। जिसे लेकर तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज कुमार और पूर्व महामंत्री ललित मिश्र ने नवागत एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा से शिकायत दर्ज कराई। कुछ अधिवक्ताओं ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी अधिकारियों से सामने मामला उठाया। जिसके बाद एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने गुरुवार को निरीक्षण कर हकीकत का जायजा लिया। नाराज एसडीएम ने तहसील कर्मियों को तलब कर फटकार लगाकर एसडीएम दफ्तर के ऊपर प्रथम तल पर स्थित टायलेट की मरम्मत कर चोंक पाइपलाइन दुरुस्त कराने और चैम्बर की सफाई कराने के निर्देश दिए। वहीं तहसील बार एसोसिएशन भवन के निकट स्थित टायलेट के चैम्बर की भी सफाई कराने की हिदायत दी। इसके साथ ही नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को भी नियमित साफ सफाई के लिए टीम जुटाने के निर्देश दिए। एसडीएम की सख्ती के बाद गुरुवार को तहसील में टायलेट की मरम्मत का कार्य शुरु कर दिया गया है। एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने बताया जल्द ही तहसील के प्रथम तल और बार भवन के निकट स्थित टायलेट से गन्दगी के रिसाव की समस्या दूर कर ली जाएगी।

### महापौर से मिले ठेकेदार, मेयर ने दिया आश्वासन

**लखनऊ।** महापौर से ठेकेदारों द्वारा मुलाकात की गयी। ठेकेदारों की समस्याओं को महापौर द्वारा सुना गया। महापौर द्वारा ठेकेदारों की सस्याओं को गंभीरता से निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। गुरुवार को महापौर ने समस्याओं के तेज निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश। लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के तहत महापौर सुषमा खर्कवाल के कार्यालय में सिविल ठेकेदारों की पंजीकृत यूनियन के बैनर तले अपनी समस्याओं एवं उनके निस्तारण के लिए भेंट की। सम्बन्धित सिविल ठेकेदारों की पंजीकृत यूनियन द्वारा माव महापौर सुषमा खर्कवाल को अपनी समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया। जिसके तहत महापौर ने इन समस्याओं को सुना और जल्द से जल्द समस्यायों के निस्तारण के लिए संगठन के अध्यक्ष धनंजय सिंह, राहुल सिंह को आश्र्वस्त किया। साथ में उपस्थित ठेकेदार एवं यूनियन के तमाम सदस्यों ने महापौर को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 24 फरवरी को मोहनलालगंज में बाधित रहेगी बिजली

**मोहनलालगंज।** ओल्ड सबस्टेशन पर वायर और ब्रेकर बदलने का कार्य किए जाने से शनिवार को मोहनलालगंज के दोनों सबस्टेशन से पोषित सभी फीडर की सप्लाई ठप रहेगी।अधिकारियों ने सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए खेद जताया है। मोहनलालगंज ओल्ड सबस्टेशन के स्विच रुम में शनिवार को डॉग कंडक्टर को पैंथर कंडक्टर में बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसकी वजह से सीएचसी व नई जेल और फत्तेखेड़ा सिसेण्डी कनकहा धनुवासांड़ उतरठिया समेत अन्य इण्डस्ट्रियल फीडर की सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त मोहनलालगंज न्यू सबस्टेशन पर ब्रेकर बदलने का कार्य किया जाएगा। लिहाजा मऊ और मोहनलालगंज कस्बा समेत तहसील सबस्टेशन से पोषित सभी फीडर की सप्लाई भी इस समयावधि में ठप रहेगी। जबकि 23 फरवरी को अमेठी सबस्टेशन की लाइन में पेड़ों की कटाई छंटाई के लिए गंगागंज अमेठी व घुसकर फीडर की सप्लाई बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियन्ता घनश्याम त्रिपाठी ने उपभोक्ताओं से बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए मरम्मत कार्यों की आवश्यकता जताकर सहयोग की अपील की है।

### इजरायल जाने के इच्छुक श्रमिकों से शीघ्र आवदेन की अपील

**लखनऊ।** श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कुशल कामगारों व श्रमिकों को इजरायल में सेवायोजित किए जाने का अवसर दिया गया है, जो श्रमिक इजराइल जाने के इच्छुक हैं, वे अपना पंजीकरण क्षेत्रीय श्रम कार्यालय में करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल को नवनिर्माण कार्य के लिए श्रमिकों की आवश्यकता है। इसलिए यह भारतीय श्रमिकों के लिए बहुत बड़ा अवसर है। श्रम मंत्री ने कहा कि श्रमिकों को इजरायल में सेवायोजित किए जाने के लिए पहले चरण में 5000 श्रमिकां को भेजने की कार्यवाही पूरी की जा चुकी है। दूसरे चरण की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कुशल कामगारों से अपील की है कि शीघ्र ही अपना आवेदन कर दें। उन्होंने कहा कि 25 फरवरी, 2024 तक आवेदन किया जा सकता है और 28 फरवरी, 2024 से टेस्टिंग का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इसलिए इच्छुक श्रमिक लाभ लेने के लिए शीघ्र से शीघ्र आवेदन करें।

### ललितपुर में फार्मा पार्क के स्थापना कार्य का श्रीगणेश जल्द

**लखनऊ।** बुंदेलखंड के ललितपुर में प्रस्तावित बल्क ड्रग फार्मा पार्क को विकसित करने के कार्य का जल्द ही श्री गणेश होने जा रहा है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने 25 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत करते हुए धनराशि जारी करने के निर्देश दिए हैं, जिससे फार्मा पार्क के प्रथम चरण को विकसित करने के लिए सब स्टेशन एवं ट्रांसमिशन लाइन के साथ पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य कराया जा सके, वहीं जल्द ही मास्टर प्लान के साथ ही डीपीआर बनाने के भी निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

### सतत विकास पर कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) ने लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के सहयोग से गुरुवार को सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक कार्यशाला का आयोजन किया। यह आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आईआईपीए के चेयरपर्सन आर. रामानी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन करने से हुई, जो सतत विकास की दिशा में ज्ञानवर्धक यात्रा का प्रतीक है। आईआईपीए के सचिव रवींद्र नाइक ने उपस्थित लोगों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए, कार्यशाला की थीम का परिचय देकर और इसके महत्व पर जोर देकर सत्र 1 की शुरुआत की। इसके बाद, आईआईपीए के अध्यक्ष आर. रमानी ने आईआईपीए के मिशन, कार्यशाला के फोकस और व्यापक विषय पर प्रकाश डालते हुए एक भाषण दिया।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एक** युवती को बहला फुसलाकर भगाने व उसकी हत्या करने के मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्त सचिन मौर्य को पॉक्सो की विशेष अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज विजेंद्र त्रिपाठी ने इस पर 21 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

12 दिसंबर 2013 को इस मामले की एफआईआर युवती के पिता ने थाना आशियाना में दर्ज कराई थी। विशेष लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय व अरुण कुमार के मुताबिक दो दिन पहले अभियुक्त युवती को भगा ले गया था। फिर एक कमरे में वह मृत अवस्था में पाई गई। विवेचना के दौरान इस मामले में अभियुक्त का नाम प्रकाश में आया था। विशेष अदालत ने इसे दुष्कर्म व एससी एसटी एक्ट के आरोप से दोषमुक्त कर दिया है।

# थाईलैंड के बुद्ध भूमि कार्यक्रम में पवेलियन स्थापित करेगा यूपी का पर्यटन विभाग

● स्थलों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग करके पर्यटकों व निवेशकों को आकर्षित करने का किया जाएगा प्रयास: जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**23** फरवरी से 3 मार्च, 2024 तक थाईलैंड में आयोजित किए जा रहे बुद्ध भूमि कार्यक्रम में पर्यटन विभाग उप्र प्रदेश में स्थित बौद्ध स्थलों की ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग के लिए पवेलियन स्थापित करेगा। यह कार्यक्रम बैंकाक के सनम लुयांग रॉयल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। पवेलियन के माध्यम से भगवान बुद्ध से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों के बारे में प्रचार-प्रसार करके पर्यटकों को लुभाने तथा निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करेगा।


यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बुद्ध भूमि कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग पवेलियन के माध्यम से निवेशकों को लुभाने एवं प्रदेश में स्थित बौद्ध धर्म से संबंधित विभिन्न स्थलों में निवेश के अवसर और व्यवसाय संभावनाओं की जानकारी दी जायेगी। इस कार्यक्रम में आगन्तुकों को कुशीनगर, सारनाथ, श्रावस्ती, कपिलवस्तु समेत अन्य बौद्ध स्थलों से जुड़ी लघु फिल्म भी दिखाई जाएगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि अभी हाल में सम्पन्न चतुर्थ ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि उप्र में भारत का सबसे बड़ा टूरिज्म हब बनने की सामर्थ्य है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उप्र पिछले 6-7 वर्षों में अपनी छवि में परिवर्तन किया है। बीमारू राज्य की श्रेणी से निकलकर असीमित सामर्थ्य युक्त राज्य के रूप में स्थापित हो चुका है। इसका लाभ पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने वाले निवेशकों को उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कम समय एवं कम लागत में प्रदेश के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचने के लिए उप्र में सर्वाधिक एक्सप्रेसवे तथा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट हैं।

जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि दुनिया को बौद्ध स्थलों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जिससे अधिक से अधिक पर्यटक इन स्थलों का भ्रमण कर सकें। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि पवेलियन में आने वालों को भगवान बुद्ध से संबन्धित पुस्तकें, बौद्ध धार्मिक स्थलों से जुड़े यात्रा वृतांत की जानकारी मिलेगी। इस आयोजन में कई परिचर्चाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

# पत्नी, प्रेमी व साथी को आजीवन कारावास

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**अपने** प्रेमी व उसके साथी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने वाली अभियुक्ता तारा को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने इसके प्रेमी जमुना प्रसाद उर्फ बबलू व बबलू के साथी रहीश अहमद को भी उम्र कैद की सजा से दंडित किया है। एडीजे नरेंद्र कुमार तृतीय ने इन तीनों पर 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

एक अप्रैल 2011 को इस मामले की रिपोर्ट हंसराज यादव ने थाना ठाकुरगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अरुण पांडेय के मुताबिक हंसराज ने थाने में सूचना दी थी कि बरी जंगल के किनारे बने नाले में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है। विवेचना के दौरान मालूम हुआ कि मृतक का नाम कलेक्टर उर्फ राजेश है और तारा उसकी पत्नी है। तारा का प्रेम संबंध जमुना से था। उसने प्रेम संबंध में रोड़ा बन रहे अपने पति की हत्या की साजिश रची। अपने प्रेमी जमुना व उसके साथी रहीश के साथ मिलकर अपने पति को दारू पिलाई। फिर तीनों ने ईट से सिर व चेहरा कुचकर उसकी हत्या कर दी।

# मिलकर काम करेंगे राजर्षि टंडन विवि और बुंदेलखंड विवि

## समन्वित रूप से कार्य करने हेतु दोनों विश्वविद्यालयों के बीच समझौता ज्ञाप पर हुए हस्ताक्षर

**संवाददाता।** प्रयागराज



**उत्तर** प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य बृहस्पतिवार को परस्पर समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में एक दूसरे को सहयोग देने के लिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी के कुलपति प्रो मुकेश पाण्डेय के उपस्थिति में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी के कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने परस्पर सहमति पत्र एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी की विशिष्टताओं का लाभ मिलेगा। जो उनके कैरियर संवर्धन में काफी लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षार्थियों की क्षमता का विकास करना विश्वविद्यालय का उद्देश्य है। उन्होंने कुलपति प्रो मुकेश पाण्डेय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निरंतर मार्गदर्शन में मुक्त विश्वविद्यालय औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ ही महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थानों के साथ एमओयू साइन करके उनकी विशेषताओं से शिक्षार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत है।

इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी के साथ एमओयू प्रक्रिया संपन्न कराई गई। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मुकेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के अंतर्गत डिग्री डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के साथ ही रोजगारपरक कार्यक्रमों को भी संचालित कर रहा है। मुक्त विश्वविद्यालय के इन सभी कार्यक्रमों का लाभ बुंदेलखंड क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्होंने कुलपति प्रो सीमा सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का यह एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय उनके नेतृत्व में चतुर्दिक प्रगति कर रहा है। सरकार की तरफ से चलाए जा रहे कौशल विकास कार्यक्रमों को मुक्त विश्वविद्यालय सफलतापूर्वक संचालित कर रहा है। निश्चय ही आज दोनों विश्वविद्यालयों के परस्पर समझौता पत्र एमओयू पर हस्ताक्षर होने से प्रदेश के छात्रों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुक्त विश्वविद्यालय के डॉ दिनेश सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र मीडिया प्रभारी ने दी।

## लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली बढ़ाने का टारगेटः एआईजी

**सकलडीहा, चन्दौली।** शासन के निर्देश पर मार्च माह में स्टांप का राजस्व् वसूली बढ़ाने का निर्देश है। गुरूवार को सहायक महानिरीक्षक निबंधन चंदौली राजाराम ने सकलडीहा उपनिबंधन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। लक्ष्य के सापेक्ष तहसीलों को लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अगस्त माह से शुरू हुई दान बैनामा के बारे में जानकारी हासिल किया। सकलडीहा में फरवरी माह का स्टांप का राजस्व 255 करोड़ लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें पच्चास प्रतिशित लक्ष्य हासिल किया गया है। इसके अलावा 239 करोड़ का लक्ष्य है। चकिया तहसील को 192 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। वही पीडीडीयू नगर को 909 करोड़ का राजस्व का स्टांप का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही चार अगस्त से शुरू हुई दान वरासत के बारे में जानकारी लिया। एआईजी राजाराम ने बताया कि मार्च माह में स्टांप का राजस्व बढ़ाने का निर्देश है।

# पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने ‘मोदी चाय पे चर्चा’ कार्यक्रम में किया लोगों से संवाद

**संवाददाता।** प्रयागराज



**आज** कल सुबह सुबह गांव की ओर पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह पहुंचकर मोदी चाय पे चर्चा कर ग्रामीणों से संवाद कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा समस्या बताने पर तत्काल अधिकारियों को फोन कर समाधान करने का निर्देश दे रहे हैं। आज करेंहदा प्रवास के दौरान करेंहदा चौराहा स्थित पर लकी स्वीट हाउस के दुकान पर ग्रामीणों के साथ मोदी चाय का आनंद लेते हुए सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि मोदी स्मार्ट गांव के विकास के लिए सदैव तत्पर हैं। गांव की सरकार ही मोदी की आंखे हैं।

विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ग्रामीणों के संग चाय पीते हुए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर वार्ता करते हुए कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए मोदी और योगी ने बहुत बेहतर कार्य किया है। उसी का नतीजा है कि आज किसानों के चेहरे में मुस्कान हैं। ग्रामीण कमलेश मिश्रा ने कहा मोदी द्वारा गरीबों को राशन पीएम आवास शौचालय शिक्षा स्वास्थ्य तथा कौशल विकास एवं सचिवालय भवन देने का सराहनीय कदम से गांववासियों के जीवन का कायाकल्प हो रहा है। पीएम मोदी के पिछले दस सालों के कार्यकाल में शहर पश्चिमी ही नहीं पूरे प्रयागराज का नए भारतीय संस्कृति और पौराणिक धरोहर के साथ पहचान स्थापित हुई हैं। गांव गली मोहल्ले और शहर में विकास की पहचान बन गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में प्रधान के द्वारा कार्य हो रहें हैं। बस सफाई कर्मियों द्वारा नियमित सफाई न होने के कारण गांव की गलियों में गंदा पानी बहने के कारण बहू बेटियों बच्चों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि सीडीओ से मिलकर ग्रामीणों के दर्द से रूबरू कराऊंगा।

# सीएसआर के तहत हुआ निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ




**सोनभद्र।** गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कृष्णशिला परियोजना ने निगमित सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की जिसके अंतर्गत नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग क्लाससेस तथा कोर्स ऑन कंप्युटर कॉन्सेप्ट्स सीसीसी का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

महाप्रबंधक कृष्णशिला क्षेत्र, सुमन सौरभ ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने उद्बोधन में उन्होंने युवावर्ग को देश का भविष्य बताते हुए देश के विकास में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होने सभी ग्रामीण युवाओं का प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उत्साहवर्धन करते हुए स्थानीय समाज के समग्र विकास को समर्पित कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 ग्रामीण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित 6 महीने की अवधि एवं कोर्स ऑन कंप्युटर कॉन्सेप्ट्स सीसीसी में 45 दिन की अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर कृष्णशिला परियोजना से स्टाफ अधिकारी खनन समुन्द्रगुप्त गोयल क्षेत्रीय वित्त प्रबन्धक सुनील कुमार स्टाफअधिकारी कार्मिक प्रवीण कुमार मिश्रा स्टाफ अधिकारी सिविल हुक्माराम सीरवी एवं नोडल अधिकारी सीएसआर ओमवीर सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय खेल का आयोजन

## उभरते भारत की नई तस्वीर तैयार करने का उद्देश्य

**संवाददाता।** गाजीपुर



**जनपद** में गुरुवार को सत्यदेव ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय के स्पोर्ट्स कमेटी द्वारा एनुअल इंटर हाउस एथलेटिक्स मीट 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक,महान शिक्षाविद, सशक्त सामाजिक कार्यकर्ता, प्रोफेसर सानंद सिंह रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा ट्रैक एंड फील्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तत्पश्चात मेजर ध्यानचंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ करने की घोषणा की गई।

विद्यालय के कर्मवीर हाउस, सरदार पटेल हाउस, अंबेडकर हाउस एवं विवेकानंद हाउस के प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दिए। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाते हुए खेल के नियम तथा उसकी सुचिता से अवगत कराये।

कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया जिससे मुख्य अतिथि प्रोफेसर सानंद सिंह ने गदगद मन से विद्यालय परिवार सहित सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय परिवार का एवं प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा की खेलो इंडिया के तहत भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प साधना के अनुसार उभरते भारत की नई तस्वीर को तैयार करने के लिए सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय खेल का आयोजन किया गया है।

यह एक सार्थक कदम है जो केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के संकल्प से जुड़ने का एक अच्छा साधन है। सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल उभरते भारत की तस्वीर है जो जनपद वासियों के एवं आदरणीय अभिभावकों के मन में एक विश्वास पैदा करता है । मुख्य अतिथि के आशीर्वचन के बाद सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के छात्र प्रतिनिधि कंदर्प तिवारी एवं छात्रा प्रतिनिधि महिमा यादव ने मसाल लेकर मैदान में ट्रैक पर मार्च किये। सबसे पहले सीनियर वर्ग के छात्रों का हंड्रेड मीटर स्प्रिंट रेस ,बॉयज एंड गर्ल्स उसके पश्चात जूनियर वर्ग के 100 मीटर स्प्रिंट रेस तथा स्लो साइकिल रेस, रिले रेस एवं लॉन्ग जंप जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक बालिकाओं का अलग-अलग प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में अभिभावक गण उपस्थित थे।

शुक्रवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा 3 तक के छात्र-छात्राओं का खेल प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। उसमें भी सभी अभिभावक गण सादर आमंत्रित हैं जो अपने नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रतिभा के साक्षी सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के मैदान में बन सकते हैं। आप सबको विदित हो कि कल 23 फरवरी 2024 दिन शुक्रवार को सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल माननीय मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव का हुआ स्वागत

**सोनभद्र।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त प्रदेश प्रमुख महासचिव अमरेंद्र आर्य व प्रदेश महासचिव मन्नू पांडे का गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनपद आगमन पर जोरदार स्वागत किया। जनपद मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव व पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद के मन्नू पांडे को समाजवादी लोहिया वाहिनी का प्रदेश महासचिव बनाकर जिले के नौजवानों में जोश भरने का काम किया है। समाजवादी लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त प्रदेश प्रमुख महासचिव अमरेंद्र आर्य व प्रदेश महासचिव मन्नू पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका पूरे जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हम नौजवानों को जो जिम्मेदारी दी है, हम लोग गांव-गांव जाकर अपनी जिम्मेदारी को निभातें हुए समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

### अपहरण के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के नेतृत्व में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में थाना शक्ति नगर में 20 फरवरी को अपहरण को लेकर दर्ज मुकदमे को लेकर कार्यवाही करने हुए शक्ति नगर थाने के उप निरीक्षक बृजनाथ यादव हेडकांस्टेबल मोहम्मद ऐश खान व रुची सिह ने अभियुक्त सुनील साकेत निवासी तेलगवां थाना विन्ध्यनगर जनपद सिंगरौली मध्य प्रदेश, को मुखबीर की सूचना पर दिनांक 21 फरवरी को बस स्टैण्ड शक्तिनगर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### सकलडीहा में परीक्षा को लेकर कड़ी मुस्तैदी

**सकलडीहा, चन्दौली।** यूपी बोर्ड की परीक्षा को लेकर विद्यालयों में काफी सर्तकता बरती गयी। गुरूवार को हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की गहनता से जांच पड़ताल किया गया। इसके बाद उन्हें कक्षा में प्रवेश करने की अनुमति दिया गया। परीक्षा को लेकर सभी कमरों में सीसी कैमरा सहित अलर्ट मूड में शिक्षक रहे। सकलडीहा इंटर कॉलेज, जयहिंद सलेमपुर सहित क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों में सुबह की पाली में हाईस्कूल और दूसरे पाली में इंटर की परीक्षा हुई। परीक्षा को लेकर सभी सेंटरों पर अलग से स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ केन्द्र व्यवस्थापक तैनात रहे। प्रत्येक कक्षा में कक्ष निरीक्षक सीसी टीवी के माध्यम से परीक्षार्थियों की निगरानी में जुटे रहे। केन्द्राध्यक्ष डा. एस के लाल ने बताया कि नकल विहिन और सुचिता पूर्ण परीक्षा को लेकर विद्यालय प्रशासन कटिवद्ध है। इस मौके पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट अवेधश सिंह, सत्यमूर्ति ओझा,डा. प्रमोद पांडेय, घनश्याम पांडेय सहित अन्य कक्ष निरीक्षक व पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

### डिजाइन एवं तकनीकी कार्यशाला का शुभारंभ

**प्रयागराज।** कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में एंब्रॉयडरी क्राफ्ट के शिल्पियों हेतु तीस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ रातगहा चायल कौशांबी में आज से प्रारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प इलाहाबाद केंद्र से आए विशाल वर्मा हस्तशिल्प प्रवर्धन अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा शिल्पियों को विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं डिजाइन तकनीकी कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने शिल्पियों से इस कार्यशाला के माध्यम से एंब्रॉयडरी क्राफ्ट की नवीनतम डिजाइनों को सीखने पर बल दिया। साथ ही साथ उन्होंने बाजार की मांग के अनुसार अपने उत्पाद को तैयार करने के लिए विभिन्न तकनीकों के बारे में शिल्पियों को बताया। कार्यशाला के डिजाइनर शुभम जायसवाल द्वारा विभिन्न डिजाइनों को कैसे कपड़ों में उतरना है। धागे रंगो तथा अन्य कच्चे माल को कहां पर किस प्रकार से उपयोग करना है बारे में शिल्पियों को जानकारी दी।

### जैनी केमिकल प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जैनी केमिकल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई।जैनी केमिकल के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि उन्हें जनपद से 50 एकड़ जमीन नदी के किनारे लीज पर चाहिए। यहां पर उनके द्वारा कृषि क्षेत्र के वेस्ट मैटेरियल यथा गन्ना की खोई,धान की भूसी, पराली सहित अन्य वेस्ट मैटेरियल द्वारा ग्रीन मेथेनॉल व बिजली का उत्पादन किया जाएगा। लगभग वर्ष भर में 20 लाख टन कृषि क्षेत्र के वेस्ट मैटेरियल की आवश्यकता होगी। इसके माध्यम से जहां एक तरफ हमें विदेशी पेट्रोल खरीद के निर्भरता में कमी आएगी वहीं दूसरी तरफ कृषि वेस्ट मैटेरियल पराली आदि जलाने से प्रदूषण का भी बचाव होगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सम्मिलित हुए लोगों को दिलाई गई शपथ

**संवाददाता।** प्रयागराज



**विकसित** भारत संकल्प यात्रा का आयोजन वात्सल्य चौराहा एवं शांतिपुरम फाफामऊ चौराहे पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं डॉ एलएस ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत निर्माण के लिए संकल्प दिलाते हुए कहा कि विश्व के सर्वमान्य नेता एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संपूर्ण विश्व के संरक्षण के लिए विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं।

कहा कि आने वाले दिनों में भारत पूरी दुनिया के लिए विकास का मॉडल बनेगा और संरक्षण करेगा और वैश्विक समस्याओं का निदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है और मेक इन इंडिया से देश के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र में विकास कर रहा है। महामारी से निपटने के लिए स्वदेशी वैक्सीन बना रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है और भारत गरीबी रेखा से निकलकर सशक्त एवं समृद्धिशाली भारत की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर डॉ कीर्तिका अग्रवाल अर्चना शुक्ला पार्षद कृष्ण कुमार पाठक राजेश केसरवानी ने अपने विचार रखे।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर सेल्फी पॉइंट पर पीएम मोदी के साथ लोगों ने सेल्फी ली और मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत लाभार्थियों का अनुभव साझा किया गया। सरकार की योजनाओं की डिजिटल फिल्म देखी गई सरकार की योजनाओं का शिविर लगाया गया। विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर का कैलेंडर एवं टी-शर्ट टोपी वितरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक संजीव जायसवाल एवं भोला सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिन जायसवाल ने किया।

## स्वामी अमृतदास के शिविर में विशाल भण्डारा आयोजित



**प्रयागराज।** माघ मेला के रामानंद अ मार्ग के पश्चिमी पटरी पर स्वामी अमृतदास महराज भक्तमाल दमोह मध्य प्रदेश का शिविर लगा हुआ है। शिविर में श्रीमद्भागवद् कथा पूजन और विशाल अन्नक्षेत्र चल रहा है। स्वामी अमृतदास महराज ने कथा में रुक्मणी विवाह भगवान श्रीकृष्ण के रणक्षोण प्रसंग सहित अन्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वामी अमृतदास महराज ने बताया कि शिविर में अन्नक्षेत्र माघी पूर्णिमा तक चलता रहेगा। स्वामी अमृतदास महराज ने बताया कि श्रीमद्भागवद कथा का समापन गुरुवार को होगा लेकिन अन्नक्षेत्र माघी पूर्णिमा तक चलेगा। त्रिजटा स्नान करके मध्यप्रदेश के दमोह स्थित अपने आश्रम के लिए रवाना होंगे।

# बीएड सेमेस्टर-1 की परीक्षा संपन्न एक नकलची पकड़ा गया



**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में गुरूवार को पूर्वांचल विश्वविद्यालय बी0 एड0 प्रथम सेमेस्टर द्वितीय प्रश्न-पत्र की परीक्षा में एक नकलची पकड़ा गया। स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 अन्य बी.एड. महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। गुरूवार को पूर्वान्ह 11 बजे से अपराह्न 02 बजे की पाली में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर द्वितीय प्रश्न-पत्र की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 1193 परीक्षार्थियों में 1159 उपस्थित एवं 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षाओं की सूचिता एवं पारदर्शिता को लेकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए परीक्षा विभाग, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संपर्क में है। सूचिता एवं पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षा देने के लिए महाविद्यालय परिसर के गेट से घुसते समय सघन तलाशी के साथ छात्र-छात्राओं को मोबाइल, स्मार्टवॉच, पर्स, अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं किसी भी प्रकार का किसी अनुचित साधन सम्बन्धित सामग्री का प्रयोग न करने की हिदायत दी जा रही है।

# अनुप्रिया पटेल के प्रयास से जनपदवासियों को मिली सौगात

## नरायनपुर बाजार रेलवे स्टेशन पर एफओबी का किया शिलान्यास

## वाराणसी सिंगरौली एक्सप्रेस का नारायणपुर बाजार रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू

**संवाददाता।** मीरजापुर



**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री व जनपद की लोकप्रिय सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने गुरुवार को नरायनपुर बाजार रेलवे स्टेशन पर ऊपरगामी पुल (आरओबी) का शिलान्यास किया। साथ ही, केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 13345/13346 वाराणसी सिंगरौली एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आज से इस ट्रेन का प्रायोगिक ठहराव नारायनपुर बाजार स्टेशन पर शुरू हो गया। इस अवसर पर माननीय राज्यसभा सांसद श्री राम सकल जी, माननीय विधायक छानबें श्रीमती रिंकी कोल भी उपस्थित थी।

इस अवसर पर अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आज नारायणपुर बाजार रेलवे स्टेशन पर दो महत्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि वाराणसी सिंगरौली इंटरसिटी का ठहराव आज से प्रारंभ हो गया है, जिससे यहां के जनमानस को ट्रेन को पकड़ने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इस सेवा के अलावा दूसरे कार्य के तौर पर साढे पांच करोड़ की लागत से 80 मीटर की लंबा और 3 मीटर चौड़ा ऊपरगामी सेतु का शिलान्यास हुआ है। इस सेतु के शुरू होने से प्लेटफार्म नंबर 1,2, 3 के बीच यात्रियों को सुगमता पूर्वक आने-जाने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि दोनों विकास परियोजनाएं जनपद की जनता को सुपुर्द करते हुए मुझे बड़ी प्रसन्नता महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी स्टेशन पर नवीनीकरण के कार्य चलते रहेंगे, वर्षों पुरानी बिल्डिंग के ढांचे को समाप्त करके एक नया ढांचा व पूरा स्टेशन परिसर विकसित किया जाएगा और नए ढांचे पर जो कार्य है वह काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है और कुछ ही महीना के अंदर पूरी तरह से एक नया नव्य भव्य स्टेशन नारायणपुर की जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहाँ की जनता की यह वर्षों पुरानी मांग थी, क्योंकि पहले यह अहरौरा स्टेशन रोड हुआ करता था जबकि अहरौरा यहां से 20 किलोमीटर की दूरी पर है, जिसकी वजह से यात्रियों को कंफ्यूजन की समस्या बनी रहती थी, लेकिन अब यह कंफ्यूजन समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि आप साक्षी हैं वाराणसी सिंगरौली हमारे जनपद में सभी स्टेशनों पर रुकती थी किंतु यहां नहीं रुकती थी। यह भी आप सभी की लंबे समय से मांग थी। मुझे प्रसन्नता है कि इंटरसिटी एक्सप्रेस का नारायणपुर बाजार में ठहराव स्वीकृत हो गया है।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेल मंत्रालय ने भी बहुत सारे कार्य जनपद के लिए किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के हर हिस्से में हिस्सा रेलवे ने अभूतपूर्व वृद्धि की है और इसका लाभ जनपद मिर्जापुर को भी मिला है।

# नगर पंचायत में 74 लाख रुपए के लाभ का बजट पारित हुआ



**बसखारी, अंबेडकर नगर।** गुरुवार को नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष ओंकार गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। बोर्ड बैठक में 74 लाख रुपए लाभ का बजट प्रस्तुत करने पर सभासदों ने डैस थपथपा कर हर्ष ध्वनि से बजट का स्वागत किया। बैठक को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए अध्यक्ष ओमकर गुप्ता एवं अधिशाषी अधिकारी विनय द्विवेदी ने बोर्ड बैठक में मौजूद सभी सदस्यगणों को धन्यवाद ज्ञापित किया।वर्ष 2024-25 के लिए मूल अनुमानित बजट 26 करोड़ 44 लाख रूपए का रहा। जिसमें आय 23 करोड़ 94 लाख एवं प्रारम्भिक अवशेष 2 करोड़ 50 लाख को जोड़कर कुल अनुमानित आय का योग 26 करोड़ 44 लाख रुपए के सापेक्ष व्यय 25 करोड़ 70 रूपए का अनुमानित लक्ष्य रखा गया। तद्नुसार उक्त बजट 74 लाख रुपए लाभ का बताते हुए प्रस्तुत किया गया। जिसे बैठक में मौजूद सभासदो ने हर्ष ध्वनि से पास कर दिया। इसी के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत जल निगम द्वारा पाइप लाइन विस्तार तथा पानी टंकी का निर्माण तथा 01 मार्च 24 से 31 मार्च 24 तक गृहकर वसूली में 25 प्रतिशत की छूट का प्रस्ताव बोर्ड की सहमति से पास किया गया।

# सीआईएसएफ बटालियन के रहने हेतु निर्माण के संबंध में डीएम ने की बैठक



**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एमएलसी डॉ.हरिओम पांडे की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सीआईएसएफ की ट्रेनिंग सेंटर, बटालियन रहने के लिए निर्माण हेतु जमीन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डिप्टी कमांडेंट द्वारा अवगत कराया गया कि इसका गठन 1969 में किया गया है। यूपी में अभी इनका कोई ट्रेनिंग सेंटर नहीं जबकि बटालियन के लिए कार्यालय गाजियाबाद में है। उनके द्वारा 9 बिंदुओं पर जमीन के संबंध में जिला प्रशासन से सूचना मांगी गई है। जिसमें 125 एकड़ से 500 एकड़ एक मुश्त निर्विवाद भूमि की आवश्यकता है। जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी अकबरपुर तथा उप जिलाधिकारी टांडा को तत्काल चिन्हित जमीन का मौका दिखाने के लिए निर्देशित किया गया है। अकबरपुर तहसील में थाना क्षेत्र बेवाना ग्राम ससपना के निकट व तहसील टांडा में ग्राम बिहरा सहित अन्य निकटवर्ती ग्राम में जमीन दिखाने के लिए तत्काल टीम रवाना की गई। जमीन का अवलोकन करने के उपरांत सीआईएसएफ के अधिकारियों द्वारा पुनः जिलाधिकारी के साथ बैठक कर अन्य बिंदुओं पर विचार किया जाएगा। यदि सीआईएसएफ का ट्रेनिंग सेंटर जनपद में स्थापित होता है तो प्रदेश का पहला ट्रेनिंग सेंटर होगा।

# महिला अधिकार

## असंवैधानिक नियम

**सर्वोच्च न्यायालय** ने फैसला दिया है कि विवाह या पारिवारिक जिम्मेदारी के कारण महिलाओं को रोजगार से हटाने के नियम असंवैधानिक हैं। एक उल्लेखनीय फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने विवाह करने पर महिलाओं को रोजगारों से अनिवार्य रूप से हटाने वाले नियमों को 'आदिमकालीन, भेदभावपूर्ण तथा संवैधानिक सिद्धान्तों का उल्लंघन करने वाला' बताया है। यह निर्णय जेंडर समानता तथा महिला अधिकार संरक्षण की दिशा में मील का एक पत्थर है। दशकों से अनेक रोजगार क्षेत्रों में महिलाओं को अपने वैवाहिक स्तर या पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण नौकरी से बाहर कर दिया जाता था। ऐसे भेदभावपूर्ण व्यवहार के कारण न केवल जेंडर असमानता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि महिला की आर्थिक स्वतंत्रता तथा पेशेवर प्रगति भी बाधित होती है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐसे नियम खारिज करना जेंडर न्याय तथा कार्यस्थल समानता के दृष्टिकोण से महिलाओं की विजय है। इसके साथ ही कानून के समक्ष समानता तथा जेंडर के आधार पर भेदभाव-निषेध की संवैधानिक गारंटी भी पूरी हुई है। यह समाज को ऐसी बुराइयों से मुक्त करने का प्रयास है जो महिलाओं को अविश्वसनीय व धोखेबाज मानता है क्योंकि वे अपने परिवारों के लिए बीच में रोजगार छोड़ देती हैं। ऐसे प्रतिगामी नियमों का विस्तार व्यक्तिगत रूप से महिलाओं से आगे जाता है और वे असमानता की संस्कृति बढ़ाने तथा हानिकारक पूर्वाग्रह मजबूत करने में सहायक सिद्ध होते हैं। इन बाधाओं को तोड़ कर न्यायपालिका ने व्यवस्थागत जेंडर भेदभाव को समाप्त करने तथा ज्यादा समावेशी व समतापूर्ण समाज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। निश्चित रूप से समय की कसौटी पर खरे उतरने वाले परिवर्तन समाज के भीतर से आने चाहिए, पर एक प्रगतिशील समाज सुनिश्चित करने के लिए उनका विधिक संरक्षण जरूरी है।



यह निर्णय बिना किसी प्रकार की मनमानी बाधाओं के महिलाओं के काम करने तथा कॅरियर अवसरों का लाभ उठाने के अधिकारों का महत्व रेखांकित करता है। महिलाओं को व्यक्तिगत जीवन तथा पेशेवर महत्वाकांक्षाओं के बीच चयन के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उनको अपनी शर्तों पर दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने की स्वतंत्रता प्राप्त है। इसके साथ ही महिलाओं को रोजगार अवसरों से वंचित करने के अनेक आर्थिक दुष्प्रभाव होते हैं। कार्यस्थल पर जेंडर समानता न केवल सिद्धान्त का मामला है, बल्कि यह आर्थिक वृद्धि तथा सामाजिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। जेंडर को अनदेखा कर सभी व्यक्तियों की प्रतिभा और क्षमता का लाभ उठाना खोज, उत्पादकता तथा समृद्धि की तलाश करने वाले समाजों के लिए जरूरी है। इसके साथ ही जेंडर-आधारित भेदभाव का मुकाबला करने के प्रयासों का विस्तार विधिक ढांचे से आगे निकल कर व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण व मानकों तक विस्तारित है। गहराई तक जड़ें जमाए पूर्वाग्रहों को चुनौती देने तथा जेंडर समानता प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा, जागरूकता अभियान व एडवोकेसी अनिवार्य उपकरण हैं। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय महिला अधिकारों के लिए संघर्ष में मील का एक पत्थर है, पर यह अभी जेंडर समानता के व्यापक आंदोलन की दिशा में शुरुआत है। सभी पक्षों की ओर से सकारात्मक प्रयास सचमुच समावेशी और समान समाज बनाने के लिए लगातार प्रयास जरूरी हैं जिनमें सरकारें, सेवायोजक, सिविल सोसाइटी और व्यक्ति शामिल हैं। हम प्रसन्न हो सकते हैं कि महिलाओं के समक्ष मौजूद एक और बाधा टूटी है तथा अदालत को इस उल्लेखनीय फैसले के लिए धन्यवाद दिया जाना चाहिए।

# भाषाओं का संरक्षण महत्वपूर्ण

**हमें भाषाओं का संरक्षण करना चाहिए। किसी भाषा के नष्ट होने का अर्थ केवल शब्दों का नुकसान होने के बजाय संस्कृति एवं परंपरा का क्षरण भी है।**

**संतोष मैथ्यू**
(लेखक, असोसियेट प्रोफेसर हैं)



यूनेस्को के तत्वावधान में हर साल 21 फरवरी को 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाया जाता है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन की घोषणा पहले 1999 में युनाइटेड नेशन्स एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल आर्गेनाइजेशन-यूनेस्को ने भाषाई व सांस्कृतिक विविधता को प्रोत्साहन देने के लिए की थी। वर्ष 2000 से इसे हर साल मनाया जाता है। 2024 में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की थीम 'पीढ़ीगत शिक्षण के लिए बहुभाषी शिक्षा स्तंभ' है। इस तिथि का ऐतिहासिक महत्व है। इस दिन तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान व वर्तमान बांग्लादेश के छात्रों ने 1952 से जारी भाषा आंदोलन में अनेक बलिदान दिए थे। वे अपनी भाषा-बांग्ला को पाकिस्तान की एक आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दिलाना चाहते थे। तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान की 54.1 प्रतिशत जनसंख्या बांग्ला बोलती थी। इस्लामी पहचान के बावजूद पश्चिमी पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान के बीच अनेक भाषाई, सांस्कृतिक, नस्ली और भौगोलिक विरोधाभास थे। इस सांस्कृतिक टकराव के दौरान इस्लामाबाद के शासकों ने उर्दू को आधिकारिक भाषा घोषित कर दिया था।

इस प्रकार उन्होंने बांग्ला भाषा को पूरी तरह अनदेखा किया था जिसे जनता अपने दिल के निकट मानती थी। उस समय पूर्वी बंगाल की राजधानी ढाका में हजारों छात्र एकत्र हुए थे और उन्होंने आंदोलन शुरू किया था। पश्चिमी पाकिस्तान ढाका विश्वविद्यालय तथा ढाका मेडिकल कालेज के छात्रों का प्रदर्शन बलपूर्वक कुचल देना चाहता था। भाषा आंदोलन के खिलाफ फौजी कार्रवाई में अनेक अन्य लोगों के साथ छात्र नेता अब्दुल सलमान, रफीकुद्दीन अहमद, अब्दुल बलखाद और अब्दुल जब्बार शहीद हुए थे। 21 फरवरी, 1952 से शुरू हुए इस भाषा आंदोलन को अंततः सफलता मिली थी और उर्दू के साथ बांग्ला को अविभाजित पाकिस्तान की मातृभाषा माना गया था।



मातृभाषा केवल संचार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान, हमारी विरासत की संरक्षक तथा एक ऐसा सेतु है जो हमें अपनी पुरानी पीढ़ियों के विवेक से जोड़ता है। लेकिन आज समय बीतने के साथ अनेक भाषायें गायब हो रही हैं। अनुमान है कि हर दो सप्ताह में दुनिया से एक भाषा गायब हो जाती है। भविष्य में लगभग 43 प्रतिशत बोली जाने वाली भाषायें गायब हो जाएंगी। यूनेस्को द्वारा इस दिवस की घोषणा का उद्देश्य भाषाओं के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देना है। दुनिया में लगभग 6000 भाषायें हैं जिनमें से कुछ के पास लिपि है और कुछ के पास नहीं। दुनिया में चीनी या मंडारिन सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जिसे विश्व जनसंख्या का 16 प्रतिशत अपनी मातृभाषा के रूप में बोलता है। इस दृष्टिकोण से अंग्रेजी और हिन्दी का दूसरा और तीसरा स्थान है। अनेक भाषायें बोलने में सक्षम लोगों को 'बहुभाषी' कहा जाता है।

वर्तमान वैश्वीकृत समाज में अधिकाधिक भाषाओं में दक्षता को बहुत बड़ा कौशल माना जाता है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव 17 भाषायें धाराप्रवाह बोल सकते थे और इस प्रकार वे 'बहुभाषी' लोगों का अच्छा उदाहरण थे। वर्तमान समय में 3000 से अधिक भाषायें संकटग्रस्त हैं। 1950 के बाद से दुनिया से 230 भाषायें गायब हो गई हैं। यूनेस्को की पूर्व महानिदेशक इरिना बोकोवा के नेतृत्व में संकटग्रस्त भाषाओं के संरक्षण की अनेक परियोजनायें चलाई गई थीं। इनमें से एक बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थापित 'इंटरनेशनल मदर लैंग्वेज इंस्टीट्यूट' है।

संयुक्त राष्ट्रसंघ की सहायता से मातृभाषाओं के प्रोत्साहन की अनेक योजनायें शुरू की गई हैं। 2008 को 'अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस' के रूप में मनाया गया था और गायब होती भाषाओं को संरक्षण देने के प्रयास किए गए थे। संयुक्त राष्ट्र नीत सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों में चौथा स्थान मातृभाषा के माध्यम से बेहतर और ज्यादा समावेशी शिक्षा को दिया गया है। संरा. अनुमानों के अनुसार दुनिया में बोली जाने वाली लगभग 7000 भाषाओं के अगली पीढ़ी में बने रहने की कोई गारंटी नहीं है। इनमें से 98 प्रतिशत भाषाओं का प्रयोग दुनिया की केवल 4 प्रतिशत जनसंख्या करती है। भाषाविदों ने पता लगाया है कि एशिया और अफ्रीका के कुछ समाजों में कुछ भाषायें केवल महिलायें बोलती हैं।

कर्नाटक के गुलबर्गा व महाराष्ट्र के शोलापुर में अब भी लोकप्रिय 'दखिनी' ऐसी ही एक भाषा है। 2011 की जनगणना के अनुसार, संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषायें दर्ज हैं जिनमें 121 मातृभाषायें शामिल हैं। भारत की जनसंख्या का 43.6 प्रतिशत, यानी 52.8 करोड़ लोग हिन्दी बोलते हैं। इसके बाद सबसे ज्यादा 8 प्रतिशत लोगों की भाषा बांग्ला है। मातृभाषा के रूप में अंग्रेजी बोलने वाले 2.6 लाख लोगों में से एक लाख से अधिक महाराष्ट्र में हैं। दूसरी भाषा के रूप में पूर्वोत्तर राज्यों में हिन्दी के बजाय अंग्रेजी को पसंद किया जाता है। 2011 में मणिपुरी मातृभाषा वाले 17.6 लाख लोगों में से 4.8 लाख लोगों ने अंग्रेजी को अपनी दूसरी भाषा माना था। हालांकि, हिन्दी के साथ अंग्रेजी को केन्द्र सरकार की दो आधिकारिक भाषाओं में शामिल किया गया है, पर यह आठवीं अनुसूची की 22 भाषाओं में शामिल नहीं है। इसे उन 99 भाषाओं में स्थान दिया गया है जो इस अनुसूची में नहीं हैं। मातृभाषा के दृष्टिकोण से भारत में अग्रेजी बोलने वाले केवल 2.6 लाख लोग थे जो जनगणना में शामिल 121 करोड़ लोगों का बहुत छोटा हिस्सा है। फिजी में हिन्दी आधिकारिक भाषा है जिसे 44 प्रतिशत जनसंख्या बोलती है। इस प्रकार प्रतिशत के दृष्टिकोण से फिजी में हिन्दी बोलने वालों की संख्या भारत से अधिक है।

भारत भाषाई विविधता से भरा देश है। यहां हिन्दी और अंग्रेजी के साथ 22 क्षेत्रीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची के अनुसार आधिकारिक दर्जा दिया गया है। लेकिन हमारी पैतृक भाषा संस्कृत का प्रभाव समाज में घट रहा है। 15,000 से कम लोग बोलने वाली भाषा के रूप में संस्कृत का प्रयोग करते हैं। हालांकि, केन्द्र और राज्य सरकारों ने संस्कृत को प्रोत्साहन देने की अनेक योजनायें बनाई हैं, पर संस्कृत में केवल एक दैनिक 'सुधर्म' प्रकाशित होता है। उत्तराखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जिसने संस्कृत को अपनी आधिकारिक भाषाओं में शामिल किया है। 1961 की जनगणना के अनुसार भारत में 1,662 भाषाओं को 'मातृभाषा' माना गया था। लेकिन 2011 की जनगणना में केवल 234 भाषाओं को मातृभाषा माना गया है। पचास साल से कम समय में 800 से अधिक मातृभाषायें विलुप्त हो गई हैं।

निहाली को अब भी मातृभाषा माना जाता है जिसे मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के 15 गांवों में लगभग 15,000 लोग बोलते हैं। इसी प्रकार महाराष्ट्र के एक गांव में लगभग 1,000 पुर्तगाली बोलने वाले लोग हैं। यूनेस्को ने ऐसी 197 भारतीय भाषाओं की सूची बनाई है जो विलुप्त हो सकती हैं। अंग्रेजी, स्पैनिश और फ्रेंच भाषाओं ने अपनी लिपि विकसित नहीं की, बल्कि उन्होंने लिखने के लिए लैटिन लिपि स्वीकार कर ली। हिन्दी भाषा की भी अपनी लिपि नहीं है और वह देवनागरी लिपि का प्रयोग करती है।

बांग्लादेश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' को रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 1905 में बंगाल के पहले विभाजन के समय लिखा था। विश्व भारती में रवीन्द्रनाथ टैगोर के शिष्य आनन्द समरकून ने श्रीलंका का राष्ट्रगान 'नमो नमो माथा' लिखा था। 2009 में समाप्त होने वाले श्रीलंका के गृहयुद्ध के दस दशक पहले सिंहली के साथ तमिल को श्रीलंका की आधिकारिक भाषा माना गया था। केन्द्र सरकार के अनुसार, 1961 से 200 से अधिक भारतीय भाषायें विलुप्त हो गई हैं। इनमें से अधिकांश भाषाओं का प्रयोग आदिवासी समुदाय करते थे। 1961 की जनगणना के बाद सरकार ने 10,000 से कम लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं का राष्ट्रीय दर्जा समाप्त कर दिया। हमें स्वीकार करना चाहिए कि भाषाओं का गायब होना केवल शब्दों का गायब होना नहीं, बल्कि संस्कृति व परंपराओं का गायब होना भी है। नोम चॉमस्की के अनुसार, 'भाषा केवल शब्द नहीं हैं। यह संस्कृति, परंपरा, एक समुदाय का एकीकरण और समुदाय का पूरा इतिहास है। ये सारी चीजें भाषा में अंतर्निहित हैं।' इसे देखते हुए भाषाओं को गायब होने देना ऐसा पाप है जिसे हम अपने पूर्वजों के साथ अपनी भावी पीढ़ियों के प्रति भी करते हैं।

# आम चुनावों में कृत्रिम बुद्धि व डिजिटल मीडिया

> यह देखते हुए कि एआई संभवतः हमारे चुनावों को कैसे प्रभावित करेगा, हमें कई मोर्चों पर तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

**पूजा कपूर**
(लेखिका, सह प्रोफेसर हैं)



आजकल, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन और नैनोटेक्नोलॉजी जैसी प्रौद्योगिकियों से जुड़े हुए हैं। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ता है, यह आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों के अलावा कई निर्भरताएँ, शक्ति संघर्ष, प्रतिद्वंद्विता, जोखिम और अवसर पैदा करता है। इसमें चुनावी माहौल को पूरी तरह से बदलने की शक्ति है, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए लाभ और कठिनाइयाँ दोनों प्रदान करता है।

उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआई द्वारा संचालित एल्गोरिदम का उपयोग सभी सोशल मीडिया साइटों द्वारा किया जाता है। राजनीतिक रणनीति निर्धारित करने के लिए इन एल्गोरिदम का उपयोग महत्व बढ़ रहा है। परिणामस्वरूप, मतदाता खुद को अलग-थलग सूचनात्मक बुलबुले में पा सकते हैं जो विरोधी विचारों के प्रति उनके जोखिम को सीमित करते हैं और उनके मतदान निर्णयों और प्राथमिकताओं को प्रभावित कर सकते हैं। डीपफेक, या ऐसे वीडियो जिन्हें प्रामाणिक दिखने के लिए बदल दिया गया है, का उपयोग झूठी कहानियां फैलाने और विरोधियों को बदनाम करने के लिए किया जा सकता है। सोशल मीडिया बॉट संदेशों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर सकते हैं और नकली रुझान बना सकते हैं, जिसका उपयोग उन लोगों को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है जो निश्चित नहीं हैं कि किसे वोट देना है। एआई-संचालित दुष्प्रचार की जटिलता से तथ्य को कल्पना से अलग करना कठिन हो जाता है, जो चुनावों के दौरान अच्छी तरह से सूचित निर्णय लेने के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करता है।

चूंकि प्रौद्योगिकियां अधिक परिष्कृत होती जा रही हैं, इसलिए अवैध गतिविधियों को विदेशी अभिनेताओं (आतंकवादी संगठनों या स्लीपर सेल) से जोड़ना और पहचानना अधिक चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। इससे उन्हें ज़िम्मेदार ठहराना और भविष्य में हस्तक्षेप रोकना अधिक कठिन हो सकता है। एआई-संचालित बॉट्स को विदेशी सरकारों और ट्रोल फार्मों द्वारा तैनात किया गया था, जिनके साथ वे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर फर्जी पहचान और भ्रामक जानकारी के नेटवर्क के साथ जुड़े हुए थे, जिसका उद्देश्य जनता की राय को प्रभावित करना था।

इन बॉट्स ने अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ नकारात्मक रूढ़िवादिता और साजिशों का प्रचार किया, कुछ संचार को बढ़ाया, और यह धारणा दी कि एक विशेष उम्मीदवार को व्यापक समर्थन मिल रहा था। कुछ महीने पहले जब भारतीय प्रधानमंत्री का डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हमें इसकी एक झलक मिली। यह लोकतंत्र के लिए गंभीर ख़तरा है क्योंकि इसका उपयोग मतदाताओं के निर्णयों और कार्यों को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, राजनीतिक परामर्श फर्म कैम्ब्रिज एनालिटिका ने अरबों फेसबुक खातों से एकत्रित जानकारी का उपयोग करके मतदाताओं के व्यापक मनोदैहिक प्रोफाइल बनाए। इस डेटा का उपयोग करके, वे इन व्यक्तियों को अनुकूलित सोशल मीडिया संदेशों और विज्ञापनों के साथ लक्षित करने में सक्षम थे, जिसका प्रभाव 2016 और 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के साथ-साथ फिलीपीन मध्यावधि चुनावों में उनके मतदान करने के तरीके पर पड़ सकता है। सकारात्मक पक्ष पर, सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता लोकतंत्र का समर्थन और संवर्धन कर सकते हैं। सूक्ष्म-लक्षित मतदाताओं के लिए एआई की क्षमता इसके सबसे महत्वपूर्ण प्रभावों में से एक है। इसमें जनसांख्यिकी, सोशल मीडिया गतिविधि और इंटरनेट आचरण सहित ढेर सारे डेटा का उपयोग करके प्रत्येक मतदाता की व्यापक प्रोफ़ाइल बनाना शामिल है। एआई-संचालित एप्लिकेशन अनुकूलित रणनीति प्रदान करते हैं जो पारंपरिक जन अभियानों की तुलना में मतदाताओं को प्रभावित करने की अधिक संभावना रखते हैं। उदाहरण के लिए, भावना विश्लेषण तकनीक उभरते मुद्दों का पता लगा सकती है और जनता की राय को माप सकती है, जिससे अभियानों को अपने संदेश को संशोधित करने और उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है जो मतदाताओं के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं।

एआई-संचालित चैटबॉट सामान्य प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं और मतदाताओं को चौबीसों घंटे सूचित कर सकते हैं, जिससे अधिक महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मानव संसाधन मुक्त हो सकते हैं। डेटा-संचालित मॉडल मतदाता मतदान का पूर्वानुमान लगाकर और संसाधनों का इष्टतम आवंटन करके अभियान की प्रभावकारिता और सामर्थ्य में सुधार करते हैं। एआई और सोशल मीडिया का उपयोग जागरूकता बढ़ाने, बड़े दर्शकों तक पहुंचने और शिकायतों का समाधान करने के लिए किया जा सकता है। चुनाव आयोग प्रासंगिक जानकारी सोशल मीडिया पर साझा कर सकता है। शिकायतों का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट एआई-आधारित चैटबॉट तैनात कर सकती है। एआई एल्गोरिदम तथ्य-जाँच उपकरणों के उपयोग से सच्ची खबर को झूठी खबर से अलग कर सकता है। भारत जैसे बड़े देश में, सोशल मीडिया के उपयोग को नियंत्रित और विनियमित करना लगभग कठिन है। इसलिए, यदि हम समस्या को हल करने में असमर्थ हैं, तो हमें समाधान खोजना चाहिए। यह देखते हुए कि एआई संभवतः हमारे चुनावों को कैसे प्रभावित करेगा, हमें कई मोर्चों पर तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है। चुनावी बुनियादी ढांचे और मतदाता डेटा पर हमलों को रोकने के लिए सबसे पहले मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

दूसरा, दुष्प्रचार और प्रचार को पहचानने और अस्वीकार करने के लिए, मतदाताओं को अपनी मीडिया साक्षरता और आलोचनात्मक सोच क्षमताओं को सुधारने की आवश्यकता है। तीसरा, चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप को रोकने के लिए, हमें लोकतंत्रों के बीच सूचना के आदान-प्रदान और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में सुधार करने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### बच्चों की परीक्षा

**बच्चों** के लिए परीक्षा का समय आ गया है। साल भर की कड़ी मेहनत से बच्चे सुखद भविष्य की नीव मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। बच्चों की परीक्षा उनके माता-पिता और संरक्षकों की भी परीक्षा है। परीक्षा शब्द ही बच्चों में अजीब सी फीलिंग देता है और वे परीक्षा परिणामों के प्रति चिंता पाल लेते हैं। यदि कोई बच्चा सोच ले कि उसकी तैयारी ठीक नहीं हुई है या वह पहले याद की गई चीजें भूल रहा है तो उसमें निराशा की भावना पैदा होती है। यही समय माता-पिता व के सतर्क रहने का है। बच्चो को ऐसा वातावरण, प्रेम और स्नेह दें जिससे उनका मनोबल बढ़े तथा परीक्षा को लेकर तनाव कोसो दूर तक नजर न आए। माता पिता को परीक्षाओं के इस समय में बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों को समझना चाहिए। समय पर खान-पान, परीक्षा संबधी तैयारी, स्वस्थ मनोरंजन, तनाव मुक्त तथा प्रोत्साहन का वातावरण बनाना माता-पिता की जिम्मेदारी है। अक्सर बच्चे पेपर बिगड़ने से मानसिक रूप से हताश हो जाते है। ऐसे में उन्हें चिंता मुक्त करने की जिम्मेदारी माता-पिता के साथ उनके सहपाठियों की भी होती है। यदि सहपाठी प्रतियोगिता की भावना के बजाय छात्रों में परस्पर सहायता और समझदारी विकसित करने का प्रयास करें तो सभी बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### अलविदा अमीन सयानी

**लगातार** 50 वर्षों तक रेडियो सहित आवाज की दुनिया में अपना वर्चस्व कायम रखने वाले अमीन सयानी हमारे बीच नहीं हैं। मगर उनकी झरने सी खनकती आवाज और उनका सबसे निराला बोलने का अंदाज सुनने वालों के मन में एक कशिश पैदा करता था। बिनाका गीत माला से प्रसिद्ध हुए अमिन सयानी रेडियो सीलोन से लगातार 40 वर्ष तक यह कार्यक्रम को चलते रहे। उस वक्त जब टीवी नहीं था तब अमीन सयानी का बिनाका गीत माला कार्यक्रम सुनने के लिए लोग बेताब रहते थे और जिनके यहां रेडियो नहीं थे वह रेडियो वालों के यहां एकत्रित हो जाते थे। भारत के अनेक गायकों को रेडियो और आकाशवाणी से लोकप्रियता मिली थी, उसी प्रकार अमीन सयानी फिल्मी संगीत की दुनिया में प्रस्तुतकर्ता के रूप में एकमात्र विख्यात आवाज वाली शख्सियत थे। रेडियो के अलावा भी जहां भी कार्यक्रम में उनकी आवाज सुनने को मिलती वहां लोग झूमने लगते। अमीन सयानी की लोकप्रियता प्रकारान्तर से दृश्य माध्यम, यानी टीवी, फिल्म आदि की तुलना में श्रव्य माध्यम की विशिष्टता प्रदर्शित करती है। सुने हुए शब्दों व गीतों से बनने वाली छवि दृश्यमान छवि से कम प्रभावी नहीं होती है। इस खनकती आवाज के नायक को शत-शत नमन।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### असांजे का प्रत्यर्पण

**अमेरिका** वर्तमान समय में विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे को अपने देश में प्रत्यर्पण कराने के प्रयास कर रहा है। दूसरी ओर असांजे के वकील एवं ब्रिटेन में उनके समर्थक प्रदर्शन कर मांग कर रहे हैं कि उन्हें किसी कीमत पर अमेरिका प्रत्यर्पित नहीं किया जाना चाहिए। उम्मीद है कि इंग्लैंड की अदालत इस पर गंभीरता से गौर करेगी। अमेरिकन राजनय की सच्चाई का पर्दाफाश करने वाले जूलियन असांजे को अमेरिका में मृत्युदंड होने का खतरा है। असांजे पर जासूसी के 17 आरोपों के साथ लगभग 15 साल पहले उनकी वेबसाइट पर वर्गीकृत अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन पर कंप्यूटर के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। अमेरिका का कहना है कि असांजे ने अमेरिकी सेना के खुफिया सूचना विश्लेषक चेल्सी मैनिंग को राजनयिक केबल और सैन्य फाइलें चुराने में मदद की, जिन्हें बाद में विकीलीक्स ने प्रकाशित किया। असांजे द्वारा किए खुलासों से पता चला था कि अमेरिकी सेना ने अफगानिस्तान और इराक में युद्ध के दौरान हज़ारों लोगों को अकारण मार डाला था। जूनियन असांजे ने अमेरिकी लोकतंत्र के पीछे छिपे असली साम्राज्यवादी तानाशाहों की तस्वीर सारी दुनिया के सामने उजागर की थी। उनका जीवन महत्वपूर्ण है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### संवरता कश्मीर

**मोदी सरकार** ने कश्मीर घाटी से धारा 370 हटा कर उसे संवारने की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। अब यहां की हालत में भारी बदलाव आया है एवं जनता में भी बढ़ती खुशहाली की खबरें आने लगी हैं। पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के लिए 32,000 करोड रुपए से भी अधिक की परियोजनायें और शुरू किए जाने से अब यहां की जनता और प्रसन्न है। परिवारवाद ने भी कश्मीर का काफी शोषण किया है। शिख अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती व कुछ अन्य परिवारों ने आम कश्मीरी जनता का हक मारने का काम ही अधिक किया है। नौजवानों को बहकाने वाले उग्रवादियों, अलगाववादियों व पाकिस्तान परस्त नेताओं के बच्चे तो विदेशों में ठाठ से रहते थे, पर कश्मीर का नौजवान अंधी गली में फंस गया था। आज परिस्थितियों में व्यापक बदलाव आया है। केंद्र सरकार की सभी योजनाओं तथा संविधान के सभी प्राविधान लागू होने से अब हर जाति और समाज के हर वर्ग का विकास हो रहा है। कश्मीर अब संवर रहा है, यूरोपीय पर्यटन स्थलों से मुकाबला कर रहा है तथा फिल्म निर्माण व सांस्कृतिक गतिविधियां बढ़ी हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# कलश लेकर स्मृति ने पति संग किया गृह प्रवेश



**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और उनके पति जुबिन ईरानी ने अमेठी में अपने आवास पर %गृह प्रवेश% किया। लोकसभा चुनाव के पहले बीजेपी नेता इसके जरिए बड़ा संदेश देने की कोशिश में हैं । बता दें विगत लोकसभा 2023 में अमेठी की जनता से अमेठी में ही अपना घर बना कर रहने का वादा किया था ड्ड जिसे आज पूरा करते हुए विधि विधान के साथ पूजा पाठ करके गृह प्रवेश किया ड्ड स्मृति ईरानी ने गौरीगंज तहसील अंतर्गत मेदन मवई गांव में 2021 में 11 बिस्वा जमीन खरीद कर उस जमीन पर मकान बनवाया है।

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले उत्तर प्रदेश स्थित अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गृह प्रवेश किया । ईरानी ने पति जुबिन ईरानी संग संसदीय क्षेत्र अमेठी में नवनिर्मित आवास में गृह प्रवेश किया इस दौरान स्मृति सिर पर कलश रखे नजर आई । गृह प्रवेश के वक्त उनके पति जुबिन भी उनके साथ थे। स्मृति के घर के पूजन का कार्यक्रम बुधवार को ही शुरू हो गया था । उज्जैन से आए पुजारी आशीष महाराज के नेतृत्व में पुजारियों ने गृह प्रवेश के कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान स्मृति के नए घर में स्थापित किए गए देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी हुई। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का नया पता अब अमेठी में है। उन्होंने यहां 15 हजार वर्गफीट में आलीशान मकान बनवाया है। जिसमें राम लला का दरबार है। और कांफ्रेंस रूम भी बना हुआ है ड्ड गृह प्रवेश की पूजा-अर्चना बुधवार से ही जारी थी जो कि गुरुवार को गृहप्रवेश के साथ संपन्न हुई।

## गृह प्रवेश कार्यक्रम में वीआईपीअतिथियों का लगा जमावड़ा



**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी के अमेठी में अपने आवास पर %गृह प्रवेश% के अवसर पर भोज का आयोजन किया गया ड्ड स्मृति के आमंत्रण पर विधानसभा सभा अध्यक्ष सतीश महाना,बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश नारायण यादव, प्रमुख सचिव आशीष गोयल, सांसद लल्लू सिंह, विनोद सोनकर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला शैलेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथियों ने पहुंच कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया, इसके साथ ही भोज में अमेठी संसदीय क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए । इस मौके पर लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## छतोह ब्लॉक मे शनिवार को रोजगार मेला आयोजित होगा

नसीराबाद,रायबरेली। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासशील है। इसके लिए विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी औद्योगिक संस्थानों का सहयोग लिया जा रहा है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन करके पात्र और जरूरतमंद युवाओं को सेवायोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में छतोह ब्लॉक मुख्यालय पर 24 फरवरी को दूसरे चक्र का रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा जिसमें पांच से अधिक सरकारी और गैर सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां मौजूद रहेंगी। बेरोजगार युवाओं को अपने सभी शैक्षिक और प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण सहित उपस्थित होकर साक्षात्कार देना होगा। खण्ड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को मेले के आयोजन और भलीभांति प्रचार-प्रसार के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए।

## गंगा घाट की सड़क कीचड़ से सराबोर माघी पूर्णिमा पर कैसे पहुंचेंगे स्नानार्थी

**ऊंचाहार , रायबरेली।** दक्षिणी वाहिनी मां गंगा तट , गोकर्ण ऋषि की तपोस्थली रहे गोकना गंगा घाट तक पहुंचना किसी बड़े जोखिम से कम नहीं है । गंगा घाट तक जाने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील है , इन पर निकलने वाले डम्फरों ने मार्ग को कीचड़ से सराबोर कर दिया है , ऐसे में स्नान पर्वों पर आने वाले दर्शनार्थी कैसे गंगा घाट तक पहुंचेंगे , ये यक्ष प्रश्न है । सूची खरौली मार्ग से जुगराजपुर गांव से लेकर गोकना गंगा घाट तक करीब तीन किमी मार्ग बहुत बदहाल है । इस मार्ग की मरम्मत के नाम केवल खानापूरी होती रही है जिसके कारण पूरा मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है । इधर इस मार्ग से डंफर निकल रहे हैं । जिन्होंने बदहाल मार्ग को और बदतर कर दिया है । अब इस मार्ग पर केवल खतरनाक गड्ढे और चिकनी मिट्टी का कीचड़ भरा हुआ है । जिस पर सफर करना बड़ा दुश्वारियों भरा है । इस बीच 23 और 24 फरवरी को माघी पूर्णिमा का दो दिवसीय मेला गोकना गंगा घाट पर होना हैं। इस मेले में आने वाले स्नानार्थियों के लिए यह रास्ता गंगा घाट तक पहुंचने में रोड़ा बना हुआ है । जिम्मेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे है। महत्वपूर्ण स्नान पर्वों पर यह सड़क वाहनों से भर जाती है , पहले भी इस मार्ग पर जाम की समस्या बन जाती थी , किंतु अब कीचड़ भर जाने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बलवती हो गई है ।

**नहीं सुनते अधिकारी:**गोकना गंगा घाट के वरिष्ठ पुरोहित और मां गंगा गोकर्ण समिति के महासचिव जितेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि उन्होंने इस मार्ग की मरम्मत और स्नानार्थियों को सुगम सफर हेतु कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिया । प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर भी सड़क की बदहाली की बात रखी है , किंतु इस मार्ग की दशा सुधारने की कोई कोशिश नहीं हो पा रही है । जिससे स्नानार्थियों के सामने भारी परेशानी है । हर माह में अमावस्या और पूर्णिमा के दिन गंगा घाट पर हजारों लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं किंतु धार्मिक महत्व के इस मार्ग की मरम्मत नहीं हो पा रही है ।

## बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा सम्पन्न करायी जा रही हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा सकुशल व नकल विहीन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत स्थित जनता इण्टर कालेज पटना खरगौरा एवं बलदेव प्रसाद नागरिक इण्टर कालेज अमवा सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण कर जायजा लिया।इस दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों में जाकर गहनता से निरीक्षण किया तथा नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया। वहीं अपने-अपने क्षेत्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेटों को भी परीक्षा के दौरान निरन्तर भ्रमणशील रहकर शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्था पूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में प्रत्येक दशा में नकल विहीन परीक्षा करायी जायेगी, यदि इसमें किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी तथा जिन परीक्षा केन्द्रों पर नकल कराते पाया गया तो सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों को ब्लैक लिस्टेट किया जायेगा। उन्होंने सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट/केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया है कि परीक्षा केन्द्रों के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, इसका पूर्णतः ध्यान रखा जाए। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के आस पास स्थित कम्प्यूटर फोटो कॉपी की दुकानें भी बन्द रखी जाएं इसका पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने वहीं पर उपस्थित प्रधानाचार्यों केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि वे डबल लॉक की सुरक्षा मानक अनुरूप सुनिश्चित कराएं तथा यह देखें की प्रश्न पत्र हरहाल में सुरक्षित रहें। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में स्वयं की उपस्थिति में ही डबल लॉक से निकलवाएं तथा उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करायें। इस कार्य में यदि किसी भी केन्द्र व्यवस्थापक या सह केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। 2-

## हिस्ट्रीशीटर ने रिक्शा चालक को लाठियों से पीटकर किया मरणासन्न

**लालगंज रायबरेली।** जमानत पर छूटे हिस्ट्रीशीटर के आतंक से लोग भयभीत है। शिकायतों के बाद भी पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न होने से उसके हौसले बुलंद होते जा रहे है। हिस्ट्रीशीटर ने अधेड़ रिक्सा चालक को लाठियों से पीटकर मरणासन्न कर उसका रिक्सा भी तोड़ दिया।

वलौली गांव निवासी अंजनी कुमार त्रिवेदी लालगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया जाता है। लोगो के अनुसार वह एक पखवारा पूर्व ही जमानत पर जेल से बाहर आया है। एक सप्ताह पूर्व एक घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट की शिकायत पर कार्रवाई न होने पर आज उसने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दे दिया। बताया गया है कि शिवराम पाण्डेय(40) निवासी गोविंदपुर वलौली रिक्सा चलाकर अपना जीवन यापन कर रहा है। बीती रात वह रिक्सा लेकर अपने घर के पास पहुंचा तो अंजनी त्रिवेदी ने बेवजह लाठियों से उस पर हमला बोल दिया। सिर में चोट लगने से वह बेहोश होकर गिर गया जिसके बाद आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने रिक्शे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसी बीच किसी ने उसका मोबाईल से वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जिसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। पीडित के परिजनो ने मामले की शिकायत करते हुए बताया कि आरोपी ने रिक्सा चालक को होश में लाने के लिये उस पर पानी भी डाला ताकि वह फिर से उसकी पिटाई कर सके। परिजनो की मदद से पुलिस ने घायल को इलाज के लिये सीएचसी भेजते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। हिस्ट्रीशीटर के आतंक से क्षेत्रीय लोगो ने मुक्ति दिलाये जाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।

## एसपी कार्यालय के सामने जहर खा कर महिला ने विषैला पदार्थ खा कर की जान देने की कोशिश

### शारीरिक शोषण करने वाले आरोपियों के खिलाफकार्रवाई के बजाय सुलह कराने का दबाव बना रहे दारोगा- मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है दोषियों के खिलाफहोगी कड़ी कार्रवाईः एएसपी

**ललगंज रायबरेली।** शारीरिक शोषण के मामले में पुलिस की अनसुनी से तंग महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामन विषैला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। विषैला पदार्थ खाने से महिला की हालत गंभीर है उसे जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पीड़ित महिला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के चकवापुर मजरे बेहटाकलां गांव की रहने वाली बतायी गयी है। कप्तान के यहां शिकायत लेकर पहुंचने की खबर पर लालगंज पुलिस ने आनन-फानन शारीरिक उत्पीड़न करने के आरोपी खीरों थाना क्षेत्र के देपारमऊ मजरे भितरी गांव के रहने वाले श्यामू नामक व्यक्ति के खिलाफ मामला पंजीकृत कर अपने को बचाने का प्रयास किया। महिला बीते कई दिनो से कोतवाली के चक्कर काट रही थी लेकिन उसे न्याय नही मिला। पुलिस पर आरोप है कि उसने आरोपी से सांठगांठ कर महिला का ही उत्पीड़न कर रही थी। पीड़िता के परिवारीजनो ने बताया कि शारीरिक शोषण व उत्पीड़न से तंग होकर वह कप्तान के कार्यालय में पहुंच कर विवश होकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। पीड़िता की ओर से कप्तान को दिये गये पत्र में लिखा है कि आरोपी का खीरों थाना क्षेत्र के महरानीगंज में स्टूडियो है और उसने गुमराह कर इसकी निर्वस्त्र फोटो लेने के बाद उसे वायरल करने की धमकी देकर न केवल करीब पांच लाख के जेवर उठा ले गया बल्कि उसके साथ आये दिन शारीरिक शोषण भी कर रहा है। बीते 2017 से आरोपी व उसके तीन और साथी सामूहिक शारीरिक शोषण करते आ रहे हैं। महिला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उसने बीती 12 फरवरी 2024 को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार की थी लेकिन कोतवाली में तैनात दारोगा मिठाईलाल ने उस पर सुलह करने का दबाब बना रहे थे। पीड़ित परिवार ने बताया कि जब कप्तान के यहां से न्याय नहीं मिल पा रहा है तो जान देने के सिवाय और कोई रास्ता नहीं है। उधर अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर लालगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई ! कार चालक घायल

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बांदा बहराइच हाईवे पर स्थित नरबिला पुल के समीप एक कार सामने से आ रही पिकअप के चलते अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें कार अनुज शुक्ला घायल हो गये जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गुमावा पुलिस चौकी अन्तर्गत पूरे मेहरवान मजरे नेरथुवा गांव के रहने वाले अनुज शुक्ला उन्नाव से अपने घर आ रहे थे तभी नरबिला पुल के पास सामने से आ रही पिकअप के चलते कार अनियंत्रित होकर हाईवे के नीचे स्थित पेड़ से टकरा गई। स्थानीय लोगों द्वारा कार सवार अनुज शुक्ला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया जहां इलाज चल रहा है। सीएचसी अधीक्षक अमित सिंह ने बताया सड़क हादसे में जख्मी अनुज शुक्ला खतरे से बाहर हैं जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों के साथ की मंत्रणा



अमेठी। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास राजनैतिक पेंशन अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग उत्तर प्रदेश धर्मपाल सिंह ने आज आयुध गेस्ट हाउस एचएएल में विभागीय अधिकारियों के साथ गोवंश संरक्षण, संवर्धन एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जेपी सिंह ने अवगत कराया कि जनपद अमेठी में मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश संरक्षण योजना अंतर्गत कुल लक्ष्य 12475 रखा गया है जिसके सापेक्ष 20086 निराश्रित गोवंश को सुरक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में 02 पंजीकृत गौशाला, 03 बृहद गो संरक्षण केंद्र, 104 अस्थाई गो आश्रय स्थल, 03 नगरीय निकाय कान्हा उपवन एवं जिला पंचायत के अधीन 04 कांजी हाउस कुल 116 को आश्रय स्थल संचालित हैं। शासन द्वारा विशेष अभियान के अंतर्गत 20 फरवरी से जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों में विस्तारीकरण कर निरंतर निराश्रित गोवंशो को संरक्षित किया जा रहा है। जनपद में 03 बृहद गो संरक्षण केंद्र नेवादा विकासखंड मुसाफिरखाना, सरैया दुबान विकासखंड अमेठी, सिंहपुर विकासखंड सिंहपुर में संचालित है जिनमें कुल 1530 गोवंशों को संरक्षित कराया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत 04 बृहद गो संरक्षण केंद्रों टीकर माफी, दक्खिनगांव, कोरारी लक्षनशाह तथा खारा में निर्माण कार्य चल रहा है जिसे 31 मार्च तक पूर्ण कर गोवंश संरक्षण कराया जाएगा। स्वीकृत 01 बृहद गो संरक्षण केंद्र जैदिलमऊ विकासखंड शुकुल बाजार हेतु कार्यदायी संस्था द्वारा डीपीआर तैयार कर टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है जिसका कार्य मार्च के प्रथम सप्ताह में प्रारंभ कर दिया जाएगा। जनपद में गोचर/चारागाह की 986.8614 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया जिसमें निरंतर हरा चारा उत्पादन कर गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को खिलाया जा रहा है जनपद में एसएफसी पूलिंग के माध्यम से वर्तमान समय तक कुल 45788184.00 रुपए प्राप्त हुआ जिसे आश्रय स्थलों में संरक्षित किए गए गोवंशों को 1 किलो पशु आहार खिलाया जा रहा है। 80000 रुपए का अनुदान दिया जाएगा। बैठक के उपरांत मंत्री जी ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की।

## मारपीट में घायल महिला की मौत से मचा हड़कंप

**महराजगंज** रायबरेली।। कोतवाली क्षेत्र के भटपुरवा मजरे डोमापुर गांव में छज्जा और छत की नाली निकालने को लेकर बीते रविवार को दो पक्षों में हुई मारपीट व लड़ाई झगड़े में घायल एक 36 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की दोपहर ट्रामा सेन्टर लखनऊ में मौत हो गई जिससे हड़कंप मच गया।बताते चलें कि बीते रविवार को गांव निवासी विशुना देई पत्नी रामसनेही और व बाबू देई पत्नी राम पाल के बीच छज्जा व छत की नाली निकालने को दोनों पक्षों में कहासुनी गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई थी। पुलिस ने एक पक्ष की विशुना देई की तहरीर पर विपक्षी रामनरेश पुत्र रामपाल सुरेश कुमार पुत्र रामपाल रमेश कुमार पुत्र ओरीलाल राजेश कुमार पुत्र ओरीलाल सुमित कुमार पुत्र ओरी लाल राम जियाई पत्नी ओरीलाल के विरुद्ध गाली गलौज घर में घुसकर मारपीट बलवा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया था।वहीं दूसरे पक्ष की बाबू देई की तहरीर पर विशुना देई आरती मुन्नी देवी राम लखन और सुमन के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट का अभियोग पंजीकृत किया गया था मारपीट में एक पक्ष से तीन व दूसरे पक्ष से दो महिलाएं घायल हुई थी। प्रथम पक्ष के घायलों में शामिल बबुला पुत्री सूरज पाल की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने सीएचसी से ज़िला अस्पताल रेफर किया था जहां इलाज चल रहा था बृहस्पतिवार की सुबह अचानक हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने महिला को जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ट्रामा सेंटर में दोपहर लगभग 3 बजे उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दर्ज मुकदमे में गंभीर धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।मृतका बबुला पुत्री सूरज पाल अपनी बुआ विशुना देई के यहां भटपुरवा मजरे डोमापुर घूमने आई हुई थी जहां बीते रविवार को दो पक्षों के आपसी विवाद में दबंगों ने उसे भी जमकर मारा पीटा जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई थी।और बृहस्पतिवार को ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी जान चली गई मृतक मूल रूप से चिरैंधा मजरे अंदुपुर थाना महराजगंज की रहने वाली थी जिसकी शादी लगभग दस वर्ष पूर्व हुई थी लेकिन कुछ समय बाद ही ससुराल से संबंध विक्षोभ हो जाने के कारण वो अपने मायके में ही रह रही थी जिसकी मौत की खबर सुनने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## यू डायस अपडेट नही होने पर बीएसए ने विद्यालयों को नोटिस जारी की

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार पूर्व से ही जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त विद्यालयों को यू-डायस+ 2023-24 पर स्टूडेण्ट माडयूल में छात्र छात्राओं का विवरण अपडेट/नवीन प्रविष्टि अंकित/पूर्ण किये जाने तथा छात्र-छात्राओं को प्रमोट एंव इम्पोर्ट करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होने बताया है कि जनपद में कतिपय बेसिक शिक्षा से सहायता/मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा विभाग/शासन के निर्देशानुसार यू-डायस+ 2023-24 पर स्टूडेण्ट माडयूल में छात्र-छात्राओं का विवरण अपडेट/नवीन प्रविष्टि अंकित/पूर्ण तथा छात्र-छात्राओं को प्रमोट एंव इम्पोर्ट नहीं किया जा रहा है, जो विभागीय उच्चाधिकारियों के आदेश/निर्देश का पूर्णतः उल्लंघन किया रहा है। जिसके लिए जिले के कुल 230 सहायता प्राप्त/ प्राप्त विद्यालयों को नोटिस भी जारी किया गया है। उन्होने जनपद के समस्त विद्यालयों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया है कि 25 फरवरी, 2024 तक यू-डायस+ 2023-24 पर स्टूडेण्ट मॉड्यूल में छात्र-छात्राओं का विवरण प्रत्येक दशा में अपडेट/नवीन प्रविष्टि अंकित/पूर्ण करने तथा छात्र-छात्राओं को प्रमोट एंव इम्पोर्ट करना सुनिश्चित करे अन्यथा ऐसे विद्यालय जिनका निर्धारित तिथि तक यू-डायस+ 2023-24 पर स्टूडेण्ट मॉड्यूल में छात्र-छात्राओं का विवरण अपडेट/नवीन प्रविष्टि अंकित/पूर्ण नहीं तथा छात्र-छात्राओं को प्रमोट एंव इम्पोर्ट नहीं किया गया है, के विद्यालय मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही बिना किसी सूचना के प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था के संस्था प्रबन्धक का होगा। उपरोक्त आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाये।

## कवि सम्मेलन और मुशायरा आयोजित

डलमऊ रायबरेली। निराला सृजन मंच एवं वी आर फाउंडेशन की ओर से निराला जयंती के पावन अवसर पर डलमऊ ब्लाक परिसर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया गया।रात नौ बजे से दो बजे तक चले कार्यक्रम में कवियों एवं शायरों ने अपनी वाणी से जहां समां बांध रखा वहीं श्रोताओं ने जमकर वाहवाही दी।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण व कवि रमाकांत द्वारा प्रस्तुत निराला रचित वन्दना卐वर दे वीणा वादिनी वर दे卐 से हुआ। बाराबंकी से आई अंकिता शुक्ला ने अपने गीतों व मुक्तकों से सबका मन मोह लिया। फैजाबाद से पधारे मन्नान सुल्तानपुरी ने पढ़ा -फिर भी आवारा हूं मैं, घर मेरा सबको पता है फिर भी बंजारा हूं मैं। शायर शमसुद्दीन अजहर ने पढ़ा - मां ने कहा था कि पेड़ भी सोते हैं रात में, सोते दरख्त मैंने जगाया नहीं कभी। प्रतापगढ़ से पधारी प्रीति पांडेय ने पढ़ा याद जब भी आती है तुम्हारी, मैं तिरंगे को चूम लेती हूं। उन्होंने संवेदना भरा गीत भी प्रस्तुत किया। नवगीत कवि जय चक्रवर्ती ने पढ़ा - जाओ जनगण देश के उठो मचाओ शोर, लिए तुम्हारी रोटियां भाग रहे हैं चोर।कवि रमाकांत ने पढ़ा - काश!यह रात आखिरी निकले, सुबह हो जल्द रोशनी निकले। कवि मनोज कुमार मंजुल ने अपने शानदार गीत से सबको खुश किया। उन्होंने पढ़ा - मत हार मुसाफिर जीवन से मंजिल तक तुझको जाना है। वरिष्ठ कवि राम नारायण रमण ने अपने गीतों एवं मुक्तकों से जनमानस को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने पढ़ा- चर्चा है कुछ लोग निराला को मंडी में बेच रहे । फैजाबाद से पधारे सोमनाथ अनाड़ी ने कई सुंदर गीत प्रस्तुत किए। उनके गीतों को जनसमूह ने करतल ध्वनि से सराहा। कवि सुंदर लाल मनमौजी की कविताओं को श्रोताओं ने प्यार से सुना।मधुप श्रीवास्तव नरकंकाल ने अपनी हास्य व्यंग रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक गुदगुदाया। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शायर नाज प्रतापगढ़ी ने अपने शेरों से समां बांध दिया। उन्होंने तरन्नुम से एक के बाद एक कई गीत भी प्रस्तुत किए। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का संचालन शमसुद्दीन अजहर ने किया। कार्यक्रम के शुरुआत में ब्लाक प्रमुख शिवराम रावत, विकास शर्मा (प्रधानाचार्य)जयंत यादव, दुष्यंत, राजेन्द्र कुमार, मनोज कुमार मंजुल वाई.वेद प्रकाश आदि ने आये हुए सभी कवियों एवं शायरों का अंगवस्त्र भेंट कर एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया। इस अवसर पर दयाराम, बसंत लाल गुप्ता, ओमप्रकाश, आर्यन यादव, प्रदीप कुमार,राम निवास, मनोज यादव, नकुल,भुल्लन यादव, पप्पू यादव,देवेंद्र कुमार यादव, जितेन्द्र, राजेन्द्र यादव ,वाई.वेद प्रकाश आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# हाईस्कूल-इण्टर की परीक्षा शुरू



संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा बृहस्पतिवार को जनपद में प्रथम एवं द्वितीय पाली में शुरू हुआ। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने जनपद में कुल 107 केन्द्रो की संस्तुति प्रदान की थी। उनके कड़े निर्देशन में जनपद में नकलविहीन पारदर्शिता के साथ परीक्षा संचालित हो रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी डीआईओएस कार्यालय में बनाये गये कन्ट्रोल रूम में लगे लाईव सीसीटीवी कैमरो से केन्द्रो पर परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों की निगरानी की जा रही है। प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षा के लिए बनाये गये स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमणशील रहे। केन्द्रो पर गहन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश मिला। परीक्षार्थियों के सत्यापन हेतु आधार कार्ड से भी मिलान किया गया। बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में कुल 31 हजार 11 परीक्षार्थी शामिल है। प्रथम दिन 28 हजार 787 परीक्षार्थी प्रथम पाली में शामिल हुए। 2 हजार 224 परीक्षार्थी विभिन्न कारणों से हाईस्कूल में अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली इण्टरमीडिएट परीक्षा में पंजीकृत 25 हजार 597 परीक्षार्थी शामिल है। द्वितीय पाली में 24 हजार 310 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय पाली इण्टरमीडिएट परीक्षा में 1287 परीक्षार्थी विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे।

## आरबीएसके टीम के प्रयास से मासूम बालक को मिला नया जीवन



संतकबीरनगर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामानुज कन्नौजिया के कुशल निर्देशन में आरबीएसके टीम 3 पौली के चिकित्सक डा0 आश्विनी कुमार यादव, डा0 राजेश कुमार, राजेश मौदन (आरती) व नीलम (एएनएम) ने आँगनबाड़ी केन्द्र सुअरहा कला मिनी (किशुनपुर) के बच्चों के स्वास्थ परीक्षण के दौरान एक तीन वर्षीय बच्चा मो0 फैजान पुत्र मो. शमीम को जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) है -ग्रसित पाया गया, जो कि एक गम्भीर बिमारी है, दिल के आपरेशन में लाखों का खर्च आता, परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही है। टीम के सदस्यों ने आरबीएसके नोडल डा. सोहन गुप्ता व आरबीएसके मैनेजर दीनदयाल वर्मा के निर्देशन में गत 25, जुलाई, 2023 को मुख्य चिकित्साधिकारी से निःशुल्क ईलाज हेतु जवाहर लाल नेहरू मैडिकल कालेज एएमयू अलीगढ़ को रेफरल पत्र बनवाकर भेजा, जहाँ पर बच्चे की सभी जाँच की गई तथा 6 माह बाद समय ऑपरेशन हेतु समय दिया गया। जिसके क्रम में गत 19, फरवरी, 2024 को अलीगढ मेडिकल कालेज में उसका सफल आपरेशन किया गया, बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है। परिजनों ने कहा कि आरबीएसके टीम की वजह से बच्चे को नया जीवन मिला।

## वर्ड सोशल जस्टिस डे पर हुआ प्रचार प्रसार



संतकबीरनगर। अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में बृहस्पतिवार को मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन जनपद संतकबीरनगर द्वारा महिलाओं तथा बच्चों के विरुद्ध हो रहे अपराधो के नियंत्रण, अनुश्रवण तथा जनजागरुकता सम्बन्धी कार्यो का संचालन हेतु निःशुल्क विधिक सहायता हेतु सर्वसामान्य की सूचनात्मक पोस्टर पर पूर्ण विवरण तैयार किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात/पुलिस कार्यालय श्रीमती दीपांशी राठौर द्वारा महिला थाना संतकबीरनगर के महिला हेल्प डेस्क पर चस्पा कर शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में जनपद के सभी थानों पर भी निःशुल्क विधिक सहायता संवैधानिक अधिकार के पोस्टर/ बैनर चस्पा किया गया जिसके अन्तर्गत फ्री लीगल एड सर्वसामान्य की सूचनात्मक पोस्टर गरीब व असहाय वर्गो को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा सके।

# केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री ने दर्जनों विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**संवाददाता।** निघासन खीरी



**केन्द्रीय** गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधानसभा में दो दर्जनों से अधिक विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। सर्व प्रथम निघासन नगरपंचायत कार्यालय में पहुंचे केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री का नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पतिया में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत सत्तू पुरवा से मोती पुरवा मार्ग 5 किमी पांच सौ मीटर लागत 371.65 लाख से बनी सड़क का लोकार्पण किया। इसके बाद ग्राम पंचायत खैराहनी के बौधिया खुर्द में बनी सांसद निधि से बनी इंटर लॉकिंग अनमोल सिंह के घर से परस राम के घर तक एक सौ छः मीटर बनी इंटर लॉकिंग का लोकार्पण किया। और ग्राम पंचायत बौधिया कला में बनी सांसद निधि से तुलसी राम के घर से परशुराम के घर तक सत्तर मीटर लागत लगभग पांच लाख से बनी इंटरलॉकिंग का लोकार्पण किया।

इस प्रकार कई दर्जनों विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। बौधिया खुर्द में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री ने बताया कि सरकार गरीबों के हित में कार्य कर रही है। पूर्ववर्ती सरकारों में बिजली का हफ्ता चलता था अब हर गांव घरों बिजली पहुंच गई है बिजली प्रयाप्त मात्रा में मिल रही है चारों तरफ सड़कें बन गई है जो बची है वो लोकनिर्माण विभाग से बनी रही हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के साथ साथ सौंदर्यीकरण भी हो गया शिक्षा में काफी सुधार हुआ है। इस प्रकार कई जन कल्याणकारी योजनाओं का बखान किया।

इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, कनक पाल सिंह राणा, नागेन्द्र सिंह सेंगर, रतीराम लोधी, मोनू दीक्षित, के.के. तिवारी, अशोक तिवारी, हरिशंकर, श्री राम मौर्य, ग्राम विकास अधिकारी उपदेश वर्मा, उमाशंकर मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि पंकज मौर्य, राजेन्द्र प्रसाद, अनमोल, राजेश लोधी, अरविंद लोधी, रामनिवास लोधी, पंकज पटेल, दिनेश, रामपाल लोधी आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कस्तूरवा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं को दिया जा रहा है मिलावटी भोजन, नमूना फेल

**हमीरपुर।** जिले के हमीरपुर शहर के बगल में स्थित कस्तूरवा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (केजीबीवी) कुछेछा मे खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गयी जांच में खाद्य पदार्थ दाल व आटा मानक विहीन पाया गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त से अनुमति लेकर ठेकेदार व वार्डन के खिलाफ कोर्ट में रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। खाद्य सुरक्षा बिभाग के सहायक आयुक्त दिवतीय राम अवतार यादव ने बताया कि माह जनवरी में कस्तूरवा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुछेछा से खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके निरंजन ने दाल, आटा का सैम्पल लेकर प्रयोगशाला लखनऊ जांच के लिये भेजा था जांच रिपोर्ट में मूंग की दाल मिलावट पायी गयी है आटा अधोमानक पाया गया है। इससे सावित होता है कि विद्यालय में छात्राओं को मिलावटी भोजन दिया जा रहा है।

# लगभग दो वर्ष पूर्व लापता हुई महिला को पुलिस द्वारा सकुशल बरामद किया गया

**कानपुर देहात।** घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम वादी अमित पाल पुत्र छोटे पाल निवासी ग्राम बिजहरा थाना डेरापुर कानपुर देहात द्वारा 30.07.2021 को थाना डेरापुर पर बहन नीलम पाल के ससुरालीजनों के विरूद्ध अतिरिक्त दहेज की मांग करनेए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने व बहन को षडयन्त्र के तहत 13.06.2021 को विदा कराकर ले जाने तथा रास्ते में कहीं उसकी हत्या कर लाश गायब कर देने आदि के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना डेरापुर पर मु.अ.सं. 173/2021 धारा 498, 304बी, 323, 504, 506, 201भादवि. व डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसमें विवेचना के दौरान धारा 304बी भादवि का लोप करते हुये धारा 364 भादवि की बढोत्तरी की गयी थी। इसी प्रकरण में नीलम पाल के पति राजू पाल पुत्र स्व. श्रीराम निवासी ककोर, थाना दिबियापुर, जिला औरैया की सूचना पर 13.06.2021 को थाना रूरा कानपुर देहात में अपनी पत्नी नीलम पाल को विदा कराकर बाइक से लौटते समय पत्नी द्वारा परहुल देवी मन्दिर रूरा में दर्शन के लिये चलने के लिये कहनेए नहरपुल रूरा की दुकान से प्रसाद लेने, मन्दिर में प्रसाद चढ़ाने के बाद पत्नी द्वारा मोबाइल फोन प्रसाद वाली दुकान पर भूल जाने जिस पर प्रार्थी द्वारा दुकान जाकर लौटने पर पत्नी के न मिलने के सम्बन्ध में पत्नी नीलम पाल के मौसेरे भाई जयनरायन पुत्र रामनाथ उर्फरामसिहं निवासी ग्राम टिढ़वा थाना रूरा जिला कानपुर देहात के विरूद्ध उसकी पत्नी व बेटी उम्र 04 वर्ष को ले जाने के सम्बन्ध में एनसीआर न0.0096/2021 धारा 498 भादवि पंजीकृत करायी गयी थी। तकनीकी साक्ष्योंए सर्विलांस सेल की मददए मुखबिर की सूचना व गोपनीय सूचना के आधार पर पीड़िता/अपहृता नीलम पाल उपरोक्त को कल 21.02.2024 को कानपुर नगर से सकुशल बरामद किया गया। पीड़िता द्वारा सुरेश बाबू उर्फ गुड्डू पुत्र स्व. सुबेदार निवासी नोनारी थाना डेरापुर, कानपुर देहात से जान पहचान व दोस्ती होने तथा उसी के साथ जाने व उसी के साथ अपनी बेटी के साथ श्री देवेन्द्र दीक्षित के मकान जरौली प्रथम कानपुर नगर में किराये पर रहने की बात बतायी गयी है। पीडिता के भाई अमित पाल उपरोक्त द्वारा अपनी बहन के पति, देवर व चचिया ससुर के विरूद्ध पंजीकृत कराये गये मुअसं 173/2021 धारा 498, 304बी, 323, 504, 506, 201 भादवि व डीपी एक्ट तथा पीड़िता के पति राजूपाल द्वारा पंजीकृत करायी गयी एनसीआर न0.0096/2021 धारा 498 भादवि0 के आरोप सही नहीं पाये गये।

# कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएड की परीक्षाएं शुरू

**फतेहपुर।** उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरूवार से जिले के 117 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शुरू हो गई। दोनों पालियों में सीसीटीवी कैमरे से जहां निगरानी की जा रही है वहीं गेट पर तलाशी के बीच ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। पहले दिन स्टैटिक मजिस्ट्रेटों के साथ उड़नदस्ता टीम ने कई परीक्षा केंद्रों का जायजा लेकर परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में नकलविहीन सम्पन्न कराए जाने के निर्देश केंद्र व्यवस्थापकों को दिए। जिले के 117 परीक्षा केंद्रों में हाईस्कूल की प्रथम पाली प्रात: साढ़े आठ बजे से 11.45 बजे तक हिंदी व प्रारंभिक हिंदी व द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से 5.15 बजे तक वाणिज्य विषय के अलावा इंटरमीडिए की प्रथम पाली में सैन्य विज्ञान व द्वितीय पाली में हिंदी व सामान्य हिंदी का प्रश्न पत्र रहा। निर्धारित समय से पहले ही परीक्षार्थी अपने अपने परीक्षा केंद्रों में पहुंचे। गेट पर लगे शिक्षकों ने तलाशी लेकर ही छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया। प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका हाथ में आते ही परीक्षार्थियों ने अपना-अपना इम्तिहान दिया। परीक्षार्थी जब परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले तो किसी के चेहरे पर मुस्कान तो किसी के चेहरे पर मायूसी दिखाई दी। परीक्षा को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन भी बेहद सतर्क है। पहले दिन ही अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), उप जिलाधिकारी, सदर व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से रैण्डम आधार पर विद्या निकेतन बालिका इंटर कॉलेज रानी कालोनी, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज वीआईपी रोड, राजकीय इंटर कॉलेज एवं सरस्वती बाल मन्दिर इण्टर कॉलेज रघुवंशपुरम का औचक निरीक्षण किया। राजकीय इंटर कॉलेज में तीन कक्ष निरीक्षकों की आईडी कार्ड पर अंकित उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय का नाम व शैक्षिक योग्यता तथा हस्ताक्षर गलत पाये गये।

# सपा छात्र सभा ने आरओ/एआर ओ की परीक्षा दोबारा कराए जाने की मांग का सौपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** सपा छात्र सभा ने आरओ/एआर ओ की परीक्षा दोबारा कराए जाने मांग का ज्ञापन एस डी एम को सौपा। समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष हर्ष गंगवार के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के साथ आर ओ / एआर ओ् की परीक्षा पहले से ही लीक होने संबंध में कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया सौंपा, जिसे एसडीएम सदर गजराज सिंह ने लिया।

इस ज्ञापन के द्वारा यह कहा गया कि हाल में हुई परीक्षाओं में लगभग 60 लाख परीक्षार्थियों ने भाग लिया जिसकी परीक्षा शुरू होने से पहले ही टेलीग्राम व व्हाट्सएप के माध्यम से पेपर लीक हो गया, जिस कारण इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्रों का भविष्य अंधकार में हो गया।



अत: समाजवादी पार्टी छात्र सभा द्वारा यह मांग की गई कि उपरोक्त पेपर को रद्द कर इसकी दोबारा से परीक्षा कराई जाए। जिला अध्यक्ष छात्र सभा हर्ष गंगवार ने कहा कि उन जैसे कई छात्र जो कि अपने भविष्य के प्रति गंभीर हैं और कई घंटे तक जागकर पढ़ाई करते हैं और जब वह पेपर लीक हो जाता है तो उनका मनोबल और आत्मविश्वास दोनों गिरता है। सरकार की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि उपरोक्त परीक्षा पारदर्शी तरीके से दोबारा से कराई जाए। इस प्रकार के पेपर लीक होने से सरकार की नियत पर सवाल उठते हैं। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष सुभाष शाक्य, जिला उपाध्यक्ष सौरभ कटियार, जिला अध्यक्ष युवजन सभा शिवम यादव के साथ सुमित गंगवार, शिव गंगवार, आकाश यादव, आयुष यादव ,अमन कश्यप, माजिद अली ,आयुष गंगवार, मिलन गंगवार, सहित तमाम छात्र मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि समाजवादी छात्र सभा छात्रों के हित के लिए संघर्ष कर रही है।

## नौकरी के लिए दिये गये पैसे वापस ने मिलने पर जनसेवा केंद्र संचालक ने फांसी लगाकर दे दी जान

**फर्रुखाबाद।** नौकरी के लिए दिये गये पैसे वापस ने मिलने पर व फोन न उठाए जाने से क्षुब्द जन सेवा केंद्र संचालक अरुन कुमार जाटव ने फांसी लगाकर जान दे दी। अरुन कोतवाली कायमगंज के ग्राम मुबारक नगर निवासी अनिल कुमार का 25 वर्षीय पुत्र था। अरुन गांव के बाहर सम्राट जन सेवा केंद्र चलाता था। पड़ोस में ही थाना मेरापुर के ग्राम स्यानी निवासी झोलाछाप डॉक्टर विनीत कुमार का क्लीनिक है। अरुण कुमार के भाई अजय ने मीडिया को बताया की विनीत के पिता विश्राम सिंह ने अरुन की नौकरी लगवाने के लिए 3.80 लाख रुपए लिए थे।नौकरी न लगने पर अरुन ने रुपए वापस करने के लिए कई फोन किये लेकिन विश्राम ने फोन नहीं उठाया। गुस्सा, अरुन ने आज विश्राम सिंह को दर्जनों बार फोन लगाया फोन न उठने से गुस्साये अरुन ने छत के पंखे में रस्सी बांधकर फांसी पर लटक गया।

## क्विक न्यूज

### कर करेतर एवं राजस्व वसूली से संबंधित बैठक संपन्न

**बांदा।** 22 फरवरी एडीएम वि.रा. राजेश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कर .करेतर एवं राजस्व वसूली से संबंधित बैठक संपन्न हुईस बैठक में एडीएम ने आबकारी एवं परिवहन विभाग के करो में तेजी लाकर परवर्तन कार्यों को तेज करते हुए लक्ष्य के अनुरूप वसूली किए जाने के निर्देश दिए, उन्होंने नपा एवं नगर निकाय के द्वारा हाउस टैक्स की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंडी परिषद एवं सिंचाई विभाग के करों की वसूली की समीक्षा करते हुए सिंचाई विभाग के करों की वसूली किए जाने तथा मंडी के करों की वसूली में प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश मंडी के अधिकारियों को दिए। एडीएम ने विद्युत विभाग तथा सेल टैक्स के आरसी की वसूली किए जाने के संबंध में संबंधित विभाग एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए, बड़े बकायेदारों की सभी तहसीलो के अनुसार वसूली की समीक्षा करते हुए वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### उपरगामी सेतु को मंजूरी, खर्च होंगे 77.49 करोड़

**फतेहपुर।** जिसका लंबे अरसे से शहरियों को इंतजार रहा। उसके निर्माण को न सिर्फमंजूरी मिल गई बल्कि धन भी आवंटित हो गया। रेलवे वर्क प्रोग्राम में शादीपुर नाका को शामिल किया गया है। इसके चालू हो जाने से नॉर्थ और साउथ सिटी की दूरी कम हो जाएगी। वैसे तो नॉर्थ और साउथ सिटी को जोड़ने के लिए पहले से ही दो आरओबी वजूद में हैं लेकिन इन दोनों क्षेत्र की जनता, ज्यादातर शादीपुर रेलवे क्रॉसिंग पर निर्भर है। कानपुर व प्रयागराज के बीच स्थित शादीपुर नाका होने के कारण हरेक 15 से 20 मिनट में इसका फाटक बंद हो जाता है। आवागमन पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। इस नाका में पुल बनाए जाने की मांग लंबे अर्से से हो रही थी। जिले की सांसद व उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के प्रयास से मिलने जा रहे, यहां की जनता को अर्से से इंतजार था। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि शादीपुर नाका में उपरगामी सेतु की प्रशासकीय व 77.49 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत निर्माण प्रारंभ हो जाएगा।

### मॉर्निंग वॉक को निकले युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी नगर के मीरखपुर मोहल्ला निवासी राकेश सैनी की बहन विद्या की शादी कानपुर देहात के रसूलाबाद निवासी राजू के साथ हुई थी। काम काज के सिलसिले के चलते विवाह के बाद ही राजू ससुराल रहने आ गए थे। राजू के यहीं पर दो बेटे हुए जो रोज की तरह मॉर्निंग वॉक को घर से भोर पहर चार बजे निकला था। तभी गांधी चौराहे के समीप गुरुद्वारा के पास उसे तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया और तड़के का फायदा उठाते हुए भाग खड़ा हुआ। उधर हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने युवक को सीएससी पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### घरेलू कलह में महिला ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** मलवां कस्बा निवासी अनिल चौरसिया की पत्नी वंदना ने दोपहर घरेलू कलह के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया इसी दौरान परिजनों की नजर उस पर पड़ गई और तत्काल फांसी के फंदे से छुड़ा निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। कुछ ही समय बाद महिला ने दम तोड़ दिया, परिजन शव को घर वापस ले गए।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**फतेहपुर।** मौरंग लदे ट्रक की टक्कर से बुधवार की रात बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। जानकारी के अनुसार खखरेरू थाना क्षेत्र के दरियामऊ गांव निवासी राहुल (23) किसी काम से रक्षपालपुर शाम को आया था। घर लौटते समय चौराहे के पास स्थित मेडिकल स्टोर के सामने मौरंग लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** हथगाम कस्बा के मुहल्ला तेहीपारा वार्ड नं. 5 निवासी रूद्रदत्त पांडेय का पुत्र संजय कुमार पांडेय बुधवार की शाम कस्बे के समीप सफारी में बैठे थे। जैसे ही उसने मसाला थूकने के लिए गेट खोला, तेज रफ्तार मौरंग लदे ट्रैक्टर ने दरवाजे में टक्कर मार दिया उसकी मौत हो गई।

### दो अज्ञात शव बरामद

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के चितौरा मोड़ के समीप एनएच-2 में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने 50 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव बरामद करते हुए विच्छेदन गृह भेजा है। पुलिस के अनुसार किसी वाहन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हुई है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इसी प्रकार हथगाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरांय इदरीस चौकी चौराहा के पास नहर में बह रहे 40 वर्षीय अज्ञात युवक का पुलिस ने शव बरामद किया है।

## एसपी नें जीर्णोद्धार के बाद बैरिक का उद्घाटन किया

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर स्थानीय कोतवाली में तैनात पुलिस कर्मियों के जर्जर आवासों का जीर्णोद्धार होनें के बाद नवीन बैरिक का एसपी ने फीता काटकर उदघाटन किया। उन्होनें कहा कि जनपद में अपराध नियंत्रण में पुलिस कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शुक्रवार को कोतवाली के जीर्णोद्धार के बाद नवीन बैरिक का फीता काटकर उदघाटन करनें के उपरान्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कहा कि पुलिस कर्मी मौसम की परवाह किये बगैर अपनी डियूटी को अंजाम देते हैं। उनकी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होनें प्रभारी निरीक्षक को आरक्षियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक डा. संसार सिंह, सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार व प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एनआरएलएम की दीदियां हरेक गांव में वसूल करेगी विद्युत बिल

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत बिल काटने के लिये हरेक ग्राम सभा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) समूह में कार्य कर रही महिलाओं (दीदियों) की मुफ्त थर्मा मीटर (मशीन) देकर वसूली करने के लिये नियुक्त किया जायेगा। शासन ने अनुमति दे दी है। एनआरएलएम के जिला प्रबंधक प्रशांत मिश्रा ने बताया कि मिशन के तहत समूहों में जुड़ी दीदियों को आत्म निर्भर बनाने के लिये केंद्र सरकार पूरी तरह प्रयासरत है। शासन की मंशा है कि ग्रामीण महिलाएं हरेक क्षेत्र में कार्य करे ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। पिछले साल विजली विल काटने के लिये जिले से 77 महिलाओं (दीदियों) को लगाया गया था। जिसमे करीब एक साल में गांवो से बिल काटने के बाद वसूली कर सात करोड़ रुपये विद्युत विभाग को दिया था। विद्युत विभाग के पास कर्मचारी न होने के कारण समूह की महिलाएं अच्छा परिणाम दे रही है इस पर शासन ने हर गांव में समूह की एक महिला को बिल काट कर वसूली करने की हरी झंड़ी दे दी गयी है। सभी महिलाओं को पहले प्रशिक्षित किया जायेगा इसके बाद वसूली की जिम्मेदारी सौपी जायेगी। पहले विल काटने के लिये शासन से थर्मा मीटर (मशीन) को समूह की महिलाओं को खरीदना पड़ता था अब शासन ने दीदियों को मशीन भी उपलब्ध कराने का फैसला किया है। ताकि वह कार्य में पूरी तरह रुचि ले सके। विद्युत बिल वसूलने पर दीदियों को दो हजार रुपये में बीस रुपये कमीशन व दो हजार से ऊपर बसूली करने में एक फीसदी कमीशन विद्युत विभाग देता है जिससे महिलाओं को रोजगार मुहैया हो रहाहै। अभी विद्युत विभाग ने गांवों में महिलाओं से पार्ट पेमेंट की वसूली की आदेश नही है मगर निकट भविष्य में यह व्यवस्था भी दीदियों को मिल जायेगी। तब दीदियों को और भी लाभ मिल सकेगा।

## विकास खण्ड परिसर सन्दलपुर में हुआ रोजगार मेला, 86 लोगों को दिए गए ऑफर लेटर

**कानपुर देहात।** मिशन निदेशक, उप्र कौशल विकास मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार कौशल विकास मिशनए आईटीआई एवं सेवायोजन द्वारा संयुक्त रूप से 22.02.2024 को विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला विकास खण्ड परिसर सन्दलपुर कानपुर देहात में आयोजित किया गया। रोजगार मेले में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई उत्तीर्ण व गैर तकनीकी प्रशिक्षार्थियों/ अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में आर एम मैन पावरए राकन स्टील, शिवशक्ति प्रा.लि. आदि कुल 05 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में कुल 146 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग कियाए जिसमें से उपरोक्त कम्पनियों द्वारा 146 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया उपरोक्त अभ्यर्थियों में से 86 अभ्यर्थियों का ऑफर लेटर दिया गया जिसमें से राहुल तिवारी ब्लाक प्रमुख सन्दलपुर कानपुर देहात के करकमलों से 10 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किये गये।

# अधिवक्ता ने वृद्ध मां-बाप को मौत के घाट उतारा

**फर्रुखाबाद।** कादरी गेट थाना क्षेत्र में एक अधिवक्ता ने अपने वृद्ध मां-बाप को नुकीले हथियार व ईट से कुचलकर मौत के घाट उताराऔर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने आज गुरुवार को बताया कि कादरी गेट थाना क्षेत्र के गीतापुरम कोठा निवासी अधिवक्ता मनोज पाल ने बुधवार - गुरुवार की रात्रि में घर के ऊपरी कमरे में गहरी नींद में सोए अपने 70 वर्षीय वृद्ध पिता ओमप्रकाश एवं 50 वर्षीय मां बबली को किसी नुकीले हथियार व ईट से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गया।

मां बाप की हत्या किए जाने की घटना को अंजाम देने के बाद अधिवक्ता मनोज पाल ने, मकान के नीचे वाले कमरे में रह रही अपनी पत्नी नम्रता से आकर कहा कि तुम्हारे माता-पिता की तबीयत खराब है अभी चलना है यह कह कर मनोज अपनी पत्नी नम्रता को उसके मायके कन्नौज जिले के गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रेहुआ समधन के लिए लेकर रबाना हुआ।

रास्ते में मनोज ने अपनी पत्नी से कहा कि मैंने अपने मां-बाप को मार डाला है, मैं भाग रहा हूं, तुम भी कहीं चली जाओ। इसके बाद पति के कही चले जाने पर उसकी पत्नी नम्रता अपनी ससुराल वापस लौटीऔर उसने घटना की सूचना थाना कादरी गेट पुलिस को दी। गुरुवार को पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल शुरू की तथा पत्नी की तहरीर पर उसके पति अधिवक्ता मनोज पाल के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया। प्रथम दृष्टया मृतक ओमप्रकाश कैंसर रोग से पीड़ित था ,जिसकी दवाई में खर्च होने एवं सौतेली मां के होने को लेकर परिवार में विवाद होता था। इस दोहरे हत्याकांड का हत्यारोपी शीघ्र गिरफ्तार होगा। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला स्थान फ्तेहगढ़ को भिजवाया।

# तीन दिन में अतिक्रमण न हटाने पर होगी कार्रवाई: ईओ

● अधीनस्थ कर्मियों को मुनादी करवाये जाने के निर्देश दिये

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** विगत दिनों पूर्व विभिन्न समाचार पत्रों में अतिक्रमण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित होने पर पालिका प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए अतिक्रमणकारियों को तीन दिन में अतिक्रमण न हटाने पर करवाई की चेतावनी दी गई है। शुक्रवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने जानकारी देते हुए बताया कि जो भी व्यक्ति सरकारी व सार्वजनिक भूमि एवं संपत्ति नाला, नाली, फुटपाथ पर अतिक्रमण किए हुए हैं। वह तीन दिन के अंदर अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें। अन्यथा की स्थिति में पालिका द्वारा अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा। अतिक्रमण हटवाते समय किसी भी प्रकार की क्षति के लिए अतिक्रमणकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। इससे पूर्व उन्होनें पालिका कर्मियों को मुनादी करवाये जाने के निर्देश दिय। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, राजेश वर्मा, मनोज तिवारी, मोहित गुप्ता, प्रसन्नजीत मिश्रा सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।



पालिका कार्यालय में जानकारी देते ईओ अनिल पंडित।

## पीएम ग्यारह अंडर पास का करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**फतेहपुर।** मौहार रेलवे अंडर पास में स्थलीय निरीक्षण को पहुंचे मुख्य वाणिज्य निरीक्षक महेंद्र गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पूरे भारत मे 554 रेलवे स्टेशनों का पुर्नविकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडर पास का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। जिले में 11 अंडर पास का वर्चुअल उद्घाटन 26 फरवरी को होना है जिसको लेकर सभी स्थानों में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारी बांटी गई है। खागा तहसील के छिम्मी, कुक्करा, तेनी का पुरवा मे फ्तेहपुर तहसील के मिथनपुर, कोराई, चखेरी व बिंदकी तहसील के बसावनखेड़ा, हसनपुर, मौहार, रामपुर, गोधरौली में कार्यक्रम प्रस्तावित है। आरयूबी, आरओबी के उद्घाटन में प्रधानमंत्री वर्चुअल जुड़ भी सकते है। इस मौके पर समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र ओमर मोना, गजेंद्र सिंह, आलोक गौड़, बबलू सिंह, विकास सिंह आदि रहे।

# अपर जिलाधिकारी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए निर्देश

● सड़क सुरक्षा के नियमों का करें पालन: एडीएम

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में हुई। बैठक में सर्वप्रथम अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि एनएच पर अनधिकृत कट के बंद करने की कार्रवाई की जा रही हैए जिसके संबंध में आर.आई. के साथ संयुक्त जांच कर सत्यापन रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने हाईवे पर अभियान चलाकर आवारा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित करने, हाईवे पर छोटे, बड़े वाहनों हेतु लेन निर्धारित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी द्वारा बिना नंबर प्लेट के चल रहे वाहनों को लेकर विशेष नाराजगी वक्त की गई तथा अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी रोड जंक्शन पर रंबल स्ट्रिप लगाने की कार्रवाही की जाए, हाईवे पर जगह.जगह स्पीड सेंसर लगाया जाए, नबीपुर हाईवे पर क्रॉस बैरियर लगाया जाए, जिससे अनाधिकृत रूप से कोई सड़क पार न करें। एडीएम द्वारा हाईवे पर पैदल पुल बनाने के निर्देश भी एनएचएआई के अधिकारियों को दिए। एनएचएआई के अधिकारियों के कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि एनएचएआई अपने कार्यों में सुधार लाएं तथा दिए गए निर्देशों का पालन ससमय करें अन्यथा की स्थिति पर कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त सड़क व हाईवे पर झाड़ियों की कटाई, हाईवेज के सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए। एडीएम द्वारा सभी ट्रैक्टर्स तथा स्कूली वाहनों पर रेडियम स्टीकर लगाने के निर्देश दिए गए।

# डीएम ने की कर करेत्तर की बैठकए दिए निर्देश

● डीएम ने दिए राजस्व बढ़ाने के लिए निर्देश राजस्व वसूल कर लक्ष्य को कराए पूरा



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों एवं कर.करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत.प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। जिन विभागों की प्रगति खराब हैए लक्ष्य पूरा नहीं किया हैए वह उन्हें लिखित रूप में स्पष्ट करें कि वह लक्ष्य को कैसे पूरा कराएंगे। खराब प्रगति वाले विभाग विशेष अभियान चलाकर अपने लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कराए।


डीएम ने परिवहन, स्टांप, राज्यकर, वन, विद्युत की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बेहतर ना होने पर नाराजगी जताई, कारण जाना। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। लक्ष्य के सापेक्ष बेहतर प्रगति पर डीएम ने एआरएम रोडवेज की सराहना करते हुए तालियां बजवाई। डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, डीईओ राजवीर सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे। डीएम ने कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 23 फरवरी 2024



# ओडिशा को डबल इंजन सरकार की जरूरत: राजनाथ

**भाषा।** ब्रह्मपुर (ओडिशा)



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि ओडिशा की निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने और इसे देश के बाकी हिस्सों के विकास पथ के साथ जोड़ने के लिए राज्य में डबल इंजन सरकार की आवश्यकता है। सिंह यहां ब्रह्ममपुर शहर के पास अंबपुआ में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसमें ब्रह्मपुर, अस्का, भुवनेश्वर, कंधमाल और पुरी जैसे पांच लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने कहा, इस बार ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सरकार बनाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों को गरीबों, किसानों, मजदूरों, छात्रों और युवाओं के लिए मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कल्याणकारी कदमों के बारे में जानकारी दें।

सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से ओडिशा में डबल इंजन सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध होने का आह्वान किया और दावा किया कि पार्टी न केवल लोकसभा चुनाव में, बल्कि इसके साथ होने वाले विधानसभा चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, हम न केवल लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, बल्कि भाजपा विधानसभा चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। ओडिशा में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ होना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ओडिशा पर विशेष ध्यान है।

सिंह ने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने 10 वर्षों में राज्य को केवल तीन लाख करोड़ रुपए दिए थे, जबकि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद राज्य को 18 लाख करोड़ रुपए से अधिक आवंटित किए हैं। उन्होंने विकास के लिए भारत और ओडिशा की आकांक्षाओं का उल्लेख किया तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जैसे वैश्विक संस्थानों के समर्थन का हवाला देते हुए मोदी के नेतृत्व में देश की आर्थिक प्रगति की सराहना की।

सिंह ने कहा, कभी हम आईएमएफ के सामने निवेदक के तौर पर खड़े थे। हालांकि, मोदी के कार्यकाल में चीजें बदल गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक सद्भावना के कारण कतर में आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों की मौत की सजा माफ कर दी गई। रक्षा मंत्री ने कहा, मोदी जी के अलावा यह काम कोई नहीं कर सकता था। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी ने पूरी दुनिया में भारत की छवि सुधारने में मदद की है। सिंह ने कहा, कुछ लोग उन्हें (मोदी) बॉस कहते हैं। एक देश के राष्ट्रपति ने सम्मान में उनके पैर भी छुए। रक्षा मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के उस प्रसिद्ध कथन को याद किया जिसमें उन्होंने था कि जब केंद्र 100 पैसे भेजता है तो जमीनी स्तर पर लोगों तक केवल 14 पैसे ही पहुंचते हैं। सिंह ने कहा कि अब भ्रष्टाचार खत्म हो गया है और लोगों को सीधे बैंक खाते में केंद्र से जारी शत प्रतिशत राशि मिल रही है। सिंह ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर चुटकी लेते हुए कहा कि गठबंधन दिन-प्रतिदिन बिखरता जा रहा है।

## आगरा किले के दीवान-ए-आम परिसर में अब नहीं किया जाएगा कार्यक्रमों का आयोजन

**आगरा (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के आगरा किले के दीवान-ए-आम में अब जश्न-संगीत से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जाएगा। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती से जुड़े दो कार्यक्रमों के आयोजन के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने यह तय किया है कि अब से इस परिसर में कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा। किले के दीवान-ए-आम परिसर में आई दरारों और मरम्मत में आ रही दिक्कतों के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। 19 फरवरी को आगरा किले में छत्रपति शिवाजी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्र सरकार के मंत्रियों ने हिस्सा लिया था। अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया कि जो दिक्कते सामने आई हैं, वे न बढ़े इसके लिए यहां कार्यक्रम नहीं कराने का निर्णय लिया गया है।

# अयोध्या में कारोबार में तेज प्रगति, अयोध्या वासी बोले- बेहतर जीवन जीने में मदद कर रहे भगवान राम

**अयोध्या (उप्र)।** अयोध्या में दिहाड़ी मजदूर दीपक पांडेय कुछ साल पहले नौकरी की तलाश में दूसरे शहर जाने की योजना बना रहे थे मगर अब वह राम नगरी में ही जमीन खरीदकर नया घर बनाने की सोच रहे हैं। राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी उनकी सोच में आए इस बदलाव का मुख्य कारण है। पांडेय अपनी आर्थिक स्थिति में हुए सुधार के लिए भगवान राम की कृपा को मुख्य आधार मानते हैं। पांडेय राम पथ तक जाने वाली एक गली में तीन कमरों के घर में रहते हैं। यह रास्ता मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुख्य मार्ग है और अब पांडेय अपने घर का एक कमरा किराए पर देते हैं।

पांडेय ने कहा, मैं एक कमरे को तीन हजार रुपए प्रति माह के हिसाब से किराए पर देता था। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद से मैं इसे तीन हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर दे रहा हूं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद गुजरे एक महीने में हमने लगभग हर दिन किसी न किसी नए व्यक्ति को किराए पर कमरा दिया है। हम चाहते हैं कि भगवान राम की कृपा ऐसे ही बनी रहे। गत 22 जनवरी को संपन्न अभिषेक समारोह के बाद से रोजाना औसतन लगभग एक लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए इस पवित्र शहर में आ रहे हैं।

पांडेय की तरह उनकी गली के लगभग हर घर के मालिकों ने पर्यटकों को होमस्टे सुविधा देने के लिए अपने घर में कम से कम एक कमरे का नए सिरे से रंग-रोगन करवाकर उसे सभी सुविधाओं से लैस किया है। प्रमेश पांडेय एक गली के प्रवेश द्वार पर खड़े होकर भक्तों से पूछते हैं कि क्या उन्हें रहने के लिए कमरे की जरूरत है। उन्होंने कहा, मेरे पास तीन-चार अलग-अलग इमारतों में छह कमरे हैं। मैं आगंतुकों की संख्या के आधार पर रोजना 1,400 रुपए से लेकर तीन हजार रुपए तक में एक कमरा उपलब्ध कराता हूं। प्रमेश की गली के ज्यादातर निवासी छोटे-मोटे काम करते हैं या मंदिर में चढ़ाए जाने के लिए चढ़ावे का सामान बेचते हैं। राम पथ से जुड़ी एक अन्य गली में रहने वाली जसवंती शर्मा भगवान राम की तस्वीरें और अन्य स्मृति चिह्न बेचती हैं। भगवान राम हम पर अपनी कृपा बरसा रहे हैं। भगवान यहां भक्तों के रूप में आते हैं और हमें बेहतर जीवन जीने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा, नए मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने के बाद से शहर में आने वाले लोगों की संख्या काफी बढ़ गई है। इससे मेरे व्यवसाय को मदद मिली है। कई दुकान मालिक मौजूदा ढांचे के ऊपर एक नई मंजिल जोड़कर अपनी दुकानों का विस्तार कर रहे हैं।

# संदेशखालि विवाद: भाजपा ने जारी किया वृत्तचित्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों को रेखांकित करने के लिए बृहस्पतिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वृत्तचित्र जारी किया और राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। भाजपा ने 20 मिनट से अधिक लंबे वीडियो के बारे में सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एक सच्चाई जो हमें चौंका देगी। एक सच्चाई जो हमें पीड़ा देगी। एक सच्चाई जो हमारी अंर्तात्मा को हिला देगी। संदेशखालि की सच्चाई, जिसे ममता बनर्जी छिपाने की कोशिश कर रही हैं। वृत्तचित्र में संदेशखालि की कुछ महिलाएं उन कथित अपराधों के बारे में बात कर रही हैं जो उनके साथ हुए थे।

तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप लगाया है। राज्य में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने इस मुद्दे को भुनाते हुए, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर, सुंदरबन की सीमा पर स्थित संदेशखालि इलाके में स्थानीय महिलाओं द्वारा फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। शाहजहां तब से फरार है जब गत पांच जनवरी को राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में उनके परिसर की तलाशी लेने गए प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर कथित तौर पर उनसे जुड़ी भीड़ ने हमला कर दिया था।

# गन्ने का एफआरपी बढ़ाए जाने पर किसानों ने दी मिली-जुली प्रतिक्रिया

**भाषा।** बागपत, मेरठ, मुजफ्फरनगर

**केन्द्र** सरकार द्वारा गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में 25 रुपए का इजाफा करके उसे 340 रुपए प्रति क्विंटल किए जाने पर किसानों और उनके नेताओं ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गन्ने का एफआरपी बढ़ाने के केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के निर्णय से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और पंजाब के किसानों को कोई फायदा नहीं होगा क्योंकि इन प्रदेश में राज्य सरकारें ही गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करती हैं। जब तक प्रदेश सरकारें अपने यहां एफआरपी के सापेक्ष राज्य परामर्शी मूल्य नहीं बढ़ाती हैं, तब तक इन राज्यों के किसानों को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की बागपत जिला इकाई के अध्यक्ष प्रताप सिंह गुर्जर ने केंद्र सरकार द्वारा गन्ने पर बढ़ाए गए एफआरपी की मात्रा पर नाखुशी जताते हुए कहा कि सरकार अपना ही वादा भूल गई है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में मेरठ में एक जनसभा में गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 450 रुपए प्रति क्विंटल करने का वादा किया था।

गुर्जर ने कहा, हम (किसान) भी उपभोक्ता हैं। सरकार को यह भी याद रखना चाहिए। हमें भी पेट्रोल, डीजल, खाद, बीज वगैरह खरीदना पड़ता है। ए सभी चीजें महंगी होती जा रही हैं। फिर गन्ने पर एमएसपी को किसानों की लागत के आधार पर बढ़ाया जाना चाहिए। अगर सरकारी कर्मचारियों का भत्ता महंगाई के आधार पर बढ़ता है तो फिर किसानों के लिए ऐसा क्यों नहीं किया जाता? हम केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि वह गन्ने की कीमत को लेकर अपने फैसले पर पुनर्विचार करे।

सरकार ने बुधवार को अक्टूबर से शुरू होने वाले पेराई सत्र 2024-25 के लिए गन्ना उत्पादकों को मिलों द्वारा भुगतान की जाने वाली न्यूनतम कीमत को 25 रुपए बढ़ाकर 340 रुपए प्रति क्विंटल करने का फैसला किया था। यह 2014 में सत्ता में आने के बाद से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा घोषित गन्ने के लिए उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) है।

शाहजहांपुर जिले के गन्ना किसान गुरवंत सिंह ने भी केन्द्र सरकार द्वारा एफआरपी में की गई वृद्धि को मामूली बताया। उन्होंने कहा, गन्ने की एफआरपी में 25 रुपए की बढ़ोतरी एक बड़े फैसले की तरह लग सकती है, लेकिन असल में यह बहुत कम है। पिछले कुछ वर्षों में खेती की लागत लगभग दोगुनी हो गई है। सरकार को कम से कम एफआरबी में 70 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करनी चाहिए ताकि किसान अपनी लागत वसूल कर सकें।

दूसरी ओर, राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय सचिव और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता डॉ. राज कुमार सांगवान ने मेरठ में पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों की तकलीफ को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। इस बढ़ोतरी से किसानों को राहत मिलेगी।

रालोद नेता ने यह भी कहा कि जिस तरह से खेती की लागत बढ़ रही है, उसे देखते हुए एफआरपी को और बढ़ाया जा सकता था। मेरठ में भाकियू के जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी ने इस कदम का स्वागत किया। गन्ने की एफआरपी 25 रुपए बढ़ाने का भारत सरकार का फैसला अच्छा है। लेकिन केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि उत्तर प्रदेश के किसानों को इसका लाभ मिले। उत्तर प्रदेश के किसानों को इसका फायदा तब ही मिलेगा जब केन्द्र सरकार उत्तर प्रदेश की सरकार को निर्देशित करेगी कि एफआरपी के सापेक्ष प्रदेश में राज्य परामर्शी मूल्य (एसएपी) को भी बढ़ाए। असल में तभी गन्ना किसानों को फायदा मिलेगा, अन्यथा ए सब दिखावा ही साबित होगा।

# नियमों का उल्लंघन बताए बिना उद्योग बंद करने से निवेश प्रभावित होता है: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि नियमों के उल्लंघन को स्पष्ट शब्दों में बताए बिना किसी उद्योग को बंद करने से कंपनी में किए गए निवेश पर असर पड़ता है। न्यायालय ने तमिलनाडु के तूतिकोरिन में अपने संयंत्र को बंद कर दिए जाने के खिलाफ वेदांता समूह की कंपनी स्टरलाइट कॉपर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अधिकारियों को किसी उद्योग को बंद करने के लिए नियमों के उल्लंघनों को निर्दिष्ट करना होगा। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी कंपनी को अपने संयंत्रों को चलाने के लिए मौजूदा कानूनों और पर्यावरण मानदंडों का पालन करना होगा।

तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी एस वैद्यनाथन ने स्पष्ट किया कि राज्य ने वेदांता के तांबा संयंत्र को बंद नहीं किया है, बल्कि पर्यावरण संबंधी चिंताओं के कारण इसे संचालित करने की अनुमति से इनकार किया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, कोई कंपनी यह नहीं कह सकती कि वह केवल उन्हीं प्रावधानों का अनुपालन करेगी जिनके बारे में अधिकारियों ने बताया है। इसे जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम या जो भी कानून लागू हो उसका अनुपालन करना होगा। जब आप कोई उद्योग बंद करते हैं, तो आप यह नहीं कह सकते कि उद्योग चलाने वाली कंपनी ने अनिर्दिष्ट नियमों का उल्लंघन किया है। आपको यह बताना होगा कि उल्लंघन क्या है। यदि आप किसी उद्योग को बंद कर रहे हैं, तो उल्लंघन को स्पष्ट शब्दों में बताना होगा क्योंकि यह कंपनी में किए गए निवेश को प्रभावित करता है। यह संयंत्र मई 2018 से बंद है, क्योंकि इसके कारण होने वाले कथित प्रदूषण को लेकर विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस की गोलीबारी में 13 लोगों की मौत हो गई थी।

## जदयू नेता नरेंद्र नारायण यादव ने बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए नामांक्न दाखिल किया

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव ने बृहस्पतिवार को बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जदयू के नेता महेश्वर हजारी ने कल 21 फरवरी को बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। कल्याणपुर निर्वाचन क्षेत्र (आरक्षित) से दूसरी बार विधायक बने हजारी मार्च, 2021 से उपाध्यक्ष पद पर थे। विधानसभा उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नरेंद्र नारायण यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा जैसे वरिष्ठ राजग नेताओं की उपस्थिति में विधानसभा सचिवालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पूर्व मंत्री 73 वर्षीय यादव 1990 के दशक से मधेपुरा जिले की आलमनगर सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद यादव ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

## बेचने के लिए शिमला ले जाई जा रही किशोरी मुक्त कराई गई, दो गिरफ्तार

**बहराइच (उप्र)।** बहराइच जिले में नेपाल के सीमावर्ती रूपईडीहा चेकपोस्ट पर, लालच देकर बेचने के इरादे से शिमला ले जाई जा रही 17 वर्षीय एक नेपाली लड़की को संदिग्ध मानव तस्कर गिरोह के दो सदस्यों के कब्जे से मुक्त करा लिया गया। दोनों आरोपियों को नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया है। एसएसबी के उप सेनानायक दिलीप कुमार ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि बुधवार की शाम नेपाल के सीमावर्ती रूपईडीहा चेकपोस्ट पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने नेपाल से भारत आ रहे मोटर साइकिल सवार नेपाल निवासी दो युवकों शशि राम खत्री और सुरेन्द्र दर्जी तथा उनके साथ बैठी एक नेपाली किशोरी को शक के आधार पर रोककर उनसे पूछताछ की थी।

पूछताछ में नेपाली युवकों ने बताया कि शशिराम खत्री और बरामद किशोरी पति-पत्नी हैं और सुरेन्द्र दर्जी शशिराम का दोस्त है। वे तीनों शिमला में एक साथ नौकरी करते हैं और वहीं जा रहे हैं।

मानव तस्करी रोधी इकाई और मानव तस्करी रोकने के लिए काम कर रहे एक स्वैच्छिक संगठन (एनजीओ) के कार्यकर्ताओं ने जब तीनों से गहन पूछताछ की तो लड़की ने बताया कि उसका शशिराम खत्री से एक साल पूर्व फेसबुक के जरिए संपर्क हुआ था। कुमार ने बताया कि जांच में पता लगा है कि शशिराम और उसका दोस्त सुरेन्द्र लड़की को बेहतर रहन सहन और धन का लालच देकर बेचने के लिए शिमला लेकर जा रहे थे। वहां किसी खरीदार से धन लेकर उससे लड़की की शादी कराई जानी थी। लड़की के परिजन को यह बात मालूम नहीं है। उपसेनानायक ने बताया कि एनजीओ के लोगों ने नेपाल पुलिस को सीमा पर बुलाकर इसे मानव तस्करी का संदिग्ध मामला बताया, जिसके बाद किशोरी को एनजीओ द्वारा संचालित नेपाल के शांति पुनर्स्थापना गृह के सुपुर्द कर दिया है।

# शेरनी, शेर का नाम क्रमश: सीता व अकबर रखने से बचना चाहिए था: कलकत्ता उच्च न्यायालय

**भाषा।** कोलकाता

**कलकत्ता** उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ ने बृहस्पतिवार को मौखिक रूप से कहा कि विवाद टालने के लिए शेरनी और शेर का नाम क्रमश: सीता और अकबर रखने से बचना चाहिए था। पीठ ने सुझाव दिया कि पश्चिम बंगाल चिड़ियाघर प्राधिकरण इन दो जानवरों के नाम बदलकर विवेकपूर्ण निर्णय ले। त्रिपुरा के सिपाहीजाला प्राणी उद्यान से अकबर नामक शेर और शेरनी सीता को सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी पार्क में 12 फरवरी को लाया गया था। विहिप ने सर्किट पीठ के समक्ष एक याचिका दायर कर अनुरोध किया कि इन जानवरों के नाम बदले जाएं, क्योंकि इससे नागरिकों के एक वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने पूछा कि क्या किसी जानवर का नाम देवताओं, पौराणिक नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों या नोबेल पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखा जा सकता है। न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा कि विवाद टालने के लिए जानवरों के इस तरह के नामकरण से बचना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल पहले से ही स्कूल में शिक्षकों की भर्ती में कथित घोटाले समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर विवादों से घिरा हुआ है। उन्होंने कहा, इसलिए, विवेकपूर्ण निर्णय लें, इस विवाद से बचें।

न्यायाधीश ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें। अदालत ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। न्यायाधीश ने पूछा, आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए। नागरिकों का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है, जबकि अकबर एक बहुत ही सफल और धर्मनिरपेक्ष मुगल सम्राट थे। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने कहा कि वह दोनों जानवरों के नामों का समर्थन नहीं करते हैं। राज्य सरकार की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि दोनों जानवरों के नाम त्रिपुरा में रखे गए थे, न कि पश्चिम बंगाल में और इसे साबित करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध हैं। अदालत ने कहा कि यदि नामकरण वहां किया गया है तो त्रिपुरा में चिड़ियाघर प्राधिकरण को मामले में एक पक्षकार बनाया जाना जरूरी है। न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि क्योंकि एक सामाजिक संगठन और दो व्यक्ति याचिकाएं लेकर आए हैं, जिनमें दावा किया गया है कि नामकरण से देश के नागरिकों के एक वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। अदालत ने अपने निर्धारित आदेश में कहा कि रिट याचिका अपने वर्तमान स्वरूप में सुनवाई योग्य नहीं है, इसे हालांकि जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में पुन: वर्गीकृत किया जा सकता है। इस बात पर गौर करते हुए कि दोनों जानवरों का नामकरण पहले ही किया जा चुका है, न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने याचिकाकर्ताओं को याचिका को जनहित याचिका के रूप में पुन: वर्गीकृत करने की अनुमति दे दी। यदि शुक्रवार तक इसे पुन: वर्गीकृत किया जाता है, तो रजिस्ट्री इसे 10 दिन के भीतर विचार के लिए जनहित याचिकाओं की सुनवाई करने वाली नियमित पीठ को भेज देगी।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का प्रतिनिधिमंडल करेगा संदेशखालि का दौरा

**कोलकाता।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) का तीन सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संकटग्रस्त संदेशखालि का दौरा करेगा और स्थानीय लोगों से बात करेगा। एनसीएसटी का यह दौरा राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्यों के दौरे के कुछ दिनों बाद हो रहा है। एनसीएसटी के कार्यकारी अध्यक्ष अनंत नायक ने संवाददाताओं से कहा, हम वहां लोगों से मिलेंगे और उनकी शिकायतों पर गौर करेंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बुधवार को क्षेत्र में जारी हिंसा तथा मानवाधिकार उल्लंघन के संबंध में राज्य सरकार और पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी किया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, एनएचआरसी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखालि में मानवाधिकार उल्लंघनै की घटनाओं की घटनास्थल पर जांच कर तथ्यों को सत्यापित करने के लिए अपना दल भेजनै का निर्णय लिया है। संदेशखालि में बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर जबरदस्ती जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।

# पेज 1 का शेष

## मंदिर टैक्स...

सुविधाओं की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, 'इस पूरी राशि से केवल मंदिर के पुजारियों को फायदा होगा, जिनमें से कई की हालत खराब है।' सरकारी सूत्रों ने कहा कि विधेयक के पीछे का उद्देश्य समूह 'ए' मंदिरों के अधिकार क्षेत्र में तीर्थयात्रियों को सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करना है। भवनों, सड़कों और सुरंगों के निर्माण और रखरखाव, बिजली आपूर्ति और रखरखाव, जल आपूर्ति और स्वच्छता, मनोरंजन केंद्रों और पुस्तकालयों के निर्माण के संबंध में प्रस्तावों की जांच, समीक्षा और प्रस्तुत करने के लिए एक जिला स्तरीय और राज्य उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समूह ए मंदिरों के अधिकार क्षेत्र में तीर्थयात्रियों को आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस कदम पर आपत्ति जताते हुए, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने कहा, 'धर्मनिरपेक्षता की आड़ में हिंदू विरोधी विचारधारा के साथ भ्रष्ट, अयोग्य सरकार ने मंदिर के राजस्व पर अपनी बुरी नजर डाली है।' उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती संशोधन अधिनियम के माध्यम से, यह अपने खाली खजाने को भरने के लिए हिंदू मंदिरों और धार्मिक संस्थानों से दान के साथ-साथ चढ़ावे को भी हड़पने की कोशिश कर रहा है।' शिवमोगा विधायक ने कहा कि सरकार की योजना मंदिर के राजस्व का 10 प्रतिशत 1 करोड़ रुपये से अधिक और 5 प्रतिशत 1 करोड़ रुपये से कम करने की है। उन्होंने आरोप लगाया, 'यह न केवल इस सरकार की दयनीय स्थिति को दर्शाता है, बल्कि हिंदू धर्म के प्रति इसकी घोर नफरत को भी दर्शाता है।' भाजपा के राज्य प्रमुख ने कहा कि मंदिर निधि का उपयोग मंदिरों के नवीनीकरण और भक्तों के लिए लाभकारी कार्यों को सुविधाजनक बनाने के लिए समर्पित रूप से किया जाना चाहिए, न कि इसे अन्य उद्देश्यों के लिए डायवर्ट किया जाना चाहिए, जो लोगों की धार्मिक मान्यताओं के साथ अन्याय और विश्वासघात होगा। उन्होंने कहा, राजस्व के लिए केवल हिंदू मंदिरों को ही क्यों निशाना बनाया जाता है, अन्य धर्मों को छोड़कर, यह सवाल लाखों भक्तों द्वारा उठाया गया है। उन्होंने कहा, 'भक्तों के पैसे हड़पने के बजाय, सरकार दान पेटियां लगा सकती है ताकि संबंधित नागरिक सद्भावना के संकेत के रूप में इस दरिद्र सरकार को अपना राजस्व बढ़ाने में मदद कर सकें।' केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने भी हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार की आलोचना की और इसे राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के लिए 'नया निचला स्तर' बताया।

## बंगाल में..

की घटनाओं की घटनास्थल पर जांच कर तथ्यों को सत्यापित करने के लिए अपना दल भेजने का निर्णय लिया है। संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कद्दावर नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर जबरदस्ती जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम पांच जनवरी को राशन घोटाले के सिलसिले में छापेमारी करने टीएमसी नेता शाहजहां के आवास पर ॉगई थी, जिसपर भीड़ ने हमला कर दिया था। उसके बाद से शाहजहां फरार है।

## नकारात्मकता की...

को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। और इसकी प्रमुख घटक भाजपा लोकसभा चुनाव में कम से कम 370 सीट जीतेगी। प्रधानमंत्री ने नवसारी में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि जब कोई पार्टी भाई-भतीजावाद की चपेट में आ जाती है तो उसमें परिवार से ऊपर कोई नहीं होता। मोदी ने कहा, जब भाई-भतीजावाद, तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार राजनीति का लक्ष्य बन जाता है, तो देश की विरासत को संरक्षित करने पर ध्यान नहीं दिया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के लिए लगभग चार करोड़ पक्के घर बनाए हैं। मोदी ने इस समारोह में कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं और नवसारी में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क का शिलान्यास किया। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा, वे अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यथास्थिति बनाए रखना चाहते हैं। कांग्रेस भी इसी स्थिति का सामना कर रही है। वहीं, भाजपा ने देश के लिए अगले 25 साल की रूपरेखा प्रस्तुत की है और विकास का एजेंडा तय किया है। मोदी ने घोषणा की कि अगले 25 वर्षों में भाजपा गुजरात को एक विकसित राज्य और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। उन्होंने देश की समृद्ध विरासत को नजरअंदाज करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और उस पर तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा, जब भाई-भतीजावाद, तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार ही राजनीति का एकमात्र लक्ष्य बन जाता है, तो विरासत का ध्यान नहीं रहता। दुर्भाग्य से, कांग्रेस ने दशकों तक (जब वह सत्ता में थी) देश के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में भारत और इसकी संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ी है। मोदी ने कहा, आज भारत की समृद्ध विरासत की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। आप दुनिया में कहीं भी जाएंगे तो पाएंगे कि लोग भारत आना चाहते हैं, भारत के बारे में जानना चाहते हैं। लेकिन, कांग्रेस ने दशकों तक दुनिया को भारत की सच्ची विरासत से दूर रखा। मोदी ने दशकों तक केंद्र और राज्य दोनों में सत्ता में रहने के बावजूद गुजरात के आदिवासियों और तटीय गांवों में रहने वाले लोगों की अनदेखी करने के लिए कांग्रेस पर निशाना भी साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने उनकी सरकार की डिजिटल इंडिया पहल का मजाक उड़ाया, जिसने अब छोटे शहरों को बदल दिया है जो नए स्टार्ट-अप तैयार कर रहे हैं और युवाओं को खेलों को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम छोटे शहरों में उभरते नव-मध्यम वर्ग को देख सकते हैं, जो भारत को तीसरी आर्थिक महाशक्ति बना देगा।

## आप, कांग्रेस...

मेयर चुनाव में उनका गठबंधन सफल रहा। 2019 के लोकसभा चुनावों में - जिसके बाद 2017 में पंजाब राज्य चुनावों में कांग्रेस की मजबूत जीत हुई - कांग्रेस ने कुल 13 में से 8 सीटें और 40.6 फीसदी वोट जीते। अकाली दल और भाजपा ने 27.8 और 9.7 फीसदी वोट शेयर के साथ 2 सीटें जीतीं। हालाँकि, आप सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद सिर्फ 1 सीट और 7.5 फीसदी वोट शेयर पर सिमट गई। 2019 के नतीजों पर करीब से नजर डालने पर पता चलता है कि आप ने 4 सीटों पर निर्णायक भूमिका निभाई, जहां उसे जीत के अंतर से ज्यादा वोट मिले। 3 सीटों पर आप को उपविजेता अकाली और विजेता कांग्रेस के बीच के अंतर से अधिक वोट मिले।

## 177 सोशल मीडिया..

एक्स द्वारा चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन से संबंधित खातों और पोस्ट को ब्लॉक करने के केंद्र के आदेश पर असहमति जताने के बाद देश में लोकतंत्र की 'हत्या' की जा रही है। केंद्र पर हमला करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि जनता जानती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'लोकतंत्र की हत्या' की है और जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने पूछा कि अगर किसान एमएसपी मांगते हैं, तो उन्हें गोली मार देनी चाहिए, क्या यही लोकतंत्र है। जब युवा नौकरी मांगते हैं, तो उनकी बात नहीं सुनी जाए - यही लोकतंत्र है, यदि पूर्व राज्यपाल सच कहते हैं, तो भेजें उनके घर पर सीबीआई -क्या यही लोकतंत्र है। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने पूछा, क्या प्रमुख विपक्षी दल के बैंक खाते को फ्रीज करना लोकतंत्र है, धारा 144, इंटरनेट प्रतिबंध, आंसू गैस के गोले लोकतंत्र है। मीडिया हो या सोशल मीडिया, हर सत्य आवाज को दबाना लोकतंत्र है। सूत्रों के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के अनुरोध पर सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को 177 खातों को अस्थायी रूप से ब्लॉक करने का आदेश दिया है, जो किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े थे। भारत सरकार ने एक्स को विशिष्ट खातों और पोस्टों पर कार्रवाई करने के लिए कार्यकारी आदेश जारी किए हैं, जो जुर्माना और कारावास सहित संभावित दंड के अधीन हैं। एक्स ने एक पोस्ट में कहा आदेशों के अनुपालन में, हम इन खातों और पोस्टों को केवल भारत में रोक देंगे, हालांकि, हम इससे असहमत हैं। इन कार्रवाइयों और इस बात को बनाए रखें कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता इन पोस्टों तक विस्तारित होनी चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने कहा कि भारत सरकार के रोक लगाने वाले आदेशों को चुनौती देने वाली एक रिट अपील लंबित है और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आदेश को सार्वजनिक करने का आह्वान किया गया है। एक्स ने कहा, कानूनी प्रतिबंधों के कारण, हम कार्यकारी आदेशों को प्रकाशित करने में असमर्थ हैं, लेकिन हमारा मानना है कि उन्हें सार्वजनिक करना पारदर्शिता के लिए आवश्यक है।

# सुरक्षा परिषद के स्थाई देशों की कम दूरदर्शिता सुधार में बाधा : जयशंकर

भाषा। नई दिल्ली



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के पांच स्थाई सदस्य देशों का कम दूरदर्शी नजरिया इस वैश्विक निकाय में बहुत अधिक समय से लंबित सुधार की राह में आगे बढ़ने में एक बाधा है। रायसीना डायलॉग के एक सत्र में उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार का सबसे बड़ा विरोधी कोई पश्चिमी देश नहीं है। उनकी इस टिप्पणी को चीन के परोक्ष संदर्भ के रूप में देखा जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में बदलाव की भावनाएं बहुत मजबूत हैं, लेकिन कुछ हलकों से इसके लिए सहमति प्राप्त करना चुनौती है। उन्होंने कहा, यदि आप पांच देशों से यह पूछने जा रहे हैं कि क्या आप उन नियमों को बदलने पर विचार करेंगे जिससे आपकी शक्ति कम हो जाएगी, तो अनुमान लगाएं कि उत्तर क्या होगा। जयशंकर ने कहा, यदि वे समझदार हैं तो जवाब कुछ और होगा, लेकिन यदि वे कम दूरदर्शी हैं तो जवाब वही होगा, जो हम आज देख रहे हैं। यूएनएससी के पांच स्थाई सदस्यों में रूस, ब्रिटेन, अमेरिका, चीन और फ्रांस हैं। ए देश वीटो का इस्तेमाल करके किसी भी प्रस्ताव को रोक सकते हैं। समसामयिक वैश्विक वास्तविकता को प्रतिबिंबित करने के लिए स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग बढ़ रही है। भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी और जापान यूएनएससी की स्थाई सदस्यता के प्रबल दावेदार हैं, जिसकी अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जयशंकर ने कहा, जब संयुक्त राष्ट्र अस्तित्व में आया, तब इसमें लगभग 50 सदस्य थे। लेकिन इसके सदस्य अब चार गुना हो चुके हैं। इसलिए यह एक सामान्य ज्ञान है कि जब आपके पास चार गुना सदस्य हों तो आप उसी तरह से चीजों को जारी नहीं रख सकते। विभिन्न जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों और उन पर प्रमुख देशों के विविध रुख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रयास बीच का रास्ता निकालने का होना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि यदि आप संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार को लें, तो इसका सबसे बड़ा विरोधी कोई पश्चिमी देश नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए समस्या को समग्रता से देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वास्तविकता यह है कि हमें ऐसे समूह बनाने के लिए धीरे-धीरे संघर्ष करना होगा जो बदलाव के लिए दबाव डालेंगे। रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-रणनीति पर केंद्रित भारत का प्रमुख सम्मेलन है। यह तीन दिवसीय सम्मेलन बुधवार को शुरू हुआ। तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय चतुरंगा: संघर्ष, प्रतियोगिता, सहयोग, सृजन है।

## विश्व व्यापार के नियमों के साथ खिलवाड़ किया गया: विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्वतंत्रता मिलने के बाद पहले वर्ष मे भारत ने बहुपक्षवाद पर भरोसा किया और वह कश्मीर पर हुए आक्रमण के मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले गया, लेकिन अन्य ने भू-राजनीतिक कारणों से इसे विलय का मामला बना दिया। उन्होंने रायसीना डायलॉग के एक सत्र मे राष्ट्रीय हितो और बहुपक्षवाद के बीच सह-अस्तित्व की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए यह टिप्पणी की। जयशंकर ने कहा, हमेशा से ही यह मामला रहा। हमारा अपना उदाहरण देखिए, स्वतंत्रता के पहले वर्ष में हमने बहुपक्षवाद पर भरोसा किया और कश्मीर पर आक्रमण के मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र मे ले गए और अन्य ने इसे विलय का मुद्दा बना दिया और उन्होंने भूराजनीतिक कारणों से ऐसा किया। उनसे पूछा गया था कि क्या वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में मूल्य कम महत्वपूर्ण दिख रहे है क्योंकि कुछ देश सिद्धांतों से तो समझौता करते है, लेकिन हितो से कभी नही। उन्होने कहा, अगर आप कहते है कि लोग बहुपक्षवाद से खिलवाड़ कर रहे है, तो उन्होने हमेशा ऐसा किया है। हम परिपक्व हो गए है। लेकिन ऐसा नही है कि हमे बहुपक्षवाद के खिलाफ होना चाहिए। जयशंकर ने कहा, बहुपक्षवाद लघुत्तम साझा विभाजक या उससे कुछ ऊपर होता है। इसका अस्तित्व राष्ट्रीय हितो एवं विभिन्न देशो के बीच समीकरण एवं प्रतिस्पर्धा के साथ चलता रहता है। विदेश मंत्री ने यह भी माना कि भावना और एकजुटता के लिए भी जगह है। संयुक्त राष्ट्र में सुधार पर एक अलग सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने वैश्वीकरण का हवाला दिया और कहा कि तथ्य यह है कि विश्व व्यापार नियमों के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होने कहा, अगर आप पिछले पांच सालो को देखें, तो एक तरह से सभी बड़े मुद्दो हम बहुपक्षीय समाधान नही ढूंढ़ पाए है। इसलिए परिणाम या परिणामों की कमी सुधार करने के मामले को दर्शाती है। जयशंकर ने कहा, लेकिन मुझे लगता है कि एक बड़ी वैश्विक बातचीत और वैश्विक पुनर्संतुलन भी है जो संयुक्त राष्ट्र से भी बड़ा है,।

## सीयूईटी-यूजी में अंकों के सामान्यीकरण की व्यवस्था खत्म की जा सकती है : यूजीसी प्रमुख

**नई दिल्ली।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी)-यूजी में अंकों के सामान्ईकरण की व्यवस्था को इस वर्ष से समाप्त किया जा सकता है और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) इस अहम परीक्षा में बदलाव करने की योजना बना रही है। शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दरअसल प्रत्एक परीक्षा सत्र में उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र के अलग-अलग सेट दिए जाते हैं। हालांकि एनटीए प्रश्न पत्रों को समान स्तर का बनाने का पूरा प्रयास करता है, लेकिन यह संभव है कि किसी पाली में उम्मीदवारों को परीक्षापत्र में कुछ कम कठिन प्रश्न मिलें, वहीं किसी पाली में उम्मीदवारों को कुछ कठिन प्रश्नों का सामना करना पड़े। इसके कारण यह भी संभव है कि ऐसे उम्मीदवार अन्य उम्मीदवारों की तुलना में अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त करें। इस समस्या को दूर करने और परीक्षा में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, एनटीए प्रतिशत स्कोर के आधार पर अंकों की यूजीसी नेट सामान्ईकरण व्यवस्था को अपनाता है। अभी तक यह परीक्षा कम से कम एक माह तक चलती थी। अब इसके कम अवधि में संपन्न कराए जाने की भी संभावना है क्योंकि एजेंसी ओएमआर शीट और कंप्यूटर आधारित परीक्षा कराने की योजना तैयार कर रही है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि अधिकतर छात्रों को अपनी पसंद के शहर में परीक्षा देने का मौका मिले। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा, बड़ी संख्या में पंजीकरण कराए जाने पर एनटीए ओएमआर मोड में परीक्षाएं आयोजित करने की संभावना पर विचार कर रहा है। इससे हमें परीक्षा केन्द्र बनाने के लिए बड़ी संख्या में स्कूलों का चयन करने में मदद मिलेगी। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि छात्रों को अपने शहरों अथवा कस्बों में ही परीक्षा केन्द्र मिल जाएं और उन्हें दूर नहीं जाना पड़े। जिन विषयों के लिए अधिक आवेदन प्राप्त होंगे, उनके लिए परीक्षा पेन-पेपर मोड में आयोजित करने, जबकि कम संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर केवल कंप्यूटर आधारित परीक्षा कराने की पद्धति से यह सुनिश्चित होगा कि पिछले दो वर्ष से भिन्न सीयूईटी-यूजी परीक्षा कम अवधि में आयोजित की जा सकेंगी। हाइब्रिड मोड सभी के लिए समान अवसरों को बढ़ावा देता है और यह सुनिश्चित करता है कि भौगोलिक बाधाएं ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों की शैक्षिक आकांक्षाओं में बाधा न बनें। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में एक विषय की परीक्षा आयोजित करने से अंकों के सामान्ईकरण की व्यवस्था की आवश्यकता खत्म हो जाएगी। पिछले दो वर्षों से छात्रों को उनकी पसंद का केंद्र प्रदान करने के प्रयास में हमें एक ही विषय के लिए दो या तीन दिनों की अवधि में परीक्षा आयोजित करानी पड़ रही थी। लेकिन इस वर्ष ओएमआर मोड अपनाने से स्कूलों और कॉलेजों में बड़ी संख्या में केंद्र उपलब्ध होंगे, जिससे हम एक ही दिन में देश भर में परीक्षा आयोजित करने में सक्षम होंगे।

## एसएमएस में युवक को गलत समूह का रक्त चढ़ाया, हालत गंभीर

**जयपुर।** जयपुर के सरकारी सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल में एक युवक को गलत समूह का रक्त चढ़ा दिया गया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई है और एक विशेष मेडिकल टीम को मरीज की देखभाल का जिम्मा सौंपा गया है।एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया, 12 फरवरी को दुर्घटना में घायल हुए मरीज को भर्ती कराया गया था। पता चला है कि जब मरीज को अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया तो उसे गलत समूह का रक्त चढ़ा दिया गया।उन्होंने बताया कि मरीज सचिन शर्मा का वास्तविक ब्लड ग्रुप ओ-पॉजिटिव था जबकि उसे एबी-पॉजिटिव रक्त चढ़ा दिया गया।

## गुलमर्ग में हिमस्खलन के कारण एक रूसी नागरिक की मौत, सात को बचाया गया

भाषा। गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर)

**जम्मू-कश्मीर** के गुलमर्ग में बृहस्पतिवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई, जबकि एक स्थानीय गाइड सहित सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन ने आर्मी रिज के नजदीक अफरवात चोटी के खिलानमार्ग को अपराह्न दो बजे अपनी चपेट में ले लिया और भीषण बर्फ में कई स्कीयर दब गए। पुलिस के मुताबिक, सात रूसी नागरिकों का समूह एक स्थानीय गाइड के साथ आर्मी रिज के उस क्षेत्र में चला गया, जहां स्की नहीं की जा सकती तथा जो हिमस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील होता है। गुलमर्ग पुलिस थाना के प्रभारी हारून कर ने बताया, उस इलाके में पहले ही हिमस्खलन की चेतावनी दी गई थी, इसके बावजूद वे (लोग) उस इलाके में गए और दुर्भाग्य से एक स्कीयर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी, सेना के जवान और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के गश्ती दल फंसे हुए स्कीयर को बचाने के लिए सयुंक्त रूप से अभियान चला रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान रूस के मॉस्को निवासी हेंटेन के तौर पर की गई है और उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए तंगमार्ग उप-जिला अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि बचाए गए लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और एक विदेशी को विशेष इलाज के लिए श्रीनगर स्थानांतरित किया गया है। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक, इस घटना की वजह से चौथा खेलो इंडिया शीतकालीन खेल प्रभावित नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने कहा कि गुलमर्ग में चल रहे चौथे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल में शामिल हो रहे सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं।

## ललन ने न्यूज चैनल, हिंदी अखबारों के खिलाफ मुकदमा दायर किया

**पटना।** जनता दल यूनाइडेट (जदयू) के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पार्टी का शीर्ष पद को छोड़ने के बारे में प्रेषित खबरों के लिए बृहस्पतिवार को एक प्रमुख समाचार चैनल और एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया। ललन ने अपने सोशल मीडिया खातों पर विवरण साझा करते हुए कहा, मैंने मुख्यमंत्री जी की सहमति एवं अपनी स्वेच्छा से अध्यक्ष पद को छोड़ने व माननीय मुख्यमंत्री जी को अध्यक्ष पद सौंपने का निर्णय लिया था। लेकिन इस देश के कुछ मीडिया हाउस ने मेरे और नीतीश कुमार जी के 37 वर्षों के रिश्ते पर अनर्गल खबरें छापकर प्रश्नचिन्ह लगाने का असफल प्रयास किया।

## 200 ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई

**नई दिल्ली।** सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने भारतीय नौसेना के लिए 200 से अधिक ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और संबंधित उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी है, जिस पर लगभग 19,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नौसेना की समग्र युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिसाइलों को विभिन्न युद्धपोतों पर तैनात किया जाएगा। समझा जाता है कि सीसीएस द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव के तहत लगभग 290 किलोमीटर की दूरी तक मार करने में सक्षम ब्रह्मोस मिसाइल और लगभग 450 किलोमीटर दूर तक निशाना लगाने वाले हथियार की खरीद की जाएगी।

## भाजपा को कमलनाथ की जरूरत नहीं, उनके लिए दरवाजे बंद : विजयवर्गीय

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के अगले राजनीतिक कदम को लेकर बरकरार संशय के बीच कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कांग्रेस के इस वरिष्ठ नेता की जरूरत नहीं है और उनके लिए पार्टी के दरवाजे बंद हैं।भाजपा के पूर्व महासचिव विजयवर्गीय कमलनाथ के उनकी पार्टी में शामिल होने की अटकलों को लेकर पूछे गए सवालों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, मैंने कहा था कि हमारी पार्टी में कमलनाथ की कोई जरूरत नहीं है और यही वजह है कि उनके लिए दरवाजे बंद हैं। पिछले सप्ताह मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुल नाथ के नई दिल्ली पहुंचने के बाद से ही अटकलें तेज हैं। हालांकि, कमलनाथ के विश्वासपात्र सज्जन सिंह वर्मा ने उनके भाजपा में शामिल होने की खबरों का खंडन किया है। कमलनाथ के अगले राजनीतिक कदम पर संशय के बीच, उनके गढ़ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से पार्टी के कई स्थानीय नेता बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए।

## मणिपुर उच्च न्यायालय ने मेइती समुदाय को एसटी सूची में डालने के आदेश को रद्द किया

भाषा। इंफाल

**मणिपुर उच्च** न्यायालय ने मार्च 2023 में दिए गए फैसले के उस पैरा को हटाने का आदेश दिया है जिसमें राज्य सरकार से मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने पर विचार करने को कहा गया था। यह पैरा उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा इस मामले में रखे गए रुख के विपरीत है। उच्च न्यायालय द्वारा 27 मार्च, 2023 दिए गए निर्देश को राज्य में जातीय संघर्ष के लिए उत्प्रेरक माना जाता है। इस संघर्ष में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई। न्यायमूर्ति गोलमेई गैफुलशिलु की एकल एक पीठ ने बुधवार को एक समीक्षा याचिका की सुनवाई के दौरान उक्त अंश को हटा दिया। पिछले साल के निर्णय में राज्य सरकार को मेइती समुदाय को एसटी सूची में डालने पर शीघ्रता से विचार करने का निर्देश देने वाले विवादित पैराग्राफ को हटाने का अनुरोध किया गया था। पिछले साल के फैसले के पैरा में कहा गया था कि राज्य सरकार आदेश प्राप्त होने की तारीख से मीतेई मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के लिए याचिकाकर्ताओं के अनुरोध पर शीघ्रता से यह संभव हो तो चार सप्ताह की अवधि के भीतर विचार करेगी। न्यायमूर्ति गाइफुलशिलु ने 21 फरवरी के फैसले में अनुसूचित जनजाति सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार की निर्धारित प्रक्रिया की ओर इशारा करते हुए उक्त निर्देश को हटाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## छत्तीसगढ़ में गौ सेवक की हत्या की सीबीआई जांच की मांग

**● कांग्रेस ने किया विधानसभा में हंगामा**

भाषा। रायपुर

**छत्तीसगढ़** में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य के कबीरधाम जिले में एक गौ सेवक की हत्या को लेकर बृहस्पतिवार को विधानसभा में हंगामा किया और मामले की सीबीआई जांच की मांग की। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी तथा कांग्रेस विधायकों को निलंबित भी किया गया। उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी की रात, कवर्धा शहर (कबीरधाम जिले का मुख्यालय) के बाहरी इलाके में गौशाला कर्मी साधराम यादव (48) की कथित तौर पर छह लोगों ने हत्या कर दी थी। हत्या के समय यादव साइकिल से अपने नजदीकी गांव लालपुर जा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत भी कार्वाई की है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच में पता चला कि छह आरोपियों (सभी मुस्लिम) ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले कवर्धा शहर में आतंक पैदा करने के लिए यादव की गला रेतकर हत्या कर दी थी। सदन में शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस विधायकों ने घटना की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने और पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की। घटना पर चर्चा की मांग करते हुए विपक्षी सदस्यों ने मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। भाजपा विधायकों ने पलटवार करते हुए कहा कि जिन्होंने (पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान) राज्य में सीबीआई के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया था। वे अब एजेंसी से जांच की मांग कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा कि इस मुद्दे का उल्लेख राज्य के गृह मंत्री के बयान (बुधवार को) में पहले ही किया जा चुका है।



सुप्रीम कोर्ट में वेलनेस सेंटर का शुभारंभ के अवसर पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ व मंत्री सर्वानंद

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा दी गई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को देशभर में जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने खरगे पर खतरे की आशंका को देखते हुए इस महीने की शुरुआत में यह फैसला लिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो पूरे देश में खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान करेंगे।सूत्रों ने बताया कि प्रमुख विपक्षी दल के अध्यक्ष के रूप मे खरगे द्वारा आम चुनावों से पहले और चुनावों के दौरान बड़े स्तर देश भर में दौरे पर जाने की उम्मीद है और इसी को ध्यान मे रखते हुए उनके सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।खरगे अब तीन पालियो में 24 घंटे लगभग 30 सीआरपीएफ कमांडो के सुरक्षा घेरे में रहेंगे।

## न्युवोको ने रेडी-मिक्स प्लांट बिहार में

**पटना।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट ग्रुप ने पटना के रूप में अपने दूसरे अत्याधुनिक रेडी.मिक्स कंक्रीट प्लांट -आरएमएक्स के उद्घाटन के साथ अपने आरएमएक्स नेटवर्क का विस्तार किया है। रानीपुर मिल्की चक बेगमपुर, बाईपास पर रणनीतिक रूप से स्थितए यह प्लांट पटना क्षेत्र में हाई क्वालिटी निर्माण सामग्री प्रदान करने के लिए न्युवोको की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रशांत झा चीफरेडी मिक्स -आरएमएक्स कंक्रीट और मॉडर्न बिल्डिंग मैटीरियल्स बिजनेसए न्युवोको विस्टास ने इस नए प्लांट के उद्घाटन पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि पटनाप्लांट का शुभारंभ बिहार में कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए नए समाधान प्रदान करने के लिए न्युवोको के समर्पण को दर्शाता है।

## ओला ईलेकट्रिक के बिक्री में भारी उछाल

**मुंबई।** ओला ईलेक्ट्रिक के पीछले सप्ताह अपने एस1 प्रोए एस1 एर और एस1 एक्स. स्कुटर्स के दाम में रू 25,000 तक की कटोती करने के पश्चात उन की ब्रिकी में जबरदस्त बढोतरी होने की खबरे प्राप्त हो रही है । जानकार सूत्रो के मुताबिक अलग अलग मीडिया की खबरों के अनुसारए कंपनी ने सिर्फतिन दिन में 10,000 स्कुटर्स की जबरदस्त ब्रिकी की हैए जो उस की एवरेज दैनिक ब्रिकी में तीन गुना बढोतरी के बराबर है । ब्रिक्री में यह उछाल ईस बात के संकेत माने जा सकते है की दाम में यह व्यूहात्मक कटोती ओला की ईलेक्ट्रिक व्हिकल्स की महत्त्वाकांक्षा में गेम चेन्जर बन सकती हैण् कंपनी ने अगस्त 2021 में अपनी प्रथम प्रोडक्ट की घोषणा के पश्चात अब तक ग्राहको को 400,000 से ज्यादा व्हिकल डिलिवर किए है। कंपनी ने अपने डीआरएचपी में बताया था उस के मुताबिक अपनी मोटर साईकिल मोडेल्स की डिलिवरी वित्तिय वर्ष 2026 के शुरूआती हिस्से में प्रारंभ करने की कंपनी की योजना है ।

## स्टार हेल्थ क्लेम सेटलमेंट के लिए कुल 345 करोड़ रुपये का भुगतान किया

मुंबई। भारत की जानीमानी स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताए स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने घोषणा की है उसने पिछले 10 महीनों में यानी अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के बीच उत्तर प्रदेश में करीब 345 करोड़ रुपये से भी ज़्यादा के क्लेम्स को मंज़ूरी दे दी है। कंपनी ने उनके नेटवर्क में आने वाले अस्पतालों को क्लेम सेटलमेंट के लिए लगभग 310 करोड़ रुपये दिए और जो इस क्षेत्र में उनके नेटवर्क में नहीं आते हैंए उन अस्पतालों को भी क्लेम सेटलमेंट के लिए 35 करोड़ रुपये दिए गए। स्टार हेल्थ ने उत्तर प्रदेश में कैशलेस क्लेम सेटलमेंट में 296 करोड़ रुपये और रियंबर्समेंट क्लेम में 49 करोड़ रुपये से भी ज़्यादा का भुगतान किया है। अपने ग्राहकों के विश्वास को बरकरार रखते हुए कंपनी ने सभी कैशलेस दावों को 4 घंटे के अंदर अंदर निपटा दिया ।

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने फतवे को लेकर दारुल उलूम देवबंद पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट पर कथित आपत्तिजनक सामग्री पाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सहारनपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को लिखे एक पत्र में, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने देवबंद की वेबसाइट पर प्रकाशित एक फतवे के संबंध में आयोग की आपत्ति के बारे में बताया।आयोग ने कहा कि विवादित फतवे में गजवा-ए-हिंद की बात कही गई है जो कथित तौर परै भारत पर आक्रमण के संदर्भ में शहादतै का महिमामंडन करता है। कानूनगो ने पत्र में किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 75 के कथित उल्लंघन पर जोर देते हुए कहा, यह फतवा बच्चों को अपने ही देश के खिलाफ नफरत की भावना को उजागर कर रहा है और अंततः उन्हें अनावश्यक मानसिक या शारीरिक पीड़ा पहुंचा रहा है। एनसीपीसीआर ने सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा 13(1) का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी सामग्री से राष्ट्र के खिलाफ नफरत भड़क सकती है।

### इफको दुनिया की नं-1 सहकारी संस्था

**नई दिल्ली।** इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड इफको को पुनः दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। यह रैंकिंग प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद -जीडीपी पर कारोबार के अनुपात पर आधारित है। यह दर्शाता है कि इफको राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस की 12वीं वार्षिक वर्ल्ड कोआपरेटिव मॉनीटर रिपोर्ट के 2023 संस्करण के अनुसार यह देश के सकल घरेलु उत्पाद एवं आर्थिक विकास में इफको के कारोबारी योगदान को दर्शाता है। कुल कारोबार के मामले में इफको पिछले वित्तीय वर्ष के अपने 97वें स्थान के मुकाबले 72वें स्थान पर पहुंच गया है। अपनी 35,500 सदस्य सहकारी समितियोंए 25,000 पैक्स और 52,400 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों के साथ इफको आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर कृषि की ओर अग्रसर सहकार से समृद्धि का सशक्त उदाहरण है। इफको ने पिछले कई वर्षों से अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जो इफको और इसके प्रबंधन के सहकारी सिद्धांतों में अटूट भरोसे का प्रमाण है।

### बेरोजगार पति को हर महीने 5,000 रुपए की भरण-पोषण राशि दे पत्नी : कुटुंब अदालत

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर के कुटुंब न्यायालय ने वैवाहिक विवाद के मामले में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला को आदेश दिया है कि वह उसके कथित तौर पर बेरोजगार पति को भरण-पोषण के लिए हर महीने 5,000 रुपए अदा करे।इस व्यक्ति के वकील मनीष झारोला ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। झारोला ने संवाददाताओं को बताया, हमारे एक अंतरिम आवेदन पर कुटुंब न्यायालय ने 20 फरवरी (मंगलवार) को आदेश दिया कि मेरे मुवक्किल की पत्नी उसे हर माह भरण-पोषण के लिए 5,000 रुपए अदा करे और मुकदमे का खर्च अलग से दे। उन्होंने कहा कि महिला ब्यूटी पार्लर चलाती है और उसका पति उसकी कथित शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के कारण 12वी के बाद पढ़ाई पूरी नही कर सका था। झारोला ने कहा कि उनके मुवक्किल ने कुटुंब न्यायालय मे दायर अर्जी मे कहा कि वह फिलहाल बेरोजगार होने से खुद के भरण-पोषण मे असमर्थ है। उन्होंने आरोप लगाया कि एकतरफा प्रेम में पड़ी महिला और उसके परिवार वालों ने उनके मुवक्किल कौ डरा-धमका करै उसे आर्य समाज के मंदिर में वर्ष 2022 के दौरान विवाह के लिए मजबूर किया था, जबकि वह इस शादी के लिए कतई राजी नही था। झारोला के मुताबिक उनके मुवक्किल ने अपनी पत्नी और उसके परिजनों की कथित प्रताड़ना के बारे में इंदौर के पुलिस आयुक्त को शिकायत भी की थी।

### रणवीर सिंह बने डालमिया सीमेंट के ब्रांड एम्बेसेडर

**वाराणसी।** घर के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से यानी रूफकॉलम फाउंडेशन -आरसीएफमें सीमेंट के सही इस्तेमाल पर ग्राहकों का मार्गदर्शन और सहायता करने की जिम्मेदारी लेते हुएए डालमिया सीमेंट ने एक नई पहल की है। डालमिया सीमेंट अपने नए अभियान आरसीएफस्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्ग के साथ अपने ब्रांड फोकस में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। नए ग्राहक.केंद्रित संदेश का उद्देश्य घर बनाने वालों और ठेकेदारों के बीच सही सीमेंट चुननेए इसका सही तरीके से इस्तेमाल करने और अपने सपनों का घर बनाने के लिए सबसे बेहतरीन निर्माण प्रणालियों का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करना है। डालमिया सीमेंट को आरसीएफएक्सपर्टश् के तौर पर प्रस्तुत करने वाले इस अभियान में सुपरस्टार रणवीर सिंह नजर आयेंगे। कंपनी के एमडी और सीईओ पुनीत डालमिया ने कहा कि शिपछले आठ दशकों की हमारी शानदार यात्रा के दौरान डालमिया सीमेंट हमारे देश को उसकी बुनियाद से बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। कंपनी ने देश में तमाम नेशनल लैंडमार्क बनाने और लाखों लोगों के लिए खुशहाल घर का सपना पूरा करने में अपना अहम योगदान दिया है।

### व्यापारियों ने त्वरित भुगतान के लिए क्यूआर स्कैन का समर्थन किया

**नोएडा।** पेटीएम दिल्ली और नोएडा के स्थानीय व्यापारियों के लिए पसंदीदा विकल्प बन गया है। यही कारण है कि बड़े शो रुम से लेकर खुदरा विक्रेताओं के पास पेटीएम क्यूआर स्कैन है जिससे ग्राहक आसानी से पेमेंट कर पा रहे हैं। उदाहरण के लिएए नोएडा के एक फार्मासिस्ट प्रमोद 2016 से ही पेटीएम का उपयोग कर रहे हैं। प्रमोद कहते हैं पेटीएम ने नकदी से संबंधित मुद्दों को हल करके हमारे जीवन को आसान बना दिया है। हर सुबह हमारे बैंक खातों में निपटान प्राप्त करने के साथ शुरू होती है। प्रमोद इसके लिए पेटीएम को धन्यवाद भी देते हैं। दिल्ली और नोएडा के लाखों व्यापारियों ने वर्षों से पेटीएम पर अपना भरोसा रखा हैए और इस वफादारी का श्रेय बाजार देखने को मिल रहा है। भारत के डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में सर्वप्रथम कदम रखकर पेटीएम ने अपने कई प्रतिस्पर्धियों के सामने खुद को स्थापित किया।

### एक्स ने किसान प्रदर्शन से जुड़े खाते, पोस्ट ब्लॉक करने पर असहमति जताई

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच एक्स ने किसानो के विरोध प्रदर्शन से जुड़े खाते और पोस्ट ब्लॉक करने के भारत सरकार के आदेश से बृहस्पतिवार को असहमति जताई और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आह्वान किया। सूत्रों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के अनुरोध पर किसानो के विरोध प्रदर्शन से जुड़े 177 सोशल मीडिया खातो और वेब लिंक को अस्थाई रूप से ब्लॉक करने का आदेश दिया है। एक्स ने एक पोस्ट में कहा, भारत सरकार ने शासकीय आदेश जारी किए हैं जिसके तहत एक्स को विशिष्ट खातों और पोस्ट्स पर कार्वाई करने की आवश्यकता है जो अच्छे-खासे जुर्माने और कारावास सहित संभावित दंड के अधीन है। आदेश का अनुपालन करते हुए हम केवल भारत में ही इन खातो और पोस्ट्स पर रोक लगाएंगे, हालांकि, हम इन कार्वाइयों से असहमत है और हमारा मानना है कि ए पोस्ट अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में आनी चाहिए।

### अवॉर्ड्स में चमके कुटुंब के सितारे

**मुंबई।** एक शानदार नॉमिनेशन पार्टी में जहां आपके पसंदीदा ज़ी टीवी के सितारों ने मिलकर धूम मचाईए वहीं इसके बाद अब ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स में पूरा ज़ी कुटुंब दर्शकों के दिलों पर छा जाने को तैयार है। ज़ी टीवी का यह वार्षिक समारोह इस चैनल के कलाकारों और प्रोड्यूसर्स के आपसी रिश्तों का जश्न मनाता हैए साथ ही उस खास रिश्ते को भी सलाम करता है जिसे ज़ी टीवी अपने दिल के सबसे करीब रखता है और वो है अपने दर्शकों के साथ इस चैनल का एक अनमोल रिश्ता। हालांकि इस साल होली भी करीब है तो ऐसे में पूरे परिवार के लिए साथ मिलकर रंगों का यह त्यौहार मनाने के लिए ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स से बेहतर मंच और क्या हो सकता है। तो आप भी जश्न के इन रंगों से सराबोर होने के लिए तैयार हो जाइए जहां ज़ी पर आपके पसंदीदा किरदार शानदार परफॉर्मेंस, दिलचस्प नोक-झोंक और हल्की-फुल्की शरारतों से भरी एक शानदार रात के साथ पारिवारिक रिश्तों का जश्न मनाने एक साथ आएंगे क्योंकि ण्ण्ण् बुरा ना मानो फैमिली है! डेन्यूब प्रॉपर्टीज़ ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स 2024, 10 मार्च को शाम 7 बजे से 11 बजे तक सिर्फज़ी टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। पिछली रात इस अवॉर्ड्स शो को शूट किया गयाए जहां सभी कलाकार रेड कार्पेट पर अपने खास अंदाज़ में नजर आए।

### सड़क सुरक्षा अभियान 2024: संवेदना का सफर सड़क सुरक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण

**नई दिल्ली।** 2024 सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा माननीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा अभियान 2024रू संवेदना का सफर् का समापन हुआ। 4 घंटे का टेलीथॉनए भारत के सड़क सुरक्षा परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ गया। 2008 से भारत में सड़क सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा देखभाल में सुधार के लिए समर्पित भारत के अग्रणी गैर.लाभकारी संगठनए सेवलाइफफाउंडेशन के साथ साझेदारी करते हुएए इस पहल ने अपने मुख्य विषय के रूप में सहानुभूति पर जोर दियाए जिम्मेदार व्यवहार और सड़कों पर जीवन के प्रति सम्मान का आग्रह किया। परिवर्तन की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा किया। श्री नितिन गडकरी ने कहा कि हमारे देश में हर साल लगभग 500,000 दुर्घटनाएँ होती हैं और 2022 में 168,000 लोगों की जान चली गई और 450,000 लोग घायल हो गए। जबकि हम सड़क और वाहन इंजीनियरिंग में सुधार करना जारी रखते हैं, इस अभियान का उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच व्यवहार परिवर्तन लाने के लिए सहयोग और सहानुभूति को बढ़ावा देना है। सेवलाइफफाउंडेशन के संस्थापक और सीईओ पीयूष तिवारी ने अभियान के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएं भारत में एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती पैदा करती हैं। प्रभावी ढंग से जनता को सुरक्षा संदेश देनाए सहानुभूति को बढ़ावा देना और जीवन का गहन सम्मान करने हेतू बढ़ावा देना आवश्यक है। सड़क सुरक्षा अभियान इस महत्वपूर्ण प्रयास में एक अग्रणी पहल के रूप में खड़ा है।

# हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में एक जहाज पर मिसाइल हमले किए

भाषा। दुबई



**यमन** के हूती विद्रोहियों द्वारा बृहस्पतिवार को अदन की खाड़ी में एक जहाज को निशाना बनाकर किए गए संदिग्ध मिसाइल हमले के कारण जहाज में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, इजराइल ने अपने बंदरगाह शहर इलियट के पास एक और हूती हमले को रोकने का दावा किया है। ए हमले ऐसे समय में हुए हैं जब हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को लेकर अपने हमले तेज कर दिए हैं। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने कहा कि अदन की खाड़ी में बृहस्पतिवार को हुए हमले में दो मिसाइल दागी गईं। इस हमले में एक अज्ञात जहाज जलकर खाक हो गया। इस बीच, इलियट के ऊपर बृहस्पतिवार की सुबह सायरन बजने लगा, जिसके बाद ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किए गए, जो ऊपर आकाश में एक अवरोधन के रूप में दिखाई दे रहे थे। इजराइली सेना ने बाद में कहा कि यह अवरोधन उसकी ऐरो मिसाइल रक्षा प्रणाली द्वारा किया गया था।

### भारत-श्रीलंका-मालदीव संयुक्त अभ्यास : चीन का खोजी जहाज माले के पास रुका

**माले।** भारत और श्रीलंका के सैन्य जहाज जब त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास में भाग लेने के लिए मालदीव के तट पर पहुंचे, तभी उसी दौरान चीन का एक खोजी पोत माले बंदरगाह के निकट देखा गया। समाचार पोर्टल एडिशन डॉट एमवी की खबर के मुताबिक, चीनी खोजी पोत जियांग यांग होंग 03 को आज सुबह माले शहर के पास खड़ा किया गया। दोपहर के आसपास, जहाज को थिलाफुशी के पास देखा गया। मालदीव की सरकार ने अनुसंधान और सर्वेक्षण करने संबंधी इस खोजी पोत को 23 जनवरी को माले बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दी थी। सरकार ने कहा था कि यह पड़ाव ईंधन भरने के लिए है और खोजी पोत मालदीव के जलक्षेत्र में रहते हुए कोई अनुसंधान नहीं करेगा। भारत ने हिंद महासागर जलक्षेत्र में चीनी जियांग यांग होंग 03 जहाज की आवाजाही को लेकर चिंता व्यक्त की है और जहाज को कोलंबो बंदरगाह पर खड़ा करने की अनुमति देने से इनकार करने के लिए श्रीलंका पर भी दबाव डाला।

# वेनेजुएला में एक अवैध खदान ढहने से कम से कम 14 लोगों की मौत

भाषा। परागुआ (वेनेजुएला)

**वेनेजुएला में** अवैध रूप से संचालित सोने की खदान के ढहने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कुछ अन्य अधिकारियों के अनुसार खदान में बड़ी संख्या में लोग फंसे हो सकते हैं। बोलिवर राज्य के गवर्नर एंजेल मार्कानो ने स्थानीय संवाददाताओं से कहा कि अब तक 14 शव निकाले जा चुके हैं और अधिकारियों को कम से कम 11 लोगों के घायल होने की जानकारी है। हम बचाव कार्य जारी रखे हुए हैं। फंसे हुए लोगों के रिश्तेदारों ने त्वरित बचाव प्रयासों की मांग की है। यह दुर्घटना मंगलवार को अंगोस्टुरा नगर पालिका में हुई जहां बुल्ला लोका नामक खदान की एक दीवार ढह गई। इस स्थान पर घंटों का सफर तय करके केवल नाव से पहुंचा जा सकता है। खनिकों के रिश्तेदार खदान के निकटतम स्थान ला परागुआ में एकत्र हुए और उन्होंने सरकार से घायलों को बचाने और शवों को निकालने के लिए दूरस्थ स्थान पर विमान भेजने की मांग की।

## क्विक न्यूज

### जाह्नवी कंडुला मौत मामला : टक्कर मारने वाले पुलिस अधिकारी पर नहीं चलेगा मुकदमा

**वाशिंगटन।** भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला को कार से टक्कर मारने वाले सिएटल पुलिस के अधिकारी पर पर्याप्त सबूतों के अभाव में कोई आपराधिक मुकदमा नहीं चलेगा। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी है। फॉक्स13 सिएटल की खबर के मुताबिक किंग काउंटी के अभियोजक कार्यालय ने बुधवार को बताया कि सिएटल के पुलिस अधिकारी केविन डेव के खिलाफ आपराधिक आरोप नहीं लगाएंगे। कंडुला (23) को पिछले साल जनवरी में सिएटल में सड़क पार करते हुए पुलिस के एक वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस की यह गाड़ी डेव चला रहा था। वह अत्यधिक मादक पदार्थ के सेवन के मामले की एक सूचना मिलने के बाद घटनास्थल की ओर 119 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक रफ्तार से गाड़ी चलाकर जा रहा था। कंडुला को कार ने इतनी जोर से टक्कर मारी कि वह 100 फुट दूर जाकर गिरी थी। सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डैनियल ऑडरर को इस भीषण दुर्घटना को लेकर हंसते हुए देखा गया और उसने इसमें डेव की गलती होने की बात खारिज कर दी थी। खबर में बताया गया है कि किंग काउंटी की अभियोजक अटॉर्नी लीसा मैनियन ने कहा कि उन्हें लगता है कि उनके पास आपराधिक मामले को साबित करने के लिए सबूतों का अभाव है। बयान में यह भी कहा गया है कि अभियोजक कार्यालय ने यह भी पाया कि सिएटल के पुलिस अधिकारी ऑडरर द्वारा की गई टिप्पणियां घटिया और काफी चिंताजनक हैं। ऑडरर जनवरी में हुए इस हादसे में शामिल नही था लेकिन उसे वीडियो मे यह कहते हुए सुना गया, लेकिन वह मर गई है। वह फोन पर हंस रहा था। उसे वीडियो मे यह कहते हुए सुना गया, खैर वह 26 साल की थी। उसकी कोई खास अहमियत नही थी।

### अफगानिस्तान : तालिबान ने दो लोगों को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी

गजनी। तालिबान ने दक्षिणपूर्वी अफगानिस्तान के एक स्टेडियम में बृहस्पतिवार को दो लोगों को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी। गजनी शहर के अली लाला इलाके मे समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता समेत हजारो लोगो की मौजूदगी मे दोनो लोगो को गोली मार कर मौत की सजा दी गई। तालिबान ने दोनों लोगों के कथित अपराधों तथा उनके बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इनकार कर दिया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि कई अदालतों और तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने दोनो लोगो द्वारा कथित तौर पर किए गए अपराधो के लिए उन्हें मौत की सजा देने का आदेश दिया था। फांसी वाली जगह के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और अंदर जाने के लिए लोग बेसब्र हो रहे थे। इसके अलावा धार्मिक विद्वानो ने पीड़ितों के रिश्तेदारों से दोषियो को माफ करने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होने इनकार कर दिया। दोपहर करीब एक बजे एक व्यक्ति को आठ गोलियां मारी गई जबकि दूसरे को सात गोलियां मारी गई। इसके बाद एम्बुलेंस दोनो लोगो के शवो को ले गई। अफगानिस्तान मे तालिबान द्वारा 2021 मे सत्ता पर कब्जा करने के बाद से यह चौथी घटना है जब दोषियो को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी गई है।

### पाकिस्तान: पीटीआई समर्थित निर्दलीय विजई उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल हुए

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित विजई निर्दलीय उम्मीदवार आधिकारिक तौर पर दक्षिणपंथी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) मे शामिल हो गए है। बृहस्पतिवार को मीडिया मे आई एक खबर मे यह जानकारी दी गई है। खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी अपना चुनाव चिह्न क्रिकेट का बल्ला वापस लिए जाने के कारण प्रत्यक्ष रूप से चुनाव मे हिस्सा नही ले सकी थी। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानसभाओं के पीटीआई समर्थित लगभग सभी निर्वाचित निर्दलीय उम्मीदवारो ने आधिकारिक तौर पर एसआईसी मे शामिल होने के लिए बुधवार को पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) को हलफनामे सौप दिए। नेशनल असेंबली के पीटीआई समर्थित 89 सदस्यों द्वारा ईसीपी मे हलफनामा पेश करना पार्टी के इस दावे का समर्थन करता है कि वह आठ फरवरी के चुनावो मे नेशनल असेंबली की 93 सीट जीतने मे कामयाब रही। बैरिस्टर गौहर खान, उमर अयूब खान और अली अमीन गंडापुर समेत पार्टी के नेताओ ने हलफनामे प्रस्तुत नही किए। अयूब और गौहर ने जानबूझकर एसआईसी सदस्य बनने के लिए हलफनामा दाखिल नही किया क्योंकि वे संभवतः एक पखवाड़े मे होने वाले पार्टी के नए संगठनात्मक चुनाव लड़ने की योजना बना रहे है। बुधवार को मीडिया मे आई खबरो मे कहा गया है कि बैरिस्टर गौहर को पीटीआई अध्यक्ष नामित किया गया है।

### ग्लोबल इनोवेटिव से लाभ की तैयारी

**ग्लोबल।** इनोवेटिव ग्लोबल ब्रांड वीवो ने अपनी प्रीमियम वाई सीरीज़ में लेटेस्ट स्मार्टफोन वाई 200ई 5जी उतारा है। वाई 200ई 5जी पहला ऐसा सीरीज़ स्मार्टफोन है जिसमें ड्यूरेबल इको.फ इबर लेदर और पेटेंटेड एंटी-स्टेन कोटिंग शामिल है, जो शानदार ड्युरेबिलिटी के साथ.साथ बेहतरीन ऑडियो.विज़ुअल अनुभव और इमेजिंग क्षमताएँ प्रदान करता है। स्मार्टफोन में 50 एमपी प्राइमरी कैमराए 2एमपी बोकेह कैमरा और 5000 एम ए एच की बैटरी से लैस वाई 200 ई 44 वाट की फास्ट चार्जिंग मौजूद है। वीवो वाई 200ई 5जी दो शानदार रंगों , सैफ्रोन केसरिया डिलाइट और ब्लैक डायमंड में आता है। स्मार्टफोन के 6जीबी. 128जीबी वेरिएंट की कीमत 19, 999 और 8जीबी. 128जीबी वेरिएंट की कीमत 20ए999 है। आज से ही फ्लिपकार्ट वीवो इंडिया ई.स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर्स पर इसकी प्री.बुकिंग शुरू हो जाएगी। ग्राहक आज से ही स्मार्टफोन की प्री.बुकिंग कर सकते हैं बैंकों का उपयोग करके 1500 तक के इंस्टेंट कैशबैक सहित विभिन्न ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। वीवो इंडिया की कॉरपोरेट स्ट्रेटेजी हेड गीताज चन्नाना ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी और स्टाइल के संगम के लिए वीवो के समर्पण का प्रतिनिधित्व करते हुए हम बेहद खुश है कि अपनी वाई 200ई 5जी सीरीज लाइनअप को बढ़ाते हुए वीवो वाई 200ई 5जी लॉन्च कर रहे हैं।

### कैंसर का पता लगने के बाद से लोगों से मिली शुभकामनाओं से अभिभूत हूं: महाराजा चार्ल्स

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा कि उनके कैंसर से पीड़ित होने की जानकारी मिलने के बाद से लोगो से उन्हे जो शुभकामना संदेश मिल रहे है उससे वह अभिभूत है। महाराजा ने यह बात अपने इलाज के लिए सार्वजनिक कर्तव्यो से हटने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ साप्ताहिक बैठक मे कही। चार्ल्स ने बुधवार को प्रिवी काउंसिल से भी मुलाकात की। यह वरिष्ठ अधिकारियो का एक समूह है जो सरकारी मामलो पर महाराजा को सलाह देने के लिए महीने मे एक बार बैठक करता है। चार्ल्स (75) ने कहा है कि वह अपने देश के प्रति कर्तव्यो का पालन करना जारी रखना चाहते है। नेवी ब्लू सूट और टाई पहने चार्ल्स ने बकिंघम पैलेस में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ हंसी-मजाक भी किया। पैलेस द्वारा जारी किए गए वीडियो मे सुनक ने कहा, आपको अच्छा देखकर बहुत खुशी हो रही है। इस पर चार्ल्स ने कहा, यह सब आईनो का कमाल है। सुनक ने कहा, हम सब आपके साथ है, बल्कि पूरा देश आपके साथ है। चार्ल्स ने कहा, मुझे बहुत से शानदार संदेश और कार्ड मिले है। कई बार यह मुझे भाव विभोर कर देता है। इस महीने की शुरुआत मे महाराजा के कैंसर से पीड़ित होने की जानकारी दी गई थी हालांकि यह नही बताया गया था कि उन्हें किसी अंग मे कैंसर है और किस चरण में है।

### अलबामा में नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल करते हुए दूसरी बार मौत की सजा देने की तैयारी

**मोंटगोमरी (अमेरिका)।** अलबामा मे मौत की सजा पाए एक दोषी को नाइट्रोजन गैस सुंघाकर सजा की तामील करने की तैयारी की जा रही है। राज्य मे मौत की सजा की तामील के लिए नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल करने का पहला मामला एक माह पहले ही सामने आया था और इस प्रक्रिया से मृत्युदंड देने की काफी अलोचना भी हुई थी। अलबामा के अटॉर्नी जनरल स्टीव मार्शल के कार्यालय ने बुधवार को अलबामा के उच्चतम न्यायायल से दोषी एलन यूजीन मिलर के लिए सजा की तारीख तय करने का अनुरोध किया। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने कहा कि मिलर को मौत की सजा नाइट्रोजन हाइपॉक्सिया के जरिए दी जाएगी। मिलर (59) को 1999 मे बर्मिंघम मे तीन लोगों की हत्या का दोषी ठहराया गया है। सजा के लिए तारीख तय करने का अनुरोध ऐसे वक्त मे किया जा रहा है जब राज्य में इस तरीके से सजा-ए-मौत देने को लेकर अलग-अलग राय व्यक्त की जा रही है। दरअसल 25 जनवरी को पहली बार नाइट्रोजन गैस के जरिए केनेथ स्मिथ को मौत की सजा दी गई थी और वहां मौजूद लोगो का कहना था कि स्मिथ को कई मिनट तक झटके आते रहे और वह छटपटा रहा था। अटॉर्नी जनरल स्टीव मार्शल के कार्यालय ने कहा कि यह तरीका उपयुक्त है और कहा कि राज्य आगे भी मौत की सजा की तामील मे नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल करेगा। उन्होंने स्मिथ को सजा दिए जाने के अगले दिन अन्य राज्यो को भी इस तरीके पर विचार करने का अनुरोध किया था।

### मार्टिन लूथर किंग जूनियर के स्मारक में तोड़फोड़

**डेनवर (अमेरिका)।** अमेरिका मे डेनवर शहर के सिटी पार्क में मार्टिन लूथर किंग जूनियर के एक बड़े स्मारक मे तोड़फोड़ की गई। पुलिस इस घटना की नस्लीय भेदभाव के पहलू से जांच कर रही है। द डेनवर पोस्ट ने एक खबर मे बताया कि आई हैव ए ड्रीम स्मारक से संगमरमर और कांसे के कई सामान मंगलवार को चोरी कर लिए गए। चोरी किए गए सामान में कांसे की एक मशाल और देवदूत की आकृति तथा अश्वेत पूर्व सैन्यकर्मियो को दर्शाने वाला कांसे का पैनल शामिल है। डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर कोलराडो होलीडे कमीशन के अध्यक्ष वर्न होवार्ड ने अखबार को बताया कि समुदाय के एक सदस्य ने बुधवार को उन्हें तोड़फोड़ की सूचना दी। उन्होंने कहा, आप चुरा सकते है। आप अपने साथ ले जा सकते है। आप उखाड़ सकते है। आप नफरत कर सकते है। आप डॉ. किंग और कमीशन के संदेश को विकृत करने के लिए हर वो चीज कर सकते हैं जो आपको जरूरी लगे। होवार्ड ने कहा, हम सम्मान, काम करने, स्वतंत्रता, न्याय तथा नस्लवाद, घृणा और भेदभाव को खत्म करने की ओर आगे बढ़ना जारी रखेंगे।

### भारतीय मूल की सिख महिला ने पाकिस्तान के व्यक्ति से किया निकाह

**इस्लामाबाद।** जर्मनी से ताल्लुक रखने वाली भारतीय मूल की एक सिख महिला ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक व्यक्ति से निकाह किया है। बृहस्पतिवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ट्रिब्यून की एक खबर के अनुसार जसप्रीत कौर, जिनका नाम अब ज़ैनब हो गया है, ने अली अर्सलान के साथ विवाह किया। इसकी पुष्टि जामिया हनफिया, सियालकोट द्वारा जारी किए गए इस्लाम स्वीकार करने के प्रमाणपत्र से हुई है। कौर पंजाब के लुधियाना से है और उन्होंने विवाह से पहले जामिया हनफिया सियालकोट में इस्लाम अपनाया और यही उन्हें नया नाम भी दिया गया। खबर के अनुसार विदेश में रहने के दौरान दोनों के बीच जान-पहचान हुई, अर्सलान ने कौर को पाकिस्तान आने का निमंत्रण दिया और वही उनका विवाह हुआ। कौर 16 जनवरी को धार्मिक यात्रा पर पाकिस्तान गई थी और उसी दौरान दोनो ने विवाह किया। कौर के पास भारतीय पासपोर्ट भी है, उन्हें 15 अप्रैल तक एकल प्रवेश वीजा दिया गया था। जामिया हनफिया के अधिकारियों ने बताया कि उनके संस्थान में कौर सहित 2,000 से अधिक लोगों ने इस्लाम अपनाया है।

### एमसी स्क्वायर ने दुनिया को झूमाया

**लैंड स्क्वायर।** अपनी आकर्षक बोली और बेहतरीन गीत कौशल के साथ भावपूर्ण शब्दकार एमसी स्कायर ने अपना अगली गीत,टेढ़े चालक रिलीज़ किया है। इसमें भावनाओं को हार्ड कोर रैप में पिरोया गया है। यह गीत श्रोताओं को हरियाणा की सड़कों के एक रोमांचक सफर पर ले जाता हैए जिसमें अपनी जमीन से एमसी स्कायर का प्रेम और अपने सपनों के पीछे उनकी निरंतर उड़ान प्रदर्शित होती है।जर्सी बीट के साथ एमसी स्कायर श्रोताओं को बचपन की अपनी महत्वाकांक्षाओं से लेकर पूरे विश्व में सफलता हासिल करने के अपने प्रेरक सफर का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। ष्टेढ़े चालकष् के शक्तिशाली बोलों के साथ वो अपनी महत्वाकांक्षा की ओर निरंतर बढ़ते रहने की अभिव्यक्ति द्वारा हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का एक जीवंत चित्र पेश करते हैं। गीत के परफॉर्मर.लेखक एमसी स्कायर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टेढ़े चालक मेरी अपनी कहानी में लौटने का अनुभव था, इस सफर ने सपनों को सच कर दिया। इस गीत की हर पंक्ति हमारी जड़ों और संस्कृति का अभिवादन करती है और मेरे हरियाणा के निरंतर उत्साह का आभार व्यक्त करती है। मैं चाहता हूँ कि यह ट्रैक हमारी मातृभूमि की शक्ति और जीवंतता को प्रतिबिंबित करे।

### चीन में कंटेनर जहाज पुल से टकराया, दो लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के गुआंगझोऊ शहर में बृहस्पतिवार को एक कंटेनर जहाज की टक्कर के बाद एक पुल का कुछ हिस्सा ढह जाने से दो लोगों की मौत हो गई जबिक तीन अन्य लोग लापता हो गए। इस हादसे में पांच वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। हांगकांग के उत्तर-पश्चिम में लगभग 90 किलोमीटर दूर गुआंगझोऊके नान्शा जिले में लिक्सिंशा पुल से तड़के एक खाली कंटेनर जहाज टकरा गया जिससे पुल का एक हिस्सा ढह गया। बीजिंग न्यूज के अनुसार, जहाज के कैप्टन को गिरफ्तार कर लिया गया है। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल दुर्घटना के कारण और हताहतों की संख्या की जांच जारी है। गुआंगझोऊबस कंपनी ने कहा कि जब उनकी बस पुल से नीचे गिरी तो उसमें केवल चालक सवार था। घटनास्थल पर बचाव दल मौजूद है लेकिन अन्य हताहतों की संख्या अभी ज्ञात नहीं है। घटना के बाद पुल में बड़ी दरार के कारण इसे यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। द्वीप पर मिंजियान गांव की ग्राम पार्टी के सचिव झोग वेइहोग ने संवाददाताओं से कहा कि निवासियों के लिए यात्रा करने के लिए नौका का विकल्प उपलब्ध है।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी मरयम नवाज



**लाहौर।** पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं। पंजाब प्रांत के विधानमंडल का उद्घाटन सत्र बुलाए जाने के बाद मरयम शुक्रवार को अपने पद की शपथ लेंगी। पाकिस्तान में आठ फरवरी को जिन पांच विधानसभाओं के लिए मतदान हुआ था, उनमें से पंजाब विधानसभा पहला सदन है, जिसका उद्घाटन सत्र बुलाया गया है। पंजाब प्रांत के गवर्नर हाउस के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को कहा, गवर्नर बालीघुर रहमान ने शुक्रवार को पंजाब विधानसभा का सत्र बुलाया है, जिसमें विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और नई सरकार का गठन शुरू होगा। मरयम (50) पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। उन्हें पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ का राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता है। नवाज शरीफ ने हाल ही में आश्चर्यजनक रूप से अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार नामित किया है। पीएमएल-एन ने मरयम को 12 करोड़ से अधिक आबादी वाले पंजाब प्रांत में पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। पंजाब विधानसभा में पीएमएल-एन ने 137 सीट जीतीं हैं, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 113 सीटें जीतीं। इसके अलावा करीब करीब 20 निर्दलीय उम्मीदवार पहले ही पीएमएल-एन में शामिल हो चुके हैं। पंजाब प्रांत के एक अधिकारी ने कहा, पाकिस्तान का निर्वाचन आयोग बृहस्पतिवार को प्रांतीय विधानसभा में आरक्षित सीट के आवंटन को अधिसूचित कर सकता है। कानूनी सवालों के बीच सुन्नी इत्तेहाद परिषद (एसआईसी) को अपना हिस्सा मिलने की संभावना नहीं है क्योंकि इसके प्रमुख ने खुद अपनी पार्टी के टिकट पर चुनाव नहीं लड़ा था और आरक्षित सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जमा करने की समय सीमा बीत चुकी है। इस बीच, मरयम को पहले ही सुरक्षा दी जा चुकी है जो आमतौर पर मुख्यमंत्री को प्रदान की जाती है और वह प्रांत के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठकें भी कर रही हैं।

### चुनाव में धांधली को लेकर अधिकारियों पर आरोप लगाए जाने की जांच के आदेश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने कथित चुनावी धांधली में सरकारी अधिकारियों तथा निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों की संलिप्तता के लिए उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर व्यापक अभियान चलाए जाने के बाद एक संयुक्त जांच दल (जेआईटी) का गठन किया है, जिसमें गुप्तचर एजेंसी आईएसआई के अधिकारी भी शामिल हैं। मीडिया मे बृहस्पतिवार को आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है। खबरों के अनुसार, जेआईटी को 15 दिन मे रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। यह सरकारी अधिकारियो तथा पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के पदाधिकारियों पर आरोप लगाने वालो से पूछताछ करेगा। दोषियों की पहचान के बाद संबंधित कानूनों के तहत उन पर मुकदमा चलाया जाएगा। जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने सरकारी अधिकारियों और निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियो पर चुनाव मे धांधली के आरोप लगाए है।

### पाकिस्तान निर्वाचन आयोग की समिति ने चुनाव धांधली के संबंध में जांच पूरी की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग की एक उच्चस्तरीय समिति ने रावलपिंडी शहर मे चुनावो मे धांधली होने के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के आरोपो के संबंध मे जांच पूरी कर ली है, जिसके बाद समिति आयोग को रिपोर्ट सौपेगी। बृहस्पतिवार को मीडिया मे आई खबर मे यह जानकारी दी गई है। आयोग ने रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्टा ने आरोप लगाया था कि न्यायपालिका और आयोग की सहायता से, जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ रावलपिंडी मे व्यापक धांधली हुई। चट्टा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि जो उम्मीदवार आठ फरवरी को हुए चुनाव मे हारे रहे थे, उन्हे जिताया गया। चट्टा ने अपने पद से इस्तीफा देने से पहले दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारो को जबरदस्ती विजेता घोषित किया गया। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, आरोपों की जांच के लिए गठित आयोग की जांच समिति ने तीन दिन की निर्धारित अवधि मे अपना काम पूरा कर लिया है और वह आज आयोग को अपनी रिपोर्ट सौपेगी। एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है, समिति ने रावलपिंडी डिवीजन के जिला निर्वाचन अधिकारी (डीआरओ) और निर्वाचन अधिकारी (आरओ) के बयान दर्ज किए है। अधिकारी ने कहा कि डीआरओ और आरओ ने पूर्व आयुक्त के धांधली और परिणामो मे हेरफेर के आरोपो से इनकार किया है।

# भारतीय व वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने अमेरिका में भारतीय छात्रों से बातचीत की



**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने अमेरिका में रह रहे भारतीय छात्रों के साथ वर्चुअल माध्यम से बातचीत की।

राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन के नेतृत्व में हुई बातचीत में लगभग 150 भारतीय छात्र संघ के पदाधिकारियों और 90 अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें अटलांटा, शिकागो, ह्यूस्टन, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत भी शामिल हुए। अमेरिका में कुछ भारतीयों और भारतीय छात्रों की हाल में हुई मौतों की पृष्ठभूमि में यह बैठक महत्वपूर्ण है। रंगनाथन ने बैठक के दौरान छात्रों से दूतावास या वाणिज्य दूतावासों और प्रवासी भारतीयों के साथ जुड़े रहने के तरीकों पर चर्चा की। छात्रों से आग्रह किया गया कि वे अमेरिका में पढ़ने वाले छात्रों के लिए दूतावास तथा वाणिज्य दूतावासों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, इसकी वेबसाइटों पर पंजीकरण, छात्र सुरक्षा एवं कल्याण से संबंधित पहलुओं और आपात स्थिति में भारतीय राजनयिक मिशनों से संपर्क करने के बारे में अमेरिका में साथी भारतीय छात्रों को भी बताएं। छात्रों ने दूतावास एवं वाणिज्य दूतावासों, विश्वविद्यालय अधिकारियों, प्रवासी संगठनों और अन्य हितधारकों के प्रयासों के साथ तालमेल बिठाने कीदिशा में उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए।

# भारत ने जी-20 एफएमएम बैठक में कहा : भूराजनीतिक मुद्दों का रचनात्मक समाधान तलाशें

भाषा। रियो द जिनेरियो (ब्राजील)

**पूरी दुनिया** में विभिन्न संघर्ष की पृष्ठभूमि में भारत ने ब्राजील की मेजबानी में आयोजित जी20 मंत्री स्तरीय बैठक में भू राजनीतिक समस्याओं के रचनात्मक समाधान निकालने और समान आधार तलाशने पर जोर दिया है। ब्राजील ने एक दिसंबर 2023 को भारत से जी20 की अध्यक्षता प्राप्त की थी। ब्राजील की अध्यक्षता में बुधवार को जी20 विदेश मंत्रियों (एफएमएम) की बैठक यहां आयोजित की गई जो लातिन अमेरिकी देश की अध्यक्षता में संगठन की पहली मंत्री स्तरीय बैठक है। विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने चल रहे अंतरराष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी20 की भूमिका शीर्षक से आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए विभिन्न बिंदुओं का उल्लेख किया और उनपर भारत के रुख की वकालत की। एफएमएम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुरलीधरन ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत ने समाधान के लिए संवाद और कूटनीतिक प्रयासों को तत्काल शुरू करने का आह्वान किया जबकि इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के मामले में भारत दो राष्ट्र के समाधान पर विश्वास करता है। उन्होंने जोर दिया कि भारत आतंकवाद के किसी भी स्वरूप की निंदा करता है। उन्होंने कहा, हमें पश्चिम एशिया के संघर्ष का विस्तार नहीं होने देना चाहिए। लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हमलों का जिक्र करते हुए विदेश राज्यमंत्री ने तट से दूर समुद्रों में अत्यधिक सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया और यह भी कहा कि समुद्री के रास्ते गए संचार केबल की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। मुरलीधरन ने भूराजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक समाधान तलाशने के लिए समान आधार बनाने पर जोर दिया।

# गरीब देशों में सबसे अधिक होती है समयपूर्व जन्मे शिशुओं की मौत

भाषा। लंदन

**दुनिया भर** में 2020 में समय से पहले जन्म संबंधी जटिलताओं के कारण हर 40 सेकंड में एक बच्चे की मौत हो गई। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु दर के अधिक होने का प्रमुख कारण समय से पहले जन्म है। दुनिया के निम्न और मध्यम आय वाले देशों में समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं की संख्या काफी अधिक है। दुनिया के लगभग 80 प्रतिशत ऐसे मामले कम और मध्यम आय वाले देशों में ही होते हैं। अफ्रीका महाद्वीप में मलावी, दक्षिण अफ्रीका, इथियोपिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और बोत्सवाना ऐसे देश हैं, जहां समयपूर्व जन्मे शिशुओं की संख्या काफी अधिक होती है। इथियोपिया में 2020 में 12.9 प्रतिशत बच्चे समय से पहले पैदा हुए। वहीं, नाइजीरिया में यह आंकड़ा 9.9 प्रतिशत था। जब कोई बच्चा 37 सप्ताह के गर्भ से पहले पैदा होता है, तो उसे समयपूर्व जन्मे शिशु की श्रेणी में रखा जाता है। समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं में गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याओं, जैसे सेरेब्रल पाल्सी, खराब फेफड़ों की कार्यप्रणाली और उनकी आंतों की दीर्घकालिक समस्याओं का खतरा अधिक होता है। लेकिन, समय से पहले जन्म लेने वाले लगभग 95 प्रतिशत बच्चे 28 सप्ताह के बाद ही पैदा होते हैं। वे अक्सर अपेक्षाकृत कम जटिल चिकित्सा हस्तक्षेप के साथ जीवित रहते हैं। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ गायनेकोलॉजी एंड ऑब्स्टेट्रिक्स (एफआईजीओ) की एक समिति ने शिशुओं का जीवन बचाने के लिए ज्ञात पांच प्रमुख उपायों (हस्तक्षेप) का चयन किया है। हमने एक हालिया शोध पत्र का सह-लेखन किया है, जिसमें हमने पांच उपायों पर चर्चा की। ऐसे कई अन्य हस्तक्षेप हैं जो प्रसव के समय और समय से पहले जन्म के बाद परिणामों में सुधार कर सकते हैं। लेकिन, चुने गए पांच चिकित्सकीय रूप से प्रभावी और अपेक्षाकृत सस्ते विकल्प हैं, जिन्हें अधिकांश मामलों में अपनाया जा सकता है। यह पांच उपाय (हस्तक्षेप) हैं : 1) बच्चे के जन्म से पहले मां को स्टेरॉयड की खुराकों का एक कोर्स देना। इससे गर्भ में बच्चे के फेफड़ों में बदलाव आता है, जिससे उनका विस्तार होता है और इससे उसके लिए सांस लेना आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त, यह मस्तिष्क रक्तस्राव, आंत्र जटिलताओं और मृत्यु के जोखिम को भी कम करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निम्न और मध्यम आय वाले देशों में किए गए एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि अगर मां को स्टेरॉयड दिया जाए तो हर साल 3,70,000 शिशुओं को बचाया जा सकता है। यह दवा डब्ल्यूएचओ की आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल है। इसका इस्तेमाल करना अपेक्षाकृत आसान है और इससे मां को कोई समस्या होने का जोखिम कम होता है। यह ताप स्थिर भी है और इसमें प्रशीतन की आवश्यकता नहीं होती है, जो उन क्षेत्रों के वातावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जहां बिजली की आपूर्ति कम है। 2) प्रसव से तुरंत पहले मां को मैग्नीशियम सल्फेट भी दिया जा सकता है। यह शिशु में कोशिका झिल्ली को स्थिर करने के लिए जाना जाता है। यह न्यूरॉन्स की रक्षा करता है और मस्तिष्क क्षति को कम करता है।

### बादाम से मसल रिकवरी तेजी से होती है

नए अध्ययन से सामने आया है कि बादाम खाने से एक्सरसाइज करने के बाद मांसपेशियों के होने वाले दर्द में कमी आती है । जिससे वर्टिकल जंप-हवा की दिशा में ऊपर कूदना, जैसी एक्सरसाइज में मांसपेशियों की परफॉर्मेंस और बेहतर होती है। यह नतीजे पिछली रिसर्च का विस्तार है, जिसमें दिखाया गया था कि एक्सरसाइज के बाद बादाम किस तरह मांसपेशियों में होने वाले दर्द को कम कर प्रभाव डालते हैं। आमंड बोर्ड ऑफकैलिफोर्निया द्वारा वित्त पोषित और फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन में प्रकाशित नई रिसर्च स्टडी में पाया गया कि लंबाई के हिसाब से वजन में थोड़े ज्यादा मध्य आयु के 25 पुरुषों और महिलाओं का आठ हफ्ते तक रोजाना 57 ग्राम,दो औंस कच्चे और साबुत बादाम रोज खाने के लिए देने के बाद बाद 30 मिनट का डाउन हिल ट्रेडमिल टेस्ट किया गया। नियंत्रण समूह ने उसी कैलोरी 86 ग्राम, तीन आउंस के मीठे और कुरकुरे बिस्कुट का नाश्ता किया। यह ट्रेड मिल टेस्ट यह देखने के लिए डिजाइन किया गया था कि एक्सरसाइज के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द और थकान को बादाम से किस हद तक कम किया जा सकता है। दिल्ली के मैक्स हेल्थ केयर हॉस्पिटल में डाइटेटिक्स की रीजनल हेड रितिका समद्दर ने कहा कि इन सालों में मैं अपने मरीजों को लगातार रोजाना बादाम खाने की सलाह देती हूं। आमंड बोर्ड ऑफकैलिफोर्निया की ओर से वित्त पोषित अध्ययन से यह सुझाव मिलता है कि अपने रोज के भोजन में मेवों का पावर हाउस समाने जाने वाले बादाम को शामिल करना बहुत जरूरी है। विटाई की स्टडी के अध्ययन से सामने आए नतीजों से मैं एक डायटीशियन के तौर पर बेहद प्रभावित हुई। इस अध्ययन में यह महत्वपूर्ण खोज की गई कि रोज बादाम खाने से 72 घंटे की रिकवरी की अवधि के दौरान मांसपेशियों की इनफ्लेमेशन सूजन में 25 फीसदी की कमी आती है। इस खोज ने लोगों की अच्छी सेहत और फिटनेस के लिए पौष्टिकता से भरपूर बादाम को अपने संतुलित आहार में शामिल करने पर जोर दिया।

# भारत की नजर श्रृंखला जीतने पर

## वापसी करने उतरेगा इंग्लैंड

**भाषा।** रांची



**तेज गेंदबाज** जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद भारत शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड की बैजबॉल (आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करना) शैली को धत्ता बताकर पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत अभी श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी निगाह घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं श्रृंखला जीतने पर लगी है। 2012 में एलिस्टर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अपनी धरती पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही है। उसके बाद उसने जो 47 टेस्ट मैच के लिए उनमें से 38 में जीत दर्ज की है। इस बीच उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ही हार का सामना करना पड़ा। विराट कोहली, केएल राहुल और खराब फार्म में चल रहे श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की तरफ से युवा बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। फिर चाहे वह यशस्वी जायसवाल हो या सरफराज खान। जायसवाल ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पहले तीन मैच में 545 रन बनाए हैं जिसमें दो दोहरे शतक भी शामिल हैं। सरफराज ने नागपुर में अपने पहले टेस्ट मैच में ही दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए। शुभमन गिल ने भी तीसरे नंबर पर अपने पांव जमा लिए हैं। श्रृंखला में अभी तक सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाले बुमराह को विश्राम दिया गया है। धर्मशाला में पांचवें टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है और तब बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे लेकिन अभी टीम में मोहम्मद सिराज सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज है। सिराज के साथ बंगाल के मुकेश कुमार और आकाशदीप में से किसी एक को चुना जा सकता है। मुकेश कुमार अधिक अनुभवी हैं और उन्होंने हाल में रणजी ट्रॉफी मैच में 10 विकेट के लिए थे। वह दूसरे टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें उन्होंने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 12 ओवर करके एक विकेट लिया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन मुकेश पर विश्वास बनाए रखना है या आकाशदीप को पदार्पण का मौका देता है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो यहां की पिच की प्रकृति को देखते हुए टीम में दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर रखना सही होता है। इंग्लैंड ने टॉम हार्टली के साथ ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को अंतिम एकादश में शामिल किया है। वह लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह लेंगे। तीसरे स्पिनर की भूमिका जो रूट निभाएंगे। रूट बल्लेबाजी में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। उन्होंने अभी तक केवल 77 रन बनाए हैं जबकि इससे अधिक ओवर (107) किए हैं। पूरी संभावना है कि भारत दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनरों के साथ उतरेगा। ऐसे में अक्षर पटेल की वापसी की संभावना नहीं है। यह तय है कि भारतीय टीम रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव के साथ ही मैदान पर उतरेगी। इस मैदान पर आखिरी टेस्ट मैच 2019 में खेला गया था और तब मोहम्मद शमी और उमेश यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 विकेट लिए थे।

## यह आम भारतीय विकेट जैसा है, जिसमें दरार हैं और यह टर्न लेगाः राठौड़

**रांची।** भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने गुरुवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के लिए तैयार किए गए विकेट में पर्याप्त दरार है और इससे स्पिनरों को मदद मिलेगी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने वर्तमान श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लिए है लेकिन उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत चौथे टेस्ट मैच से विश्राम दिया गया है। भारत के इस फैसले के बाद माना जा रहा है कि शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए टर्निंग विकेट तैयार किया जाएगा। राठौड़ ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, जब भी हम भारत में खेलते है तो पिच पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है। यह आम भारतीय विकेट जैसा है जिसमें दरार है। इस विकेट में हमेशा दरार होती है। यह टर्न लेगा लेकिन कितना और कब टर्न मिलेगा इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन हमारी टीम काफी संतुलित है। राठौड़ ने कहा कि बुमराह पूरी तरह से फिट है लेकिन इस तेज गेंदबाज को लगातार खिलाना सही नहीं होता।

## बुमराह की अनुपस्थिति में तेज गेंदबाज आकाश दीप को मिल सकती है टेस्ट कैप

**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में मोहम्मद सिराज का साथ देने के लिए अनकैप्ड तेज गेंदबाज आकाश दीप अंतिम एकादश में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे है क्योंकि उन्हें गुरुवार को यहां वैकल्पिक ट्रेनिंग सत्र में पसीना बहाते हुए देखा गया। इस 27 साल के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने बंगाल के साथी मुकेश कुमार के साथ बुधवार को नेट पर कड़ा गेंदबाजी अभ्यास किया और टेस्ट की पूर्व संध्या पर उन्होंने लंबे बल्लेबाजी सत्र में हिस्सा लिया। गुरुवार को केवल पांच अन्य भारतीय खिलाड़ी शुभमन गिल, आर अश्विन, केएस भरत, वाशिंगटन सुंदर और देवदत्त पडिक्कल नेट में अभ्यास करने पहुंचे। अश्विन तो मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों के साथ पिच का मुआयना करने में व्यस्त थे। गिल ने स्थानीय गेंदबाजों से थ्रोडाउन का सामना किया। भारत को विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल और सरफराज खान को पदार्पण कराना पड़ा। अब रांची टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह को भी आराम दिया गया है तो आकाश दीप टेस्ट पदार्पण के लिए अगले खिलाड़ी हो सकते है। घरेलू टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने आकाश दीप के बारे में कहा, भारतीय टीम में जो भी खिलाड़ी शामिल होता है, वह विशेष क्रिकेटर होता है। आकाश दीप ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीन मैच में 12 विकेट चटकाने के बाद भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह अच्छा गेंदबाज दिखता है जिसने घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

## मजबूत घरेलू ढांचे के कारण सफलता हासिल कर रहे हैं युवा खिलाड़ी : राठौड़

**रांची।** यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शुरू में ही सफलता हासिल की है और भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने इसका श्रेय देश के मजबूत घरेलू ढांचे को दिया। मुंबई के 22 वर्षीय जायसवाल ने अभी तक केवल सात टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन उनके नाम पर दो दोहरे शतक दर्ज हैं। सरफराज ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और दोनों पारियों में अर्धशतक जमाए। टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह टीम के लिए अच्छा है और उनके लिए भी बेहतर है। जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं तो दबाव होता है लेकिन अगर आपकी शुरुआत अच्छी रहती है तो इससे बेहतर और कुछ नहीं होता है। टीम में जो युवा खिलाड़ी आए हैं उन्होंने अच्छी शुरुआत की है और यह अच्छा एहसास है। उनमें क्रिकेट की अच्छी समझ है जो बहुत अच्छा संकेत है। घरेलू क्रिकेट से यह बहुत अच्छा संदेश मिल रहा है कि नए खिलाड़ी क्रिकेट को लेकर अच्छी समझ रखते हैं।

# 22 मार्च से शुरू होगा आईपीएल मैच

## चेन्नई सुपर किंग्स व आरसीबी में भिड़ंत

**भाषा।** नई दिल्ली




**गत चैम्पियन** चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र के शुरूआती मैच में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के सामने होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को इस लोकप्रिय टी20 लीग के पहले 17 दिन के कार्यक्रम की घोषणा की। आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों के कार्यक्रम का ऐलान अगले महीने के शुरू में आगामी लोक सभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद किया जाएगा। टूर्नामेंट में इस दौरान 22 मार्च से सात अप्रैल तक 21 मैच 10 शहरों में खेले जाएंगे। इसमें प्रत्एक टीम कम से कम तीन मैच और ज्यादा से ज्यादा पांच मैच खेलेगी। क्रिकेट की इस शीर्ष संस्था ने एक बयान में कहा कि पहले की तरह बीसीसीआई सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेगा और आगामी लोकसभा चुनावों से संबंधित सभी जरूरी प्रोटोकॉल और परामर्श का पालन करेगा। बीसीसीआई ने कहा, एक बार 18वीं लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो जाए तो उसके बाद बोर्ड पहले दो हफ्तों के कार्यक्रम से संबंधित किसी भी मुद्दे की समीक्षा करेगा और उसका समाधान करेगा। बयान के अनुसार, इसके बाद मतदान की तारीखों को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई बचे हुए कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करेगा। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है। सिर्फ एक बार 2009 में पूरा आईपीएल दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था जबकि 2014 में आम चुनाव के कारण स्वदेश और संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया गया था। लेकिन 2019 में चुनावों के बावजूद टूर्नामेंट भारत में ही कराया गया था। पहले हफ्ते में दो डबल हेडर (एक दिन में दो मुकाबले) होंगे जिसमें पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगा जिसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स दिन के दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की मेजबानी करेगा। 24 मार्च को जयपुर में घरेलू टीम राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से होगा। रविवार की शाम को घरेलू टीम गुजरात टाइटन्स (जीटी) पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस (एमआई) के सामने होगी। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) अपने पहले दो घरेलू मैच विशाखापत्तनम में खेलने का फैसला किया है जिससे वह वह 31 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की मेजबानी करेगी और फिर इसी स्थल पर तीन अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी।

**आईपीएल कार्यक्रम इस प्रकार है :** 22 मार्च : सीएसके बनाम आरसीबी , 23 मार्च : पीबीकेएस बनाम डीसी, केकेआर बनाम एसआरएच,24 मार्च : आरआर बनाम एलएसजी, जीटी बनाम एमआई, 25 मार्च : आरसीबी बनाम पीबीकेएस,26 मार्च : सीएसके बनाम जीटी, 27 मार्च : एसआरएच बनाम एमआई, 28 मार्च : आरआर बनाम डीसी, 29 मार्च : आरसीबी बनाम केकेआर, 30 मार्च : एलएसजी बनाम पीबीकेएस, 31 मार्च : जीटी बनाम एसआरएच, डीसी बनाम सीएसके, एक अप्रैल : एमआई बनाम आरआर, दो अप्रैल : आरसीबी बनाम एलएसजी, तीन अप्रैल : डीसी बनाम केकेआर, चार अप्रैल : जीटी बनाम पीबीकेएस, पांच अप्रैल : एसआरएच बनाम सीएसके, छह अप्रैल : आरआर बनाम आरसीबी, सात अप्रैल : एमआई बनाम डीसी, सात अप्रैल : एलएसजी बनाम जीटी

## शमी आईपीएल से बाहर, ऑपरेशन करवाएंगे



**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बाएं टखने में चोट के कारण अगले महीने शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नही खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें ब्रिटेन में इसका ऑपरेशन करवाना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गुरुवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। यह 33 वर्षीय तेज गेंदबाज चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला मे नही खेल पा रहा है। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। बीसीसीआई के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, शमी टखने पर विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी के अंतिम सप्ताह में लंदन मे थे और उन्हें बताया गया कि वह तीन सप्ताह के बाद हल्की दौड़ शुरू कर सकते हैं। लेकिन इंजेक्शन लगवाने से कोई फायदा नही हुआ और अब उनके पास ऑपरेशन करवाने के अलावा कोई विकल्प नही बचा है। वह ऑपरेशन करवाने के लिए जल्द ही ब्रिटेन जाएंगे। उनके आईपीएल मे खेलने का सवाल ही नही उठता। शमी ने विश्व कप में दर्द के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया था तथा 24 विकेट हासिल किए थे। उन्हें हाल में अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। इस तेज गेंदबाज की अक्टूबर नवंबर में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी करने की संभावना नही है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे तक पूरी तरह फिट होना होगा। शमी की चोट के कारण राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवालिया निशान लग गया है। सूत्र ने कहा, शमी को सीधे ऑपरेशन के लिए जाना चाहिए था और यह एनसीए का फैसला होना चाहिए था। उन्होंने दो महीने का विश्राम लिया और इंजेक्शन कारगर साबित नही हुआ। वह भारतीय टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा है और ऑस्ट्रेलिया में उनकी जरूरत पड़ेगी।

## इमरान और पंचाल सीसीआई स्नूकर के मुख्य ड्रा में

**मुंबई।** मध्य प्रदेश के इमरान खान, मुंबई के मानव पंचाल, तमिलनाडु के विजय निचानी और विश्वजीत मोहन ने गुरुवार को यहां सीसीआई स्नूकर क्लासिक टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया। इमरान ने फहद मिठाईवाला को 4-0 और पंचाल ने विशाल गेहानी को 4-1 से मात दी। निचानी को हालांकि कल्पेश मेवाडा को 4-0 से हराने में थोड़ी मुश्किल हुई।

## बीएआई मार्च में पहली बार कोचों के लिए विकास कार्यक्रम आयोजित करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) मार्च मे देश के चार स्थलों मे पहली बार कोचों के लिए विकास कार्यक्रम (जमीनी स्तर) का आयोजन करेगा। इसमे देश के 100 से ज्यादा कोच हिस्सा लेंगे। बीएआई आरईसी लिमिटेड और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के साथ मिलकर 11 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा ताकि जमीनी स्तर पर दी जाने वाली कोचिंग मे समानता रहे।

## अभय, रमित पीएसए टूर्नामेंट में आगे बढ़े

**नई दिल्ली।** भारत के उभरते हुए स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने टोरंटो में 9000 डॉलर पुरस्कार राशि के चैलेंजर टूर टूर्नामेंट गुडफेलो क्लासिक के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय अभय ने कनाडा के वाइल्ड कार्ड एलियट हंट को बुधवार को दूसरे दौर मे 11-6, 11-3, 11-9 से हराया। उन्हें पहले दौर मे बाई मिली थी। वही शिकागो मे भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी सौरव घोषाल वर्ल्ड टूर प्लेटिनम विंडी सिटी ओपन के पहले दौर मे घरेलू प्रबल दावेदार टिमोथी ब्रोउनेल से 11-13, 2-11, 11-3, 14-12 से हार गए।

## गुलमर्ग में हिमस्खलन, सभी खिलाड़ी सुरक्षित

**गुलमर्ग।** गुलमर्ग मे हुए हिमस्खलन के कारण गुरुवार को रूस के एक स्कीयर की मौत हो गई लेकिन खेलो इंडिया शीतकालीन खेल मे भाग ले रहे सभी खिलाड़ी सुरक्षित है। आयोजकों के अनुसार जिस क्षेत्र मे खेलो का आयोजन हो रहा है वहां हिमस्खलन नही हुआ और इसलिए खेलो के कार्यक्रम मे कोई बदलाव नही किया गया। इन खेलो की शुरुआत बुधवार को हुई थी और इनका समापन 25 फरवरी को होगा।

## रोनाल्डो का गोल, अल नासर एशियाई चैम्पियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में

**रियाद।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मदद से अल नासर क्लब ने अल फाहया पर कुल 3-0 की जीत से एशियाई चैम्पियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो के गोल से अल नासर ने पहले चरण के मैच में 1-0 से जीत हासिल की थी जबकि दूसरे चरण में उन्होंने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल किया। रोनाल्डो (86वें मिनट) और ओटावियो (17वें मिनट) के गोल की मदद से अल नासर ने दूसरे चरण में 2-0 से जीत दर्ज की।

## क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ लखनऊ ने दर्ज की बड़ी जीत

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच अजीत वर्मा ;40 रनए दो विकेटद्ध के ऑलराउंड खेल की बदौलत क्रिकेट एसोसिएशन ऑफलखनऊ ने देवी पाटन चैलेंज अंडर-19 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में डीसीए बहराइच ब्लू को 42 रन से पराजित कर पूरे अंक हासिल किए। बहराइच के इंदिरा गांधी स्टेडियम पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ ने निर्धारित 25 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.2 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 145 रन का मामूली स्कोर बनाया।

## एमपीसीए के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के खिलाफ हितों के टकराव की शिकायत खारिज

**इंदौर।** बीसीसीआई के आचरण अधिकारी न्यायमूर्ति विनीत सरन ने मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के खिलाफ हितों के टकराव की शिकायत खारिज कर दी है। आचरण अधिकारी ने शिकायतकर्ता को यह आदेश भी दिया है कि वह 30 दिन में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में 1,000 रुपए जमा कराए। मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति सरन ने पंडित के खिलाफ संजीव गुप्ता नामक व्यक्ति की वर्ष 2023 में दायर शिकायत दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर के बाद बुधवार को खारिज की। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पंडित एमपीसीए और आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में कोच की भूमिका एक साथ अदा कर रहे थे जिससे कथित तौर पर हितों का टकराव पैदा हुआ। बीसीसीआई के आचरण अधिकारी ने एमपीसीए और केकेआर के साथ पंडित के संबंधित अनुबंधों की अवधि और अन्य तथ्यों की रोशनी में गुप्ता की शिकायत खारिज कर दी और कहा कि 62 वर्षीय कोच के खिलाफ हितों के टकराव का कोई मामला नहीं बनता है। न्यायमूर्ति सरन ने अपने आदेश में कहा कि गुप्ता ने एक बार अपनी शिकायत वापस लेने के बाद बिना किसी अनुमति के दूसरी बार समान शिकायत दायर की और प्रक्रियात्मक लिहाज से अनैतिक कृत्य किया। आदेश में यह भी कहा गया कि प्रतिवादी (पंडित) की इस दलील में दम है कि बीसीसीआई के नियम 38 (हितों का टकराव) के अत्यंत सख्त और शब्दश: इस्तेमाल से भारतीय कोचों के साथ घोर भेदभाव होगा।

# तेंदुलकर ने कश्मीर में खेला गली क्रिकेट

**भाषा।** श्रीनगर



**जम्मू कश्मीर** के उरी में गली क्रिकेट खेल रहे युवाओं का तब आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा जब कोई और नहीं बल्कि दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर उनके साथ खेलने के लिए उतरे। पहली बार जम्मू कश्मीर के दौरे पर गए तेंदुलकर ने जब कुछ युवाओं को कार्डबोर्ड कार्टन और स्टंप के रूप में एक खाली तेल के डिब्बे के साथ सड़क पर क्रिकेट खेलते हुए देखा तो वह अपनी गाड़ी से नीचे उतर गए। तेंदुलकर ने एक्स पर पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसका शीर्षक उन्होंने क्रिकेट और कश्मीर: स्वर्ग में खेला गया मैच रखा है। इस वीडियो में उन्हें 9 गेंद खेलते हुए देखा जा सकता है जिसमें स्थानीय लोग बड़े कौतुहल के साथ उन्हें खेलते हुए देख रहे हैं। इस वीडियो क्लिप में तेंदुलकर की पत्नी अंजलि को भी मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। इसके शुरू में तेंदुलकर लड़कों से कहते हैं, हम खेलें। कौन है तुम्हारा बॉलर। इसके बाद उन्होंने बल्ला हाथ में लिया। भूरे रंग की जैकेट पहने हुए तेंदुलकर ने 9 गेंद का सामना किया तथा इस बीच अपने पसंदीदा स्ट्रेट ड्राइव और एक स्कूप शॉट भी लगाए। तेंदुलकर ने 2013 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। तेंदुलकर ने पैडल स्वीप करने का भी प्रयास किया और इसके बाद उन्होंने बल्ला उल्टा पकड़ कर मजाक में कहा, ए आउट करना पड़ेगा। (अब आपको मुझे आउट करना पड़ेगा)। तेंदुलकर को हालांकि तब भी आउट नहीं किया जा सका और उन्होंने ड्राइव करके इस विशेष क्रिकेट मैच में अपनी बल्लेबाजी का समापन किया। भारत की तरफ से छह विश्व कप में खेलने वाले तेंदुलकर ने इसके बाद अपने प्रशंसकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मेरा ध्यान आपके ऊपर है। तेंदुलकर पिछले सप्ताह कश्मीर दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने दक्षिण कश्मीर के संगम क्षेत्र में क्रिकेट का बल्ला बनाने वाली कंपनी का दौरा किया और फिर पहलगाम गए।

## स्टोक्स ने अपनी उपलब्धता पर संदेह बरकरार रखा

**रांची।** बेन स्टोक्स ने नेट पर गेंदबाजी के कड़े अभ्यास से भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में गेंदबाजी करने की उम्मीद बढ़ा दी है लेकिन इंग्लैड के कप्तान ने गुरुवार को यहां बतौर गेंदबाज अपनी उपलब्धता पर संदेह कायम रखना ही सही समझा। घुटने की समस्या के कारण स्टोक्स पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट से बाद से बतौर बल्लेबाज ही खेल रहे है। लेकिन भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर उन्हे पूरी शिद्दत से गेदबाजी करते हुए देखा गया। मैच मे उनके गेंदबाजी की संभावना के बारे मे पूछने पर स्टोक्स ने कहा, ना, मुझे लगता है कि ऐसा हो सकता है और शायद नही भी। स्टोक्स ने कहा कि इंग्लैड के लिए दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकता है जिससे उन्हे लंबी कद काठी के ओली रोबिन्सन को अंतिम एकादश मे शामिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा, हालांकि रांची की पिच के स्पिनरो के मददगार होने की उम्मीद है।

## मुंबई, कर्नाटक, तमिलनाडु व सौराष्ट्र की निगाहें सेमीफाइनल पर

**मुंबई।** डेढ़ महीने तक चले उतार चढ़ाव भरे मुकाबलों के बाद आठ टीम रणजी ट्राफी के क्वार्टरफाइनल मे पहुंच गई है और शुक्रवार से शुरू होने वाले इस चरण मे एक भी चूक उन्हे टूर्नामेंट से बाहर कर देगी। इसमे कुछ टीम लगातार इस चरण तक पहुंचती रही है जबकि कुछ से उलटफेर की उम्मीद की जा सकती है। आठ चरण मे 41 बार की चैम्पियन मुंबई, मजबूत दावेदार कर्नाटक, तमिलनाडु तथा विदर्भ और बड़ौदा के अलावा गत चैम्पियन सौराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र की टीम शामिल है। मुंबई की टीम शुक्रवार से यहां बड़ौदा के खिलाफ मुकाबले मे अपने मध्यक्रम बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और स्टार आल राउंडर शिवम दूबे के बिना होगी। दूबे जहां मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर है तो अय्यर फिटनेस से जूझ रहे है। दूबे बचे हुए पूरे सत्र मे उपलब्ध नही हो पाएंगे। लेकिन भारत के अंडर-19 विश्व कप स्टार मुशीर खान के शामिल होने से टीम को मजबूती मिलेगी।

## डब्ल्यूपीएल में मुंबई और दिल्ली होंगे आमने-सामने, युवा भारतीय खिलाड़ियों पर होगी निगाह

**बेंगलुरु।** मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस और पिछली बार के उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले मैच से दूसरे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगाज होगा जिसमे भारत की युवा खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी। पिछले साल डब्ल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई मे खेला गया था लेकिन इस बार इसका आयोजन बेंगलुरु और नई दिल्ली मे किया जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी है लेकिन डब्ल्यूपीएल मे टीम का काफी दारोमदार इस अनुभवी बल्लेबाज पर टिका रहेगा। उन्होने पिछले साल इस टूर्नामेंट मे सर्वाधिक रन बनाए थे जबकि मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 16 विकेट लिए थे। टूर्नामेंट मे विदेशो की कई स्टार खिलाड़ी भाग लेगी जिनके बीच भारत की युवा खिलाड़ी अपनी चमक बिखरने की कोशिश करेगी।

## अफगानिस्तान अंतिम टी20 में तीन रन से जीता

**दाम्बुला।** अफगानिस्तान ने तीसरे और अंतिम ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच मे श्रीलंका को तीन रन से हरा दिया। लेकिन श्रीलंका ने तीन मैच की टी20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर मे पांच विकेट पर 209 रन बनाए। श्रीलंका की टीम छह विकेट पर 206 रन ही बना सकी। श्रीलंका को जीत के लिए अंतिम छह गेंद मे 19 रन की दरकार थी और अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज वफादार मोमंड अंतिम ओवर मे गेंदबाजी करने उतरे। कामिंदु मेंडिस ने मोमंड पर पहली और तीसरी गेंद पर दो चौके जड़ दिए। इस गेंदबाज की चौथी गेंद कमर से ऊपर की थी लेकिन लेग अंपायर ने इसे नही देखा जिस पर श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसारंगा ने अंपायर की आलोचना भी की। अब अंतिम दो गेंद मे 10 रन की दरकार थी। कामिंदु मेंडिस ने एक छक्का जड़ा लेकिन टीम तीन रन से पीछे रह गई।

## गॉफ, स्वियातेक और रयबाकिना क्वार्टर फाइनल में

**दुबई।** कोको गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट मे चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले मे हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज करके प्लिस्कोवा के 11 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर भी रोक लगाई। अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने नौवी वरीयता प्राप्त एलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-5 से हराया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम आठ मे जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त ऐलेना रयबाकिना को क्वार्टर फाइनल मे पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होने मैग्डालेना फ्रेच को 7-6 (5), 3-6, 6-4 से हराया। स्वियातेक का अगला मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त क्विनवेन झेंग से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पोटापोवा को 6-3, 6-2 से हराया।

## गेमिंग क्षमताओं को बढ़ाएगा

**ग्लोबल।** हाईपरफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने भारत में अपनी नियो सीरीज़ की एक और पावर पैक ऑफरिंग आईकू नियो 9 प्रो लॉन्च की है। आज की तकनीक प्रेमी पीढ़ी की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया, नियो सीरीज़ उच्च प्रदर्शन और अत्याधुनिक गेमिंग क्षमताओं का प्रतीक है। आईकू नियो 9 प्रो प्री.बुक करने वालों के लिए अमेज़न इन और आईकू ई.स्टोर पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। 8जी बी256जी बी वेरिएंट की प्रभावी कीमत 34,999 ;एम ओ पीरू 37,999 और 12जी बी256जी बी वेरिएंट की प्रभावी कीमत 36,999 ;एम ओ पी 39,999 होगी। 8जी बी128जी बी वेरिएंट की प्रभावी कीमत 33,999 एम ओ पी 35,999 होगी और यह 21 मार्च 2024 से बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। आईकू नियो9 प्रो दो रंग विकल्पोंरू फीरी रेड और कॉन्करर ब्लैक में उपलब्ध होगा। आईकू इंडिया के सीईओए निपुन मार्या ने लॉन्च के अवसर पर कहा कि आईकू नियो 9 प्रो के लॉन्च के साथ हम एक दमदार स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखे हुए हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह डिवाइस पिछले नियो सीरीज़ उपकरणों की तरह ही हमारे उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय होगा।

## प्लैंकथॉन के साथ एक और गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टीएम खिताब हासिल किया

**कानपुर।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज़ लाइफने चंद्रयान और सौर मिशन, आदित्य एल1 के संबंध में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ;इसरोद्ध की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए बेंगलुरु केकांतीरावा आउटडोर स्टेडियम में रुप्लैंकथॉन के चौथे संस्करण का आयोजन किया। यह ऑन.ग्राउंड प्लैंकथॉन कार्यक्रम कंपनी के बेहद लोकप्रिय अभियान रुप्लैंकफॉरएसेज़ का समापन था जिसके तहत भारत में लोगों को एब्डॉमिनल प्लैंक का वीडियो अपलोड कर इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को धन्यवाद देने के लिए एक साथ आने के लिए आमंत्रित किया गया था। बेंगलुरु में प्लैंकथॉन कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन मुख्यालय के क्षमता निर्माण और सार्वजनिक संपर्क विभाग के निदेशकए एन सुधीर कुमार उपस्थित थे। भारतीय सिनेमा की प्रखर अभिनेत्रियों में से एक सुश्री तापसी पन्नू ने पूरे ऑन-ग्राउंड पर पूरे प्लैंकथॉन कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने मिशन मंगल सहित कई लोकप्रिय हिंदी फिल्मों में काम किया है और उनकी सबसे ताज़ातरीन फिल्म डंकी है। सुश्री पन्नू के साथ बजाज आलियांज़ लाइफइंश्योरेंस के मुख्य विपणन अधिकारी चंद्रमोहन मेहरा भी उपस्थित थे।

# खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो में सीआरपीएफ की माइबाम चनचनबी ने जीता स्वर्ण



**लखनऊ।** सीआरपीएफ की माइबाम चनचनबी ने प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 का पहला स्वर्ण पदक जीता। केंद्रीय खेल व युवा कल्याण मंत्रालयए खेलो इंडिया व भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित इस चैंपियनशिप में माइबाम चनचनबी ने सीनियर अंडर.57 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में हरियाणा की मानसी चौधरी को हराकर यह सफलता हासिल की। वहीं हार के चलते मानसी चौधरी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मध्य प्रदेश की लक्ष्या शर्मा व उत्तराखंड की ममता पलारिया को संयुक्त कांस्य पदक मिला। इससे पूर्व लीग का उद्घाटन मुख्य अतिथि नितिन अग्रवाल ;आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्रीए उत्तर प्रदेश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके व बाउट की शुरुआत कराके किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने करते हुए बताया कि इस लीग में 14 राज्यों की 400 खिलाड़ी भाग ले रही है। यहां के पदक विजेता ओडिशा में 9 से 11 मार्च 2024 तक आयोजित प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग .नेशनल फेज में प्रतिभाग करेंगे।उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि इसके बाद तृतीय फेज का पुडुचेरी में 27 फरवरी से 1 मार्च 2024 तक और फिर नेशनल फेज का आयोजन होगा।

# भारतीय तीरंदाज एशिया कप की छह स्पर्धाओं के फाइनल में

**बगदाद।** भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां एशिया कप के पहले चरण में छह टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचे जिससे उन्होंने कम से कम इतने पदक पक्के कर दिए। इसमें दुनिया की पूर्व नंबर एक महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी भी शामिल हैं जो 20 महीने बाद वापसी कर रही हैं। तीन बार की ओलंपियन दीपिका मां बनने के बाद वापसी कर रही हैं। वह महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में सिमरनजीत कौर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। एलिमिनेशन दौर में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेजबान इराक को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान से होगी। महिला टीम में भजन कौर भी शामिल हैं। धीरज , प्रवीण और तरूणदीप की पुरुष रिकर्व टीम ने मेजबानों को सीधे सेट में पराजित किया और फाइनल में उनका सामना बांग्लादेश से होगा। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत ने सीरिया और कतर को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें धीरज और सिमरनजीत का सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के प्रथमेश जावकर, प्रियांश और कुशाल दलाल ने सेमीफाइनल में मेजबान इराक को 233-223 से हराकर पुरुष कम्पाउंड टीम के फाइनल में प्रवेश किया।

## भारत ने एशियाई ट्रैक साइकिलिंग में दो पैरा स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को यहां एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैम्पियनशिप के दूसरे दिन दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारत के सभी पदक पैरा वर्ग मे मिले जिसमे अरशद शेख और जलालुद्दीन अंसारी ने सी2 15 किमी स्क्रैच फाइनल मे क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक हासिल किए जबकि महिलाओ के सी2 वर्ग 15 किमी स्क्रैच रेस मे ज्योति गडेरिया विजेता रही। पवन कुमार कोमोजी ने सी3 क्लास 15 किमी स्क्रैच फाइनल मे कांस्य पदक हासिल किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ, (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।